

सूर्योदय प्रातः 5:14 | सूर्यास्त संध्या 6:36 | पखवाड़ा आषाढ़ शु. नवमी, संवत 2083 | तापमान अधिकतम 26° न्यूनतम 23°

# फ्रीडम फाइटर

राष्ट्रहित सर्वोपरि
रांची, पटना व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
रांची, गुरुवार, 23 जुलाई 2026, वर्ष : 17, अंक : 159, कुल पृष्ठ : 12, मूल्य : 2 रुपये, E-mail : freedomfighterranchi@gmail.com / epaper : https://epaper.avnpost.in/editions



**शेयर बाजार**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 76,755.05 | -715.06 (-0.92%) |
| निफ्टी | 23,996.25 | -191.45 (-0.79%) |

**सर्राफा बाजार** (प्रति 10 ग्राम)

| | |
|---|---|
| सोना (24 carat) | 1,42,590.00 |
| चांदी | 2450.00 |

# झारखंड में जल्द शुरू होगा पूर्वी भारत का पहला सरकारी एयरक्राफ्ट मेंटेनेंस इंजीनियरिंग संस्थान

- झारखंड फ्लाइंग इंस्टीट्यूट और वेन्योर के बीच एमओयू
- एयर होस्टेस प्रशिक्षण के लिए एआईएसईसीटी से भी करार
- मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन नवम्बर में राज्य स्थापना दिवस पर करेंगे पाठ्यक्रमों का शुभारम्भ
- झारखंड समेत पड़ोसी राज्यों के युवाओं को मिलेगा स्थानीय स्तर पर आधुनिक विमानन प्रशिक्षण

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : झारखंड जल्द ही पूर्वी भारत का पहला ऐसा राज्य बनने जा रहा है, जहां सरकारी स्तर पर एयरक्राफ्ट मेंटेनेंस इंजीनियरिंग (एएमई) और एयर होस्टेस प्रशिक्षण पाठ्यक्रम संचालित होंगे। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की पहल और मार्गदर्शन में झारखंड फ्लाइंग इंस्टीट्यूट ने इन पाठ्यक्रमों की शुरूआत की तैयारी पूरी कर ली है। दोनों कोर्सों का औपचारिक शुभारम्भ नवम्बर में राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री करेंगे।

एयरक्राफ्ट मेंटेनेंस इंजीनियरिंग (एएमई) पाठ्यक्रम के संचालन के लिए झारखंड फ्लाइंग इंस्टीट्यूट ने दिल्ली की संस्था मेसर्स वेन्योर के साथ एमओयू किया है। वहीं, एयर होस्टेस प्रशिक्षण के लिए एआईएसईसीटी लिमिटेड, भोपाल के साथ करार किया गया है। इन पाठ्यक्रमों का संचालन धनबाद स्थित झारखंड फ्लाइंग इंस्टीट्यूट के आधारभूत ढांचे पर पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल के तहत किया जायेगा।

राज्य सरकार के अनुसार, इन पाठ्यक्रमों के शुरू होने से झारखंड के साथ-साथ बिहार, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और छत्तीसगढ़ सहित पड़ोसी राज्यों के युवाओं को विमानन क्षेत्र में प्रशिक्षण के लिए दूर-दराज के राज्यों में नहीं जाना पड़ेगा। इससे समय और खर्च दोनों की बचत होगी।

एएमई पाठ्यक्रम में 60 सीटें निर्धारित की गयी हैं। यह तीन वर्षीय कोर्स होगा, जिसकी कुल फीस 06 लाख रुपये होगी। शुल्क का भुगतान तीन वार्षिक किस्तों में 02-02 लाख रुपये के रूप में किया जायेगा।

एयर होस्टेस प्रशिक्षण के तहत छह माह और 12 माह अवधि के दो पाठ्यक्रम संचालित होंगे। दोनों में 60-60 सीटें उपलब्ध रहेंगी। छह माह के कोर्स की फीस 1,00,500 रुपये तथा 12 माह के डिप्लोमा कोर्स की फीस 1,55,500 रुपये निर्धारित की गयी है। इस शुल्क में ड्रेस, ग्रूमिंग किट और स्विमिंग प्रशिक्षण भी शामिल रहेगा।

पाठ्यक्रमों का संचालन नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) की अनुमति मिलने के बाद शुरू किया जायेगा। एयर होस्टेस प्रशिक्षण के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 30 जुलाई निर्धारित की गयी है। इच्छुक अभ्यर्थी झारखंड फ्लाइंग इंस्टीट्यूट की वेबसाइट के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

झारखंड फ्लाइंग इंस्टीट्यूट के प्रबंध निदेशक कैप्टन एस.पी. सिन्हा ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के निर्देश पर विमानन क्षेत्र में राज्य के युवाओं को नये अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। उन्होंने कहा कि एयरक्राफ्ट मेंटेनेंस इंजीनियरिंग और ● शेष पृष्ठ 11 पर

## एक झलक

### अनंतनाग में आतंकी हमला, पुलिसकर्मी शहीद

**अनंतनाग** : जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग में बुधवार को अनंतनाग शहर में आतंकवादियों के हमले में अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात एक पुलिसकर्मी शहीद हो गया। लश्कर-ए-तैयबा के एक सहयोगी संगठन, 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए हमले की जिम्मेदारी ली है। अधिकारियों ने बताया कि अनंतनाग के लाल चौक पर गोलीबारी दोपहर करीब 12:30 बजे हुई। उन्होंने बताया कि अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात हेड कॉन्स्टेबल आशिक हुसैन हमले में घायल हो गये और उन्हें अनंतनाग के सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने हुसैन को मृत घोषित कर दिया। सुरक्षाबलों ने इलाके की घेराबंदी कर ली है और हमलावरों की धरपकड़ के लिए ऑपरेशन शुरू कर दिया है।

### सीजेपी का नड्डा के आवास पर जाने से इनकार

**नयी दिल्ली** : सोशल मीडिया अभियान कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) ने केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा के आवास पर जाकर बातचीत करने से इनकार किया है। सीजेपी ने स्पष्ट रूप से कहा कि बातचीत जंतर-मंतर पर अथवा इसके निकट किसी तटस्थ स्थान पर होनी चाहिए। सीजेपी प्रवक्ता सौरभ दास ने बुधवार को पत्रकारों से बातचीत में दावा किया कि आज सुबह पुलिस ने सीजेपी प्रतिनिधियों से संपर्क कर जानकारी दी कि केन्द्रीय मंत्री नड्डा उनसे बातचीत करना चाहते हैं और इसके लिए अपने आवास पर आने का निमंत्रण दिया है, लेकिन सीजेपी ने इस प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया।

### आमने-सामने हुए भाजपा-कांग्रेस कार्यकर्ता

**पुलिस ने चलायीं लाठियां**

**हैदराबाद** : हैदराबाद में बुधवार को उस समय तनावपूर्ण माहौल बन गया जब शहर के अलग-अलग हिस्सों में भाजपा और कांग्रेस ने अलग-अलग प्रदर्शन किये, लेकिन जब दोनों दलों के प्रदर्शनकारी आमने-सामने आ गए तो पुलिस को बीचबचाव करना पड़ा। कांग्रेस नेताओं ने नयी दिल्ली के जंतर-मंतर पर सीपीजे के प्रदर्शन के साथ एकजुटता दिखाने के लिए नामपल्ली स्थित गांधी भवन से सोमाजीगुड़ा स्थित लोक भवन तक रैली निकाली, वहीं भाजपा ने अपने प्रदेश मुख्यालय से गांधी भवन तक जवाबी रैली का आयोजन किया। भाजपा का यह प्रदर्शन राष्ट्रीय राजधानी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवास के सामने प्रदर्शन करने को लेकर राहुल गांधी समेत अन्य कांग्रेस नेताओं के खिलाफ था।

## कार्टून कोना




झारखण्ड फिल्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड व सत्यजीत रे फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट, कोलकाता के बीच हुआ एमओयू

# झारखंड प्रतिभा का धनी राज्य : हेमन्त

- झारखंड के युवाओं के कौशल विकास पर विशेष ध्यान देने की सोच को धरातल पर उतारते हुए, यह कदम कदम उठाया गया है। झारखंड फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट का मुख्य उद्देश्य हमारे युवाओं, विशेषकर मास मीडिया और सिनेमा में रुचि रखनेवाले विद्यार्थियों को विश्वस्तरीय तकनीकी प्रशिक्षण और स्किलिंग प्रदान करना है



- मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के कुशल नेतृत्व और दूरदर्शी सोच के परिणामस्वरूप ही 'झारखण्ड फिल्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड' का गठन और इस नयी पहल की नींव सम्भव हो सकी है

### सीएम ने कहा

- झारखंड में फिल्म निर्माण की अपार सम्भावनाएं
- कलाकारों को मिलेगी उड़ान
- राज्य सरकार की पहल का सकारात्मक परिणाम मिले, यही उद्देश्य
- क्रिएटिव युवाओं को मिलेगा बेहतर प्लेटफार्म
- कलाकारों के हुनर को तराशने की जरूरत, नयी तकनीक एवं विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : झारखंड के होनहार और क्रिएटिव युवाओं के लिए राज्य सरकार ने एक बेहतर प्लेटफार्म तैयार किया है। इस प्लेटफार्म का बुधवार को विधिवत रूप से झारखंड सरकार का एक अंग ₹झारखंड फिल्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड' और 'सत्यजीत रे फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट, कोलकाता' के सहयोग से स्थापित किया जा रहा है। हालांकि, इस संदर्भ में आगे काम कैसे होना है, कैसे इस संस्था को और इस प्लेटफार्म को विस्तारित किया जायेगा, इसी के लिए राज्य सरकार सत्यजीत रे फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट, कोलकाता का सहयोग ले रही है। निश्चित रूप से हम सभी लोग आज विभिन्न सोशल मीडिया, समाचार पत्रों और सूचना तंत्रों के माध्यम से कई कलाकारों की गतिविधियों को देख रहे हैं। कोई फिल्म बना रहा है, कोई रील बना रहा है, तो कोई अलग-अलग क्षेत्र में अपनी विशेषताओं को आमजनों तक पहुंचा रहा है। यूं कहा जा सकता है कि यह एक बहुत ही क्रिएटिव क्षेत्र है, जो आपको छोटे स्तर से एक बड़े व्यावसायिक क्षेत्र तक ले जाता है, जहां आप कैमरे के सामने भी होते हैं और एक बहुत बड़ी फौज कैमरे के पीछे भी होती है। व्यस्त कार्यक्रमों के बीच भी कभी कानों से सुनने तो कभी आंखों से देखने का मौका मिलता है। उक्त बातें मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने बुधवार को झारखंड मंत्रालय सभागार में आयोजित झारखण्ड फिल्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड और सत्यजीत रे फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट, कोलकाता के बीच एमओयू हस्ताक्षर समारोह को सम्बोधित करते हुए कहीं। ● शेष पृष्ठ 11 पर

सीएम ने सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई-गवर्नेंस विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा की

# झारखंड डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर की होगी मैपिंग : मुख्यमंत्री

- मुख्यमंत्री ने डेटा केन्द्रीकरण, साइबर सुरक्षा और डिजिटल सक्सेशन चार्ट को नियमित अपडेट करने के दिये निर्देश
- मुख्यमंत्री ने इंटरनेट शैडो क्षेत्रों की पहचान कर राज्यभर में डिजिटल कनेक्टिविटी के विस्तार पर दिया जोर



### मुख्यमंत्री ने कहा

- दूरस्थ और ग्रामीण क्षेत्रों तक तकनीक की पहुंच से ही साकार होगा 'डिजिटल झारखंड' का सपना
- न्यायिक सुविधाओं के आधुनिकीकरण एवं आईटी इकोसिस्टम के विकास पर हो कार्य
- साइबर सुरक्षा तंत्र को मजबूत करने पर बल
- मजबूत डेटा, सुरक्षित सिस्टम, पारदर्शी शासन
- स्टेट डेटा सेंटर को और सुदृढ़ बनाने की योजना
- पुलिस स्टेशनों में सीसीटीवी व आधुनिक तकनीक पर जोर

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने बुधवार को झारखंड मंत्रालय में सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई-गवर्नेंस विभाग के अद्यतन कार्यों एवं विभिन्न योजनाओं की प्रगति की उच्चस्तरीय समीक्षा की। बैठक में ई-गवर्नेंस परियोजनाओं, डिजिटल सेवाओं के विस्तार, साइबर सुरक्षा, डेटा प्रबंधन, सरकारी सेवाओं के डिजिटलीकरण तथा आईटी आधारित नवाचारों की विस्तृत समीक्षा की गयी। इस दौरान ॠडिजिटल झारखंड विजन 2029ॠ पर विशेष चर्चा हुई, जिसमें अधिकारियों ने आई.टी पार्क निर्माण की रूपरेखा एवं साइट प्लान प्रस्तुत किया और मुख्यमंत्री ने महत्त्वपूर्ण सुझाव दिये। साथ ही, ॠचीफ मिनिस्टर डेटा इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्मॠ के विकास पर भी विचार-विमर्श हुआ, जिसके माध्यम से सभी विभागों के डेटा एवं पोर्टलों का समेकित आकलन किया जा सकेगा। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि प्रत्येक विभाग एवं प्रत्येक जिले में आईटी अधिकारियों की नियुक्ति सुनिश्चित की जाये, ताकि कार्यप्रणाली में पारदर्शिता और दक्षता बढ़े। उन्होंने सभी विभागों के डेटा को केन्द्रीकृत प्रणाली में एकीकृत करने पर बल दिया, जिससे बेहतर समन्वय और निर्णय प्रक्रिया सुनिश्चित हो सके। बैठक में झारखंड स्टेट डेटा सेंटर को सुदृढ़ बनाने तथा डेटा की सुरक्षा एवं विश्वसनीयता सुनिश्चित करने पर भी चर्चा की गयी।

**दूरस्थ और ग्रामीण क्षेत्रों तक तकनीक पहुंचे, तभी साकार होगा डिजिटल झारखंड का सपना**

समीक्षा बैठक के दौरान मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा, ॠडिजिटल झारखंड का सपना तभी साकार होगा, जब तकनीक का लाभ राज्य के दूरस्थ एवं ग्रामीण क्षेत्रों तक प्रभावी रूप से पहुंचे। इसके लिए यह आवश्यक है कि डिजिटल सेवाओं का विस्तार अंतिम व्यक्ति तक सुनिश्चित किया जाये, ताकि कोई भी नागरिक सूचना और सेवाओं से वंचित न रहे। सूचना प्रौद्योगिकी विभाग को नवाचार, पारदर्शिता और दक्षता के साथ कार्य करते हुए यह सुनिश्चित करना होगा कि तकनीक आम लोगों के जीवन को सरल, सुलभ और सुगम बनाये।

उन्होंने आगे कहा कि आधुनिक तकनीकों के ● शेष पृष्ठ 11 पर

नीट पेपर लीक को लेकर राज्यसभा में हंगामा

# सरकार बोली...हर मुद्दे पर चर्चा को तैयार

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली** : संसद के मॉनसून सत्र के दौरान मंगलवार को राज्यसभा में नीट पेपर लीक को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक देखने को मिली। बुधवार को सदन की कार्यवाही शुरू होते ही हंगामा शुरू हो गया। दोपहर बाद कार्यवाही शुरू होने पर केन्द्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि सरकार शुरू से ही नीट पेपर लीक सहित हरेक मुद्दे पर संसद में चर्चा के लिए तैयार है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब सरकार चर्चा के लिए तैयार है तो विपक्ष नारेबाजी कर सदन की कार्यवाही क्यों बाधित कर रहा है। वहीं, सदन के नेता और केन्द्रीय मंत्री जे.पी. नड्डा ने भी कहा कि सरकार नीट पेपर लीक समेत हर मुद्दे पर बहस के लिए तैयार है।

विवाद के बाद जेपीएससी का बड़ा फैसला

# मुख्य परीक्षा के साथ सभी प्रस्तावित परीक्षाएं स्थगित

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : झारखंड लोक सेवा आयोग की 14वीं संयुक्त असैनिक सेवा परीक्षा को लेकर शुरू हुआ विवाद अब बड़े प्रशासनिक और राजनीतिक घटनाक्रम में बदल गया है। प्रारम्भिक परीक्षा (पीटी) के परिणाम पर उठे सवाल, अभ्यर्थियों के लगातार आन्दोलन, विपक्ष के विरोध, जेपीएससी अध्यक्ष एल. ख्यांगते के इस्तीफे और जांच की चचाओं के बीच आयोग ने बड़ा फैसला लेते हुए न केवल मुख्य परीक्षा, बल्कि अपनी अन्य प्रस्तावित परीक्षाओं के कार्यक्रम भी अगले आदेश तक स्थगित कर दिये हैं। 14वीं संयुक्त असैनिक सेवा प्रारम्भिक (पीटी) परीक्षा 19 अप्रैल 2026 ● शेष पृष्ठ 11 पर




### जेपीएससी अध्यक्ष का इस्तीफा मंजूर

**राज्यपाल** संतोष कुमार गंगवार ने जेपीएससी अध्यक्ष एल खियांगते का बुधवार को इस्तीफा मंजूर कर लिया है। राज्यपाल की मंजूरी के बाद इसे मुख्य सचिव के माध्यम से कार्मिक प्रशासनिक विभाग को अधिसूचना जारी करने के लिए भेज दिया गया है। आयोग के निवर्तमान अध्यक्ष ने अपने त्याग पत्र में लिखा है कि आयोग ने उनके कार्यकाल में बहुत बेहतर काम किया है। आयोग के कर्मचारियों ने भी बेहतर काम किया।

# ईआरओ/एईआरओ के दस्तावेजों का त्वरित सत्यापन अनिवार्य : के. रवि

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम, 2026 से सम्बन्धित राज्य के सभी प्रशासनिक विभागों, पुलिस अधिकारियों, केन्द्रीय संस्थानों, बैंक, रेलवे, एयरपोर्ट तथा सभी शैक्षणिक बोर्डों एवं विश्वविद्यालयों को एसआईआर के लिए नोडल पदाधिकारी नियुक्त करने हेतु अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेशानुसार झारखण्ड में 05 अगस्त 2026 से 04 सितम्बर 2026 तक मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण में दावा एवं आपत्ति दर्ज कराने की अवधि तय की गयी है, जबकि 05 अगस्त से 03 अक्टूबर 2026 के बीच इन दावा-आपत्तियों का निस्तारण किया जाना है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि जिन नागरिकों के नाम प्रारूप मतदाता सूची में प्रकाशित नहीं होंगे, वे अंतिम मतदाता सूची में नाम जुड़वाने हेतु स्वयं या अपने परिजनों के माध्यम से आवश्यक दस्तावेज सम्बन्धित निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी या सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी को समर्पित कर सकते हैं।

# धर्मेन्द्र प्रधान इस्तीफा दें, छात्रों पर कार्रवाई के लिए प्रधानमंत्री माफी मांगें : राहुल




**एजेंसी**

**नयी दिल्ली** : लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने केन्द्र सरकार पर देश की शिक्षा व्यवस्था को बर्बाद करने, पेपर लीक मामलों पर जवाबदेही तय न करने और छात्रों की आवाज दबाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में 152 से अधिक प्रश्नपत्र लीक हुए हैं, जिससे 7.5 करोड़ छात्र और उनके परिवार प्रभावित हुए हैं। उन्होंने केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान का इस्तीफा, छात्रों पर बल प्रयोग करने वालों के खिलाफ कार्रवाई और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तरफ से छात्रों से माफी की मांग की।

राहुल गांधी ने यहां कांग्रेस नये मुख्यालय इंदिरा भवन में आयोजित पत्रकार वार्ता में 20 जुलाई को छात्रों के 'संसद चलो' मार्च और जंतर-मंतर पर हुए प्रदर्शन से जुड़े वीडियो और प्रस्तुति दिखाते हुए कहा कि शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर पुलिस और सुरक्षाबलों ने बर्बर कार्रवाई की। छात्रों को पीटा गया, घसीटा गया और उनकी जायज मांगों को सुनने के बजाय दमन का रास्ता अपनाया गया।

राहुल गांधी ने कहा कि देश में शिक्षा व्यवस्था गम्भीर संकट से गुजर रही है और सरकार छात्रों की समस्याओं के प्रति बिल्कुल संवेदनशील नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि बार-बार होनेवाले पेपर लीक, परीक्षाओं में अनियमितताओं और भर्ती प्रक्रियाओं में देरी ने करोड़ों युवाओं का भविष्य दांव पर लगा दिया है। इसके बावजूद किसी भी बड़े मामले में दोषियों को सजा नहीं मिली।

राहुल गांधी ने कहा कि पिछले दस वर्षों में 152 से अधिक प्रश्नपत्र लीक हुए हैं। इन घटनाओं का सीधा असर 7.5 करोड़ छात्रों और उनके परिवारों पर पड़ा है। उन्होंने कहा कि नीट प्रश्नपत्र लीक मामले में भी अब तक किसी को प्रभावी सजा नहीं मिली और सरकार लगातार जवाबदेही से बच रही है।

उन्होंने कहा कि देश के परिवार अपने बच्चों की शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं पर भारी आर्थिक बोझ उठा रहे हैं।

### देशभर के शिक्षण संस्थानों में आज 'छात्र संवाद' आयोजित करेगी कांग्रेस

**कांग्रेस** ने पेपर लीक, परीक्षाओं में देरी, भर्ती प्रक्रिया में अनिश्चितता, शिक्षा की बढ़ती लागत और बेरोजगारी जैसे मुद्दों को लेकर चलाये जा रहे 'छात्रों की गूंज' अभियान को देशव्यापी स्तर पर विस्तार देने का ऐलान किया है। इसके तहत गुरुवार, 23 जुलाई को देशभर के कॉलेजों, विश्वविद्यालयों, कोचिंग संस्थानों, छात्रावासों और अन्य शैक्षणिक परिसरों में विशेष छात्र संवाद कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इन कार्यक्रमों में कांग्रेस नेता छात्रों से सीधे संवाद करेंगे, उनकी समस्याएं सुनेंगे, राहुल गांधी के 'छात्रों की गूंज' अभियान के उद्देश्यों से उन्हें अवगत करायेंगे तथा पेपर लीक, भर्ती परीक्षाओं में अनियमितता और बेरोजगारी जैसे मुद्दों पर चर्चा करेंगे। कांग्रेस महासचिव (संगठन) केसी वेणुगोपाल ने बुधवार को एक बयान में कहा कि देशभर के छात्र शिक्षा और रोजगार से जुड़े गम्भीर संकटों का सामना कर रहे हैं। इन मुद्दों को लेकर कांग्रेस लगातार आवाज उठा रही है और अब अभियान को सीधे छात्रों तक ले जाया जायेगा। वेणुगोपाल ने कहा कि राहुल गांधी ने 17 जून को राजस्थान के कोटा से 'छात्रों की गूंज' अभियान की शुरूआत की थी, जिसे 17 जुलाई को उत्तराखंड के देहरादून में आगे बढ़ाया गया। अभियान का उद्देश्य शिक्षा व्यवस्था को कथित भ्रष्टाचार, शोषण और अव्यवस्था से मुक्त कराना तथा छात्रों की आवाज को राष्ट्रीय विमर्श का हिस्सा बनाना है। उन्होंने आरोप लगाया कि 21 जुलाई को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा तथा अन्य विपक्षी नेताओं ने दिल्ली में छात्र प्रदर्शनकारियों पर हुई पुलिस कार्रवाई के विरोध में प्रधानमंत्री आवास के बाहर शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया था।

## एक झलक

### एसआईआर फॉर्म भरने में तेजी लायें, मतदाता सूची में नाम सुरक्षित रखें : प्रेम सिंह



**ओरमांझी :** समाजसेवी प्रेम सिंह ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत अपना एसआईआर फॉर्म जमा कर लोगों को मतदाता सूची पुनरीक्षण के प्रति जागरूक किया। इस दौरान उन्होंने आम नागरिकों से समय रहते रक्फ फॉर्म भरकर जमा करने की अपील की, ताकि किसी भी पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची से वंचित न रह जाए। प्रेम सिंह ने कहा कि लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत मतदान का अधिकार है और इसे सुरक्षित रखने के लिए प्रत्येक पात्र मतदाता को रक्फकी प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए। उन्होंने लोगों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने तथा निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार निर्धारित समय सीमा के भीतर आवश्यक दस्तावेजों के साथ फॉर्म जमा करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि जागरूक नागरिक ही मजबूत लोकतंत्र की पहचान हैं। सभी लोग अपने परिवार और आसपास के लोगों को भी रक्फफॉर्म भरने के लिए प्रेरित करें, ताकि हर पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में सुनिश्चित हो सके। इस अवसर पर स्थानीय लोगों ने भी अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने का संकल्प लिया।

### तोरपा करंट हादसा : कोचे मुंडा ने पीड़ित परिवार से मिल कर बंधाया ढाढ़स

**खूंटी :** तोरपा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक कोचे मुंडा ने बुधवार को भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ टुराटोली गांव पहुंचकर हाल ही में करंट हादसे में जान गंवाने वाले छात्र तीजेश्वर महतो के परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने शोकाकुल परिवार को सांत्वना देते हुए इस दुख की घड़ी में हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। पूर्व विधायक कोचे मुंडा ने दिवंगत छात्र को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि इतनी कम उम्र में एक होनहार छात्र का असमय निधन पूरे क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने परिजनों का हालचाल जाना और उनसे घटना की जानकारी भी ली। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिवार को इस असहनीय दुख को सहने की शक्ति देने की प्रार्थना की। कोचे मुंडा ने कहा कि ऐसी दुखद घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक सुरक्षा उपायों पर गंभीरता से काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जनसुरक्षा से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। इस अवसर पर भाजपा के मंडल अध्यक्ष सुबोध गुप्ता, महावीर साहू, राजू साहू सहित अन्य कार्यकर्ता भी मौजूद थे। सभी ने दिवंगत छात्र के प्रति श्रद्धांजलि व्यक्त की और शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदना प्रकट की। भाजपा नेताओं ने परिवार को भरोसा दिलाया कि संकट की इस घड़ी में पार्टी उनके साथ खड़ी है और हरसंभव सहयोग के लिए तत्पर रहेगी।

### मदईत परम्परा के सहारे गांवों में रफ्तार पकड़ रही धान रोपनी

**खूंटी :** जिले में पिछले दो दिनों से हुई झमाझम बारिश ने किसानों के चेहरों पर खुशी लौटा दी है। पर्याप्त वर्षा होने से खेतों में पानी भर गया है और अब धान की रोपाई का कार्य तेजी से शुरू हो गया है। गांव-गांव में खेती-किसानी का माहौल पूरी तरह जीवंत हो उठा है। सुबह होते ही किसान अपने परिवार के साथ खेतों में पहुंच रहे हैं और धनरोपनी के कार्य में जुट जा रहे हैं। इस दौरान खेतों में हर ओर उत्साह और रौनक देखने को मिल रही है। खेतों में महिलाएं कतारबद्ध होकर धान के बिचड़े रोपती नजर आ रही हैं, जबकि पुरुष किसान खेत तैयार करने, हल चलाने और अन्य कृषि कार्यों में व्यस्त हैं। कई स्थानों पर छोटे बच्चे भी अपने माता-पिता और परिजनों का हाथ बंटाते दिखाई दे रहे हैं। तोरपा के किसान शिव शंकर साहू और निधिया के रंजीत महतो कहते हैं कि समय पर हुई बारिश से इस वर्ष अच्छी पैदावार की उम्मीद बढ़ गई है। उनका मानना है कि यदि मौसम इसी तरह अनुकूल रहा तो धान की फसल बेहतर होगी और आर्थिक स्थिति भी मजबूत होगी।

## उपायुक्त ने किया अंचल कार्यालय गोला का निरीक्षण

# कार्यों में लापरवाही पर सख्त कार्रवाई

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गोला (रामगढ़) :** रामगढ़ उपायुक्त ऋतुराज ने बुधवार को अंचल कार्यालय गोला का निरीक्षण कर कार्यालय के विभिन्न शाखाओं में संचालित कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान कार्यालय में अभिलेखों के संधारण, राजस्व से संबंधित कार्यों, स्थापना शाखा, दाखिल-खारिज, वन अधिकार, आपदा राहत, जाति, आय, आवासीय सहित अन्य प्रमाण पत्रों के निष्पादन की स्थिति का गहन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में कई कार्यों में गंभीर अनियमितता एवं अपेक्षित प्रगति नहीं पाए जाने पर उपायुक्त ने कड़ी



नाराजगी व्यक्त की। कार्यालय के एक कर्मी द्वारा कार्यों के निष्पादन में गंभीर लापरवाही पाए जाने पर उसे निलंबित करने की कार्रवाई करने का निर्देश दिया। वहीं अंचल कार्यालय के कार्य निष्पादन से असंतुष्ट होते हुए उपायुक्त ने अंचल अधिकारी सहित कार्यालय के सभी अधिकारियों एवं कर्मियों का वेतन अगले आदेश तक बंद रखने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया। उपायुक्त ने स्थापना से संबंधित सभी अभिलेखों एवं कार्यों को शीघ्र अद्यतन करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कार्यालय के सभी अभिलेख नियमों के अनुरूप संधारित किए जाएं तथा किसी भी प्रकार की त्रुटि या लंबित कार्य स्वीकार्य नहीं होंगे। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने राजस्व अभिलेखों के महत्वपूर्ण दस्तावेज पंजी-2 की भी जांच की। उन्होंने निर्देश दिया कि पंजी-2 का संधारण पूरी पारदर्शिता एवं नियमानुसार किया जाए तथा इसके डिजिटाइजेशन की प्रक्रिया में तेजी लाते हुए निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य पूर्ण किया जाए, ताकि भूमि संबंधी अभिलेखों का संरक्षण एवं आम नागरिकों को सेवाएं उपलब्ध कराने में सुविधा हो। राजस्व संग्रह की समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने राजस्व वसूली की स्थिति पर असंतोष व्यक्त करते हुए इसमें उल्लेखनीय वृद्धि सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि रसीद निर्गत करने एवं लंबित राजस्व वसूली में तेजी लाने के उद्देश्य से विशेष शिविरों का आयोजन किया जाए, जिससे अधिक से अधिक लोगों को राजस्व संबंधी सेवाओं का लाभ मिल सके तथा राजस्व संग्रह में वृद्धि हो। वन अधिकार अधिनियम के तहत लंबित मामलों, आपदा राहत से संबंधित प्रकरणों, दाखिल-खारिज आवेदनों, मिटा पोर्टल पर लंबित मामलों, जाति, आय एवं आवासीय प्रमाण पत्र सहित अन्य प्रमाण पत्रों के निष्पादन की समीक्षा के दौरान भी उपायुक्त ने कार्यों की प्रगति को असंतोषजनक पाया।

## रामगढ़ सिविल कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी से मचा हड़कंप



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ व्यवहार न्यायालय को बम से उड़ाने धमकी के बाद जिला प्रशासन और पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया पुलिस ने बम निरोधक दस्तै और डॉग स्क्वॉड की टीम के साथ कोर्ट परिसर की सघन जांच की। पूरे कोर्ट परिसर में तलाशी अभियान शुरू कर दिया। सुरक्षा के दृष्टि के मद्देनजर कोर्ट परिसर में आने-जाने वाले लोगों की जांच बढ़ा दी गई है। धमकी के बाद पुलिस ने एहतियातन पूरे परिसर को अपने कब्जे में लेकर हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही है। तलाशी अभियान के दौरान कोर्ट परिसर के सभी कमरों, कार्यालयों और आसपास के क्षेत्रों की गहन जांच की गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार धमकी किस माध्यम से मिली और इसके पीछे कौन लोग हैं, इसकी जांच की जा रही है। फिलहाल पुलिस किसी भी संभावना से इनकार नहीं कर रही है।

## बेड़ो के बूथों पर एसआईआर गणना प्रपत्र फॉर्म भरने का कार्य जारी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो :** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण एसआइआर के तहत बेड़ो प्रखंड क्षेत्र के सभी मतदान केंद्रों पर गणना प्रपत्र फॉर्म भरने का कार्य तेजी से चल रहा है। प्रखंड प्रशासन के निर्देश पर बीएलओ अपने-अपने बूथ क्षेत्रों में घर-घर जाकर मतदाताओं की गणना कर रहे हैं। इस दौरान नए मतदाताओं को जोड़ना, मृतकों का नाम हटाना, डुप्लिकेट एंट्री हटाना और पते में संशोधन का काम किया जा रहा है। वहीं प्रखंड मुख्यालय स्थित राजकीय कृत मध्य विद्यालय बेड़ो बालक सहित प्रखंड के सभी बूथों पर फॉर्म जमा करने के लिए विशेष शिविर लगाए गए हैं।बेड़ो में बीएलओ शैलयानी धान,रुणा एक्का ने लोगों को फॉर्म भरने में मदद कर रहे हैं। जिससे कोई भी पात्र मतदाता छूट न जाए। इधर प्रखंड प्रशासन ने प्रखंड के सभी नागरिकों से अपील की है कि बीएलओ के आने पर सही जानकारी दें और गणना प्रपत्र में अपना विवरण जरूर भरवाएं। साथ ही जिनका नाम मतदाता सूची में नहीं है या उसमें कोई त्रुटि है, वे बीएलओ से संपर्क कर फॉर्म जमा कर सकते हैं। एसआईआर का मुख्य उद्देश्य त्रुटिरहित और अद्यतन मतदाता सूची तैयार करना है, जिससे आगामी चुनाव में कोई भी योग्य मतदाता अपने मताधिकार से वंचित न रहे।

**मतदाताओं से गणना प्रपत्र भरकर जमा करने की अपील**

**प्रखंड** प्रशासन ने प्रखंड के सभी मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि प्रखंड मुख्यालय सहित प्रखंड क्षेत्र में एसआईआर का दूसरा चरण सुचारू रूप से चल रहा है। उन्होंने प्रखंड के सभी मतदाताओं से इस महत्वपूर्ण और समयबद्ध प्रक्रिया में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। एसआईआर का यह दूसरा चरण 30 जून से शुरू हुआ है। यह 29 जुलाई तक जारी रहेगा। यह पूरी प्रक्रिया समयबद्ध है। इसे 30 जुलाई तक हर हाल में संपन्न कर लिया जाए। यदि किसी कारणवश किसी मतदाता को गणना प्रपत्र प्राप्त नहीं हुआ है, तो वे तुरंत प्रपत्र प्राप्त करें। वे उसे भरकर अपने बीएलओ को वापस लौटाएं।

## लापता किशोरी 24 घंटों में हजारीबाग से सकुशल बरामद

**खूंटी :** खूंटी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कर्रा थाना क्षेत्र के बमरजा पंचायत से 16 वर्षीय लापता किशोरी को 24 घंटे के अंदर हजारीबाग जिले के चुरचु थाना क्षेत्र से सकुशल बरामद कर लिया। बालिका को सुरक्षित उसके परिजनों को सौंप दिया गया है। कर्रा थाना क्षेत्र से बालिका के लापता होने की सूचना मिलते ही खूंटी पुलिस की टीम सक्रिय हो गई। हजारीबाग पुलिस के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर पुलिस ने तकनीकी और मानवीय सूचना के आधार पर छापेमारी की। इसके बाद बालिका को हजारीबाग के चुरचु से सुरक्षित बरामद कर लिया गया। पुलिस की ओर से बुधवार को दी गई जानकारी के अनुसार, बरामदगी के बाद बालिका की चिकित्सीय जांच कराई गई। वह पूरी तरह सुरक्षित पाई गई।

## चोरों ने जनता टॉकीज को बनाया निशाना, कई सामान चोरी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**भुरकुंडा :** भुरकुंडा कोयलांचल में त्योहारों के मौसम से पहले चोरी-चकारी का कथित 'सीजन' आ ही जाता है। इस वर्ष चोरों के हौसले कुछ ज्यादा ही बुलंद दिख रहे हैं। जहां विगत दिनों दुकानों में चोरी का सिलसिला शुरू हुआ, वहीं बिजली केबल की लगातार चोरियों से सौंदा 'डी' के लोग हलकान हैं। इधर, बेखौफ चोरों ने भुरकुंडा बाजार स्थित जनता टॉकीज को भी निशाना बनाया है। सिनेमा हॉल से एयर कंडीशनर का कंप्रेशर, एयर कंडीशनर का स्टेबलाइजर, पांच केवी का स्टेबलाइजर, साउंड एंप्लीफायर और दो सीलिंग फैन की चोरी कर ली गई है। मिली जानकारी के अनुसार सिनेमा हॉल का संचालन विगत तीन माह से बंद है। संचालन की जिम्मेदारी संभाल रहे संतोष



कुमार मिश्रा किसी आवश्यक काम से बाहर गए थे और तकरीबन दो माह बाद वे भुरकुंडा लौटे हैं। बुधवार की सुबह साफ-सफाई के लिए जब हॉल खोला गया तो अंदर का ताला टूटा हुआ और सामान बिखरा पाया गया। अंदर जाकर देखने पर कई सामान गायब पाए गए। मामले की सूचना पर पहुंची पुलिस ने हॉल में जांच-पड़ताल की। इधर, अनुमान लगाया जा रहा की पीछे की साइड से चोर हॉल में प्रवेश कर गए और ताला तोड़कर वारदात को अंजाम दे दिया। चोरी के संबंध में संतोष कुमार मिश्रा ने भुरकुंडा ओपी में लिखित आवेदन देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। बताया जाता है कि वर्ष 1967 में स्थापित हुए जनता टॉकीज में चोरी की यह पहली घटना है। सिनेमा हॉल में चोरी से स्थानीय लोग हैरत में हैं। क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था पर सवालिया निशान खड़े हो रहे हैं।

## किसी भी पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची से छूटे नहीं : रवि मिश्रा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**खूंटी :** विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत बुधवार को जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं ने जिले के विभिन्न मतदान केंद्रों पर पहुंचकर बीएलओ के साथ समन्वय स्थापित किया और पात्र लोगों के नाम मतदाता सूची में जोड़ने में सहयोग किया। यह अभियान जिला कांग्रेस अध्यक्ष रवि मिश्रा के निर्देश पर चलाया गया। पार्टी की ओर से सभी बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय रहने का निर्देश दिया गया था। कार्यकर्ताओं ने बीएलओ से मुलाकात कर मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य में सहयोग किया और योग्य मतदाताओं के नाम दर्ज कराने में सहायता की। अभियान में जिला कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने भी भाग लिया। उन्होंने मंडल अध्यक्षों के साथ विभिन्न बूथों का दौरा कर बीएलओ को आवश्यक सहयोग प्रदान किया और मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने के प्रयासों में भागीदारी निभाई। जिला अध्यक्ष रवि मिश्रा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि पार्टी का उद्देश्य जिले के किसी भी पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची से छूटने नहीं देना है। जिला कांग्रेस कमेटी ने सभी कार्यकर्ताओं से एसआईआर प्रक्रिया पूरी होने तक बूथ स्तर पर सक्रिय रहकर लोगों को जागरूक करने और बीएलओ का सहयोग करने की अपील की।

## विद्यालयों के समीप तंबाकू बिक्री पर बरलंगा पुलिस की बड़ी कार्रवाई, जुर्माना वसूला



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गोला (रामगढ़) :** बरलंगा थाना प्रभारी के नेतृत्व में बुधवार को बरलंगा चौक एवं उच्च विद्यालय बरलंगा के आसपास संचालित दुकानों और गुमटियों में विशेष अभियान चलाकर सिगरेट, गुटखा, तंबाकू एवं अन्य नशीले तंबाकू उत्पाद बेचने वाले दुकानदारों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले दुकानदारों से सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद (विज्ञापन का प्रतिषेध तथा व्यापार, उत्पादन, आपूर्ति एवं वितरण का विनियमन) अधिनियम, 2003 के प्रावधानों के तहत जुमार्ना वसूला गया। थाना प्रभारी ने सभी दुकानदारों को स्पष्ट निर्देश दिया कि किसी भी विद्यालय, महाविद्यालय अथवा अन्य शिक्षण संस्थान की 100 गज की परिधि के भीतर सिगरेट, गुटखा, तंबाकू एवं अन्य तंबाकू उत्पादों की बिक्री कानूनन प्रतिबंधित है। उन्होंने चेतावनी दी कि भविष्य में नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध और कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अभियान के दौरान पुलिस ने दुकानदारों एवं स्थानीय लोगों को तंबाकू और धूम्रपान से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति भी जागरूक किया। बताया गया कि विद्यालयों के आसपास तंबाकू उत्पादों की बिक्री से बच्चों एवं किशोरों में नशे की प्रवृत्ति बढ़ने का खतरा रहता है, जिससे उनके स्वास्थ्य, शिक्षा और भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। स्थानीय लोगों ने बरलंगा पुलिस की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि क्षेत्र के कई सरकारी एवं निजी विद्यालयों के आसपास अब भी तंबाकू उत्पादों की बिक्री की शिकायतें मिलती रहती हैं। ऐसे सभी स्थानों पर नियमित जांच अभियान चलाकर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए तो बच्चों को नशे की लत से बचाने तथा समाज को तंबाकू मुक्त बनाने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण और जनहितकारी कदम साबित होगा।

## गोला प्रखंड के विभिन्न मतदान केन्द्रों पर चुनावी पाठशाला एवं बीएलओ-बीएलए-2 की संयुक्त बैठक सम्पन्न



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गोला (रामगढ़) :** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत गोला प्रखंड के विभिन्न मतदान केंद्रों पर चुनावी पाठशाला एवं बीएलओझबीएलए-2 की संयुक्त बैठक का सफल आयोजन किया गया। बैठक का उद्देश्य मतदाता सूची को त्रुटिरहित, अद्यतन एवं पारदर्शी बनाना तथा निर्वाचन प्रक्रिया को प्रभावी ढंग से संचालित करना था। इस अवसर पर कॉंग्रेस के जिला प्रभारी शिवकुमार भगत एवं रामगढ़ विधानसभा प्रभारी राजीव रंजन राजू ने प्रखंड के विभिन्न मतदान केंद्रों का दौरा कर बैठक में भाग लिया तथा विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने बीएलओ एवं बीएलए-2 से निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप पूरी निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करने का आग्रह किया। बैठक के दौरान बीएलओ एवं बीएलए-2 की तृतीय बैठक तथा निर्वाचन पाठशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रारूप मतदाता सूची एवं एएसडीडीएफ सूची का गहन सत्यापन कर आवश्यक सुधारों के साथ उसे अंतिम रूप देने की प्रक्रिया पूरी की गई। साथ ही नए मतदाताओं के नाम जोड़ने, मृत एवं स्थानांतरित मतदाताओं के नाम विलोपित करने तथा मतदाता सूची को त्रुटिरहित एवं अद्यतन बनाने पर विशेष जोर दिया गया।

## जगन्नाथ महोत्सव में बेड़ो के कलाकारों ने बिखेरा जलवा

- नागपुरी लोकगीत-नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति, पद्मश्री मधु मंसूरी हंसमुख व मनपूरण नायक ने किया सम्मानित



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो :** राजधानी रांची के जगन्नाथपुर में आयोजित दस दिवसीय जगन्नाथ महोत्सव में बेड़ो के कलाकारों ने अपनी शानदार प्रस्तुति से नागपुरी लोक संस्कृति की अलग पहचान बनाई। सांस्कृतिक कार्य निदेशालय, पर्यटन, कला, संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखंड सरकार के सौजन्य से आयोजित महोत्सव में डुमरदोन स्थित आदि ताल लोक कला मंच के कलाकारों ने 21 जुलाई को नागपुरी लोकगीत एवं लोकनृत्य की मनमोहक प्रस्तुति देकर दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। दल का नेतृत्व अंतरराष्ट्रीय बांसुरी वादक एवं झारखंड विभूति मनरखन बड़ाईक ने किया। मंच पर लोक गायिका मनी देवी की प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनके साथ मांदर सम्राट सिलास बड़ा, मिथुन महली, रमेश महली, छटु, बसंती देवी, मीना, ज्योति, संध्या, रोहन महतो, सुशीला, रीना और लक्ष्मी ने भी अपनी लोक कला का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के समापन पर सभी कलाकारों को पद्मश्री मधु मंसूरी हंसमुख एवं मांदर सम्राट मनपूरण नायक ने प्रशस्ति पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर कलाकारों की प्रस्तुति की सराहना करते हुए लोक संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन में उनके योगदान की प्रशंसा की गई। दल के नेतृत्वकर्ता मनरखन बड़ाईक ने बताया कि आदि ताल लोक कला मंच के सभी कलाकार झारखंड सरकार के सांस्कृतिक कार्य निदेशालय के सीटीएमएस सीटीएमएस पोर्टल पर पंजीकृत हैं। और राज्य की समृद्ध लोक संस्कृति को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मंचों तक पहुंचाने का लगातार प्रयास कर रहे हैं।

## दो साल बाद भी शुरू नहीं हुआ सड़क निर्माण का कार्य

# विधायक प्रतिनिधि कमलेश महतो ने उपायुक्त से की कार्रवाई की मांग

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गोला (रामगढ़) :** मुख्यमंत्री ग्राम सुदृढ़ीकरण योजना के तहत बरियातु बाजार टांड़ से साड़म होते हुए माचा टांड़ तक लगभग 6.95 किलोमीटर सड़क के सुदृढ़ीकरण कार्य में वर्षों की देरी को लेकर क्षेत्रवासियों में गहरा आक्रोश है। विधायक प्रतिनिधि (स्वास्थ्य विभाग) एवं कांग्रेस सोशल मीडिया के जिलाध्यक्ष कमलेश कुमार महतो ने उपायुक्त रामगढ़ को आवेदन सौंपकर निर्माण कार्य तत्काल शुरू कराने तथा लापरवाह संवेदक पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। आवेदन में कहा गया है कि इस सड़क की निविदा 29 मार्च 2023 को जारी




हुई थी और कार्य क्लासिक इंजिकॉम को आवंटित किया गया। 10 सितंबर 2024 को जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में शिलान्यास भी हुआ, लेकिन आज तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका। परिणामस्वरूप सड़क की स्थिति लगातार बदतर होती जा रही है और ग्रामीणों को रोजाना जान जोखिम में डालकर आवागमन करना पड़ रहा है। कमलेश कुमार महतो ने कहा कि यह केवल एक सड़क की समस्या नहीं है, बल्कि गोला प्रखंड में कई ऐसी सड़कें हैं जिनका शिलान्यास तो हो गया, लेकिन निर्माण कार्य अब तक शुरू नहीं हुआ। इससे सरकार की विकास योजनाओं पर सवाल उठ रहे हैं और ग्रामीणों में निराशा बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि बरसात के दिनों में स्थिति और भी भयावह हो जाती है। कीचड़ और जलजमाव के कारण गर्भवती महिलाओं, गंभीर मरीजों, स्कूली बच्चों एवं किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कई बार मरीजों को समय पर अस्पताल पहुंचाना भी चुनौती बन जाता है, जिससे दुर्घटना और अनहोनी की आशंका बनी रहती है। विधायक प्रतिनिधि ने उपायुक्त से मांग की है कि संबंधित संवेदक को अविलंब निर्माण कार्य शुरू करने का निर्देश दिया जाए। यदि निर्धारित अवधि में कार्य प्रारंभ नहीं होता है तो संवेदक को ब्लैकलिस्ट कर किसी सक्षम एजेंसी को कार्य सौंपा जाए, ताकि क्षेत्रवासियों को वर्षों से लंबित बेहतर सड़क सुविधा मिल सके।

## टूटी-जर्जर सड़कें व चौक-चौराहों पर फैली बजबजाती गंदगी बेड़ो की पहचान

# केशा मोड़ से बारीडीह तक गड्ढे, जलजमाव और कचरे से त्रस्त है बेड़ोवासी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो :** बेड़ो होकर गुजरने वाली रांची-गुमला मुख्य मार्ग पर स्थित प्रखंड मुख्यालय बेड़ो में विकास के दावों और जमीनी हकीकत का अंतर साफ दिख रहा है। यहां टूटी-जर्जर सड़कें और चौक-चौराहों पर फैली बजबजाती गंदगी ही अब बेड़ो की पहचान बन गई है। आये दिन हो रही दुर्घटनाओ के बावजूद जिम्मेदार गंभीर नहीं है। जबकि यहा बड़े-बड़े गढ्ढे बन गए हैं। वहां आए दिन माल वाहक गाड़ियां फंस जा रही है। ऑटो पलट जा रहे हैं। बुधवार को एक एस्बेस्टस लदा मालवाहक ऑटो पलट गया। चालक सहित दो लोग घायल हो गए। रांची-गुमला मार्ग पर केशा मोड़ से बारीडीह गांव तक यह सड़क पूरी तरह टूटकर गड्ढों



में बदल गई है। बारिश के बाद इन गड्ढों में जलजमाव हो जाता है, जिससे रोजाना दोपहिया- तीन पहिया वाहन चालक गिरकर घायल हो रहे हैं। बेड़ो में प्रवेश करते ही मुख्य मार्ग पर जलजमाव के कारण लोगों को आने-जाने में भारी दिक्कत हो रही है। जबकि यही सड़क झारखंड की प्रसिद्ध बेड़ो सब्जी मंडी, कॉलेज, स्कूल, प्रखंड कार्यालय, थाना, डीएसपी कार्यालय और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को जोड़ती है। जिसमें दर्जनों पदाधिकारी रोज इसी रास्ते से गुजरते हैं, बावजूद इसके जिम्मेदार आंख-कान बंद कर निकल जाते हैं।


**गंदगी और बदबू से बीमारियों का खतरा**

**सड़क** किनारे नालियों में गंदा पानी जमा है। बदबूदार पानी सड़क पर बह रहा है। चौक-चौराहों पर कचरे के अंबार लगे हैं। गंदगी के कारण मच्छर पनप रहे हैं। पिछले दो वर्षों में यहां डेंगू जैसी बीमारियां भी फैल चुकी हैं। ग्रामीणों का कहना है कि महीनों से फॉगिंग तक नहीं हुई है। सबसे ज्यादा परेशानी किसानों और व्यापारियों को है। बेड़ो सब्जी मंडी झारखंड की सबसे बड़ी मंडियों में है। यहां से सब्जियां छत्तीसगढ़, बंगाल, बिहार समेत कई राज्यों में जाती हैं। लेकिन सड़क टूटने और गंदगी-जलजमाव के कारण किसानों को मंडी तक सामान लाने में भारी दिक्कत हो रही है।

**25 साल बाद भी बदहाली**

**ग्रामीणों** व छात्रों का कहना है कि झारखंड बनने के 25 वर्ष बाद भी बेड़ो प्रखंड मुख्यालय बदहाली पर आंसू बहा रहा है। सरकार की मंशा थी कि गांव के लोगों को काम के लिए शहर न जाना पड़े, लेकिन प्रखंड मुख्यालय होने के बाद भी यहां मूलभूत सुविधा नहीं मिल रही है। इधर स्थानीय लोगों ने सरकार और संबंधित विभाग से तत्काल सड़क की मरम्मत व नाली की सफाई कराने की मांग की है।

## शांतिपूर्ण आंदोलन लोकतंत्र की खूबसूरती, छात्रों के मुद्दे पर राजनीति नहीं हो : अन्नावादी इंसाफ पार्टी



**रांची :** अन्नावादी इंसाफ पार्टी ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर छात्रों के आंदोलन को लेकर विपक्ष पर राजनीतिक लाभ के लिए आंदोलन को भड़काने का आरोप लगाया है। पार्टी के केंद्रीय संयोजक एवं अधिवक्ता कफीलूर रहमान ने मंगलवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि शांतिपूर्ण आंदोलन लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत और उसकी खूबसूरती है, लेकिन छात्रों के शांतिपूर्ण प्रदर्शन को विपक्ष, विशेषकर कांग्रेस ने अपने राजनीतिक हित के लिए हाइजैक कर हिंसक बनाने का प्रयास किया। कफीलूर रहमान ने कहा कि वर्ष 2013 में भ्रष्टाचार के विरुद्ध वरिष्ठ समाजसेवी अन्ना हजारे के नेतृत्व में चले जनलोकपाल आंदोलन को देशभर के करोड़ों लोगों का समर्थन मिला था। उस समय केंद्र में कांग्रेस सरकार और विपक्ष में भाजपा थी। कई दिनों तक चले शांतिपूर्ण आंदोलन के कारण ही सरकार को जनता की मांग के आगे झुकना पड़ा। उन्होंने कहा कि यदि वह आंदोलन हिंसक हो जाता तो लोकपाल कानून बनना संभव नहीं हो पाता। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान में छात्रों का आंदोलन उनकी जायज मांगों को लेकर शुरू हुआ था, लेकिन विपक्ष ने उसे राजनीतिक मंच बनाकर उसका स्वरूप बदलने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि देश पहले से कई चुनौतियों का सामना कर रहा है और ऐसे समय में राजनीतिक दलों द्वारा अराजकता फैलाना देशहित में नहीं है। अन्नावादी इंसाफ पार्टी ने केंद्र सरकार से छात्रों की उचित मांगों पर शीघ्र विचार करते हुए सकारात्मक पहल करने तथा बातचीत के माध्यम से आंदोलन का शांतिपूर्ण समाधान निकालने की अपील की है। यह बयान पार्टी के केंद्रीय संयोजक अधिवक्ता कफीलूर रहमान द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में दिया गया।

## एक झलक

### बैंक ऑफ बड़ौदा ने मनाया 119वां स्थापना दिवस



रांची : 20 जुलाई 2026 देश के अग्रणी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में से एक बैंक ऑफ बड़ौदा ने आज अपना 119वां स्थापना दिवस उत्साह एवं गरिमा के साथ मनाया। इस अवसर पर बैंक ऑफ बड़ौदा क्षेत्रीय कार्यालय राँची द्वारा सीआईपी केम्पस कांके राँची में 119 वृक्षारोपण, बाइक रैली, केके कटिंग एवं सेवानिवृत्त कर्मचारियों को क्षेत्रीय कार्यालय के प्रांगण में सम्मानित किया गया। 20 जुलाई 1908 को स्थापित बैंक ऑफ बड़ौदा आज देश-विदेश में अपनी मजबूत उपस्थिति के साथ करोड़ों ग्राहकों को आधुनिक बैंकिंग सेवाएँ उपलब्ध करा रहा है। बैंक वित्तीय समावेशन, डिजिटल परिवर्तन, कृषि, एमएसएमई, महिला सशक्तिकरण तथा सामाजिक उत्तरदायित्व के क्षेत्रों में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। इस अवसर पर बैंक के वरिष्ठ अधिकारियों ने सभी ग्राहकों, कर्मचारियों, पेंशनभोगियों एवं हितधारकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बैंक आने वाले वर्षों में भी विश्वास, पारदर्शिता, नवाचार और ग्राहक-केंद्रित सेवाओं के माध्यम से राष्ट्र के आर्थिक विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहेगा।

### अदाणी फाउंडेशन ने मरीजों के बीच किया पोषण आहार किट का वितरण

रांची : गोंदुलपारा खनन परियोजना के तहत अदाणी फाउंडेशन ने बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चालू वित्तीय वर्ष के प्रथम टीबी न्यूट्रिशन किट वितरण शिविर का आयोजन किया। स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में टीबी मरीजों के बीच पोषण संबंधी जागरूकता फैलाने के साथ उन्हें आवश्यक पोषक आहार उपलब्ध कराया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सीनियर टीबी सुपरवाइजर दीपक कुमार तथा गोंदुलपारा खनन परियोजना के सुरक्षा प्रमुख वीपी सिंह उपस्थित रहे। इस अवसर पर अदाणी फाउंडेशन की ओर से 80 टीबी मरीजों को न्यूट्रिशन किट वितरित किए गए। किट में मरीजों के बेहतर पोषण और शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के लिए आवश्यक खाद्य सामग्री शामिल थी। इस दौरान स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने बताया कि टीबी जैसी बीमारी से पूरी तरह उबरने के लिए नियमित दवा के साथ संतुलित एवं पौष्टिक आहार भी उतना ही आवश्यक है। मरीजों से चिकित्सकीय सलाह के अनुसार उपचार लगातार जारी रखने तथा बीच में दवा नहीं छोड़ने की अपील की गई। साथ ही उपस्थित लोगों से टीबी के प्रति जागरूकता फैलाने और रोग के लक्षण दिखाई देने पर समय पर जांच कराने का भी आग्रह किया गया।

### जेपीएससी की 14वीं पीटी परीक्षा रद्द कर, सीबीआई से जांच कराये सरकार : आजसू

रांची : आजसू पार्टी ने 14 वीं जेपीएससी संयुक्त सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा (पीटी) को रद्द कर इसकी सीबीआई से जांच कराने की मांग की है। पार्टी के हरमू स्थित कार्यालय में प्रेस वार्ता में मुख्य प्रवक्ता देवशरण भगत और केंद्रीय महासचिव लंबोदर महतो ने कहा कि राज्य सरकार पीटी परीक्षा में हुई गड़बड़ी की लीपापोती का प्रयास बंद करे। उन्होंने कहा कि जेपीएससी की ओर से आयोजित की जा रही प्रतियोगी परीक्षाओं में घपला करने के लिए ही ब्लैकलिस्टेड कंपनी की सेवाएं ली जा रही थीं। इस प्रकरण में राज्य की छवि पर एक और दाग लग गया है। लम्बोदर महतो ने कहा कि जिस निजी एजेंसी टीडीपीएल के संबंध में कई राज्यों में कार्रवाई और प्रतिबंध की बातें सामने आती रही है, उसी एजेंसी से परीक्षा कराना गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने आरोप लगाया कि परीक्षा संचालन में निजी एजेंसी की भूमिका, आयोग के अध्यक्ष का इस्तीफा और जेपीएससी कार्यालय में सीआईडी की छापेमारी पूरे प्रकरण को और अधिक संदेहास्पद बनाती है।

## झारखंड में स्लॉटर हाउस नियमावली पर सरकार ने मांगा एक माह का समय

# हाई कोर्ट में 20 अगस्त को होगी अगली सुनवाई

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : झारखंड उच्च न्यायालय ने राजधानी रांची सहित राज्यभर में दुकानों पर खुलेआम कटे हुए बकरे और चिकन के प्रदर्शन एवं बिक्री के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर बुधवार को सुनवाई की। इस दौरान राज्य सरकार ने स्लॉटर हाउस (वधशाला) के संचालन के लिए नियमावली (रूल्स एंड रेगुलेशंस) तैयार करने के लिए एक माह का समय मांगा। अदालत ने सरकार का पक्ष सुनने के बाद मामले की अगली सुनवाई के लिए 20 अगस्त की तिथि निर्धारित की है। मुख्य न्यायाधीश एम.एस. सोनक और न्यायमूर्ति




राजेश शंकर की खंडपीठ के समक्ष राज्य सरकार की ओर से बताया गया कि स्लॉटर हाउस के लिए नियमावली का मसौदा तैयार कर वित्त विभाग को भेज दिया गया है। वित्त विभाग से मंजूरी मिलने के बाद इसे कैबिनेट की स्वीकृति के लिए प्रस्तुत किया जाएगा। सरकार ने इस पूरी प्रक्रिया को पूरा करने के लिए न्यायालय से एक माह का समय देने का आग्रह किया। सरकार की दलील पर विचार करने के बाद खंडपीठ ने मामले की अगली सुनवाई 20 अगस्त को निर्धारित की। अदालत ने संकेत दिया कि अगली सुनवाई के दौरान नियमावली तैयार करने की दिशा में हुई प्रगति की भी समीक्षा की जाएगी। उल्लेखनीय है कि इस मामले में श्यामानंद पांडेय ने जनहित याचिका दायर की है। याचिका में कहा गया है कि रांची सहित राज्य के विभिन्न शहरों में अनेक मीट विक्रेता दुकानों के बाहर खुलेआम कटे हुए बकरे और चिकन का प्रदर्शन करते हुए उनकी बिक्री करते हैं। याचिकाकर्ता का कहना है कि यह व्यवस्था खाद्य सुरक्षा एवं स्वच्छता संबंधी निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं है। याचिका में यह भी कहा गया है कि खुले में मांस का प्रदर्शन और बिक्री संबंधित नियमों एवं दिशानिर्देशों के विपरीत है। साथ ही, यह उच्चतम न्यायालय द्वारा समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों का भी उल्लंघन है। याचिकाकर्ता ने अदालत से राज्य सरकार को इस संबंध में स्पष्ट नियम लागू करने तथा खुले में मांस के प्रदर्शन और बिक्री पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करने का निर्देश देने की मांग की है।

## स्वामी सदानंद महाराज ने सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम का किया दौरा, 50 नये आधुनिक बिस्तर लगाने की घोषणा



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : प्रणामी ट्रस्ट, पुंदाग की ओर से संचालित सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम (सत्य प्रेम सभागार) में बुधवार को स्वामी सदानंद महाराज ने आश्रम का दौरा कर वहां रह रहे निराश्रितजनों एवं सेवादारों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने आश्रम की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और जरूरतमंदों के लिए सुविधाओं के विस्तार की घोषणा करते हुए कहा कि आश्रम में शीघ्र ही 50 आधुनिक सुविधायुक्त नए बेड लगाए जाएंगे। इससे अधिक संख्या में निराश्रित एवं असहाय लोगों को सम्मानजनक आश्रय और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी। दौरे के दौरान स्वामी सदानंद महाराज ने आश्रम में रह रहे लोगों के स्वास्थ्य, भोजन, आवास, चिकित्सा और अन्य दैनिक आवश्यकताओं की जानकारी ली। उन्होंने आश्रम में उपलब्ध व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि किसी भी निराश्रित या असहाय व्यक्ति को स्वयं को उपेक्षित महसूस नहीं होना चाहिए। समाज के प्रत्येक सक्षम व्यक्ति का नैतिक दायित्व है कि वह ऐसे सेवा कार्यों में आगे बढ़कर सहयोग करे। उन्होंने कहा कि मानव सेवा ही सच्ची प्रभु सेवा है। किसी पीड़ित और जरूरतमंद व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान लाना जीवन की सबसे बड़ी सार्थकता है। उन्होंने समाज से सेवा, करुणा और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना के साथ ऐसे मानवीय कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया।

## जनहित सेवा ट्रस्ट ने 51 जोड़ों का कराया सामूहिक विवाह



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : धुर्वा पुराना विधानसभा शिव मंदिर प्रांगण में जनहित सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में 51 जोड़ों का भव्य सामूहिक विवाह समारोह संपन्न हुआ। सामाजिक समरसता और मानव सेवा की भावना से आयोजित इस कार्यक्रम में नवविवाहित जोड़ों को समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने आशीर्वाद एवं उपहार प्रदान किए। ट्रस्ट की अध्यक्ष रेणु देवी ने बताया कि संस्था पिछले 10 वर्षों से समाज के वंचित एवं आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के युवक-युवतियों के विवाह का पुनीत कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि अब तक ट्रस्ट की ओर से करीब चार हजार शादियां कराई जा चुकी हैं और सामूहिक सहयोग से यह सेवा कार्य आगे भी निरंतर जारी रहेगा। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी सह वरिष्ठ पुरस्कार धर्मेंद्र गिरी उपस्थित रहे। उन्होंने नवदंपतियों को सुखद एवं सफल वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सहयोग, समानता और मानवीय संवेदनाओं को मजबूत करते हैं।

इन लोगों की रही उपस्थिति

कार्यक्रम में राहुल सिंह, वार्ड पार्षद नीलम चौधरी, वसीम अकरम, संजय सिंह, सहित अनेक गणमान्य लोगों ने भाग लिया। सभी अतिथियों ने नवदंपतियों को उपहार भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सामूहिक विवाह समारोह पूरे क्षेत्र में सामाजिक सेवा और जनकल्याण का एक प्रेरणादायी उदाहरण बनकर उभरा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति रही और सभी ने ट्रस्ट के इस सराहनीय प्रयास की प्रशंसा की।

## घर में घुस कर व्यक्ति की हत्या, जांच में जुटी पुलिस

रांची : राजधानी रांची के सदर थाना क्षेत्र स्थित कोकर के खोरहाटोली में बुधवार सुबह एक व्यक्ति की हत्या का मामला सामने आया है। अपराधियों ने घर में सो रहे रमेश ठाकुर की लोहे के औजार 'पलाश' से सिर पर वार कर हत्या कर दी। परिजनों की सूचना पर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस के अनुसार, रमेश ठाकुर मंगलवार रात अपने कमरे में अकेले सो रहे थे। बुधवार सुबह जब परिजनों ने कमरे का दरवाजा खोला तो उनका शव खून से लथपथ अवस्था में पड़ा मिला। इसके बाद तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी।

## महिलाओं को मुफ्त कानूनी सेवा मुहैया कराना ही लक्ष्य : डालसा

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : कांके प्रखण्ड के सुकुरहुटू पंचायत में डालसा रांची के टीम द्वारा विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर नालसा द्वारा संचालित योजना आत्मनिर्भरता के बारे में लोगों को जानकारी दिया गया। 90 दिवसीय विधिक जागरूकता कार्यक्रम के तहत डालसा के पीएलवी ने लोगों को बताया कि प्रोजेक्ट आत्मनिर्भरता राष्ट्रीय कानूनी सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में राज्य कानूनी सेवा प्राधिकरण (जैसे द्वारा शुरू की गई एक अनूठी और कल्याणकारी पहल है। इसका प्राथमिक उद्देश्य ग्रामीण, जनजातीय और हाशिए पर रहने वाली महिलाओं को सशक्त बनाना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। ज्ञात हो कि माननीय न्यायमूर्ति-सह-कार्यपालक अध्यक्ष, झालसा सुजीत नारायण प्रसाद के दिशा-निर्देश पर एवं सदस्य सचिव झालसा, कुमारी रंजना अस्थाना एवं माननीय न्यायायुक्त, रांची अनिल कुमार मिश्रा-1 के मार्गदर्शन में तथा डालसा सचिव इंचार्ज की मौजूदगी में 90 दिवसीय विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन होना सुनिश्चित हुआ है। डालसा के पीएलवी ने बबिता कुमारी और देवंती कुमारी ने आत्मनिर्भरता योजना के उद्देश्यों पर चर्चा किया और कहा कि स्थानीय स्तर पर महिलाओं के सर्वांगीण विकास के लिए उपयुक्त और सबसे अधिक लाभकारी सरकारी कल्याणकारी योजनाओं की पहचान करना मुख्य उद्देश्य है। मालती देवी और भानु देवी ने कहा कि ग्रामीण, वन क्षेत्रों और जनजातीय इलाकों में रहने वाली महिलाओं के लिए मुफ्त कानूनी सहायता और परामर्श सेवाओं को सुदृढ़ बनाना भी इसी योजना में शामिल है। जिला विधिक सेवा प्राधिकार रांची के कार्यरत पीएलवी ने आगामी 12 सितम्बर को व्यवहार न्यायालय, रांची में होनेवाली राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में जानकारी दी।



## भाजपा ने झारखंड प्रदेश कांग्रेस कार्यालय का किया घेराव, युवाओं के मुद्दे पर मांगा जवाब



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू के नेतृत्व में भाजपा युवा मोर्चा ने झारखंड प्रदेश कांग्रेस कार्यालय का घेराव किया गया। भाजपा द्वारा कांग्रेस कार्यालय का घेराव कर पिछले 6 वर्षों से राज्य में भर्ती में व्याप्त गड़बड़ियों, JPSC-JSSC में कथित धांधली और युवाओं के साथ हुए अन्याय का जवाब मांगा गया। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने कहा कि पिछले छह वर्षों से झारखंड में कांग्रेस के समर्थन से सरकार चल रही है। इस दौरान हुई लगभग हर बड़ी भर्ती परीक्षा पर सवाल उठे हैं। JPSC, JSSC-CGL, उत्पाद सिपाही भर्ती, शिक्षक नियुक्ति समेत कई परीक्षाओं में अनियमितता और प्रश्नपत्र लीक के आरोप लगे, लेकिन कांग्रेस और राहुल गांधी इस मुद्दे पर चुप हैं। उन्होंने कहा कि लाखों युवाओं ने कड़ी मेहनत कर परीक्षाएं दीं, लेकिन बार-बार सामने आ रही गड़बड़ियों ने उनके भविष्य को संकट में डाल दिया है। उन्होंने सवाल किया कि जब हर बार प्रश्नपत्र लीक होने की खबरें आती हैं, तो इसके पीछे कौन लोग हैं और कांग्रेस इस पर जवाब क्यों नहीं देती?

## 27वां तीन दिवसीय सावन मेले के दूसरे दिन नेत्रदान जागरूकता अभियान कार्यक्रम

## सावन सिंधारा झूलोत्सव मनाया गया, महिलाओं ने खूब की खरीदारी



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : अग्रवाल सभा रांची की महिला समिति शाखा के तत्वाधान मे महाराजा अग्रसेन भवन मे आयोजित 27वां तीन दिवसीय सावन महोत्सव मेले के दूसरे दिन नेत्रदान जागरूकता अभियान कार्यक्रम किया गया इसमें मुख्य अतिथि महापौर रोशनी खलखो एवं उप महापौर नीरज कुमार उपस्थित थे डॉक्टर भारती कश्यप ने नेत्रदान के बारे में जानकारी दी कि मरणोपरांत 6 घंटे के अंदर नेत्रदान कर सकते हैं। मरणोप्रांत आंखों को बंद करके उस पर रूई का फावा रख देना चाहिए। एवं अउ चला देना चाहिए। ताकि आंखें सुरक्षित रहे। दो आंखों से दो लोगों को रोशनी मिल सकती है। कार्यक्रम में महापौर रोशनी खलखो एवं उपमहापौर नीरज कुमार और अग्रवाल सभा के अध्यक्ष, मंत्री एवं उपस्थित सभी पदाधिकारीगणों ने नेत्रदान के फॉर्म भरे। मेले में दिन भर नेत्रदान का फॉर्म भरने का कार्यक्रम चलता रहा। उप महापौर नीरज कुमार ने डॉक्टर भारती कश्यप से अपील की कि वह 53 वार्ड में आई कैंप लगाकर लोगों को नेत्रदान के लिए जागरूक करें। महापौर रोशनी खलखो ने कहा नेत्रदान जागरूकता को अगर फैलाना है तो बंद कमरे में रहने से नहीं होगा हमें भी मोदी जी की तर्ज पर चलना होगा।

## डालसा टीम ने किया लिगल-एड-क्लिनिक का औचक निरीक्षण



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : न्यायमूर्ति-सह-कार्यपालक अध्यक्ष, झालसा सुजीत नारायण प्रसाद के दिशा-निर्देश पर एवं सदस्य सचिव झालसा, कुमारी रंजना अस्थाना एवं माननीय न्यायायुक्त, रांची अनिल कुमार मिश्रा-1 के मार्गदर्शन में तथा डालसा सचिव इंचार्ज की मौजूदगी में कांके प्रखंड क्षेत्र स्थित डालसा का लिगल-एड-क्लिनिक, रिनपास, सीआईपी, कांके ब्लॉक में स्थित लिगल-एड-क्लिनिक का औचक निरीक्षण किया गया। औचक निरीक्षण के दौरान डालसा टीम के द्वारा कार्यरत पीएलवी को से कहा गया कि लिगल-एड-क्लिनिक में बैनर पोस्टर लगाये तथा पम्पलेट एवं लिफलेट रखें। निरीक्षण टीम के द्वारा कहा गया कि अपने लिगल-एड-क्लिनिक में बैनर लगाय तथा आने-जाने वाले लोगों को जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के बारें में जानकारी दें।

## 'राष्ट्रीय झंडा दिवस' के अवसर पर शारदा ग्लोबल में अन्तरसदन देशभक्ति कविता वाचन प्रतियोगिता

# एक्ज्यूबरेन्ट हाउस प्रथम स्थान पर रहा



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : 'राष्ट्रीय झंडा दिवस' के अवसर पर कक्षा नवमीं एवं दशमीं के चारों हाउस–रायटिस, करेज, एक्ज्यूबरेन्ट एवं विजडम के छात्रों ने देशभक्ति की ओजपूर्ण कविताओं के माध्यम से भारत में राष्ट्रीय ध्वज अंगीकरण दिवस को उल्लासपूर्वक मनाया। 22 जुलाई 1947 में संविधान सभा ने तिरंगे को भारत के राष्ट्रीय ध्वज के रूप में अपनाया था। सभी प्रतिभागियों ने एक से बढ़कर एक देशभक्ति कविताएं प्रस्तुत किए।

**विजयी प्रतिभागी :**

**प्रथम स्थान :** अक्षरा सिन्हा (IX D) (एक्ज्यूबरेन्ट हाउस)

द्वितीय स्थानः अंशरा मसनून (IX D) (रायटियस हाउस)

**तृतीय स्थान (संयुक्त) :** जैनब ज़िया (X) एवं दिशा पालेरीवॉल (IX D) (करेज एवं एक्ज्यूबरेन्ट हाउस) छात्रों ने अपनी कविताओं के माध्यम से यह संदेश दिया कि हमें अपने वीर सेनानियों का एवं राष्ट्रीय ध्वज का सदा सम्मान करना चाहिए। यह हमें देशभक्ति, एकता और ज़िम्मेदारी की प्रेरणा देते हैं। कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित विद्यालय की डायरेक्टर एकेडमिक्स डॉ. रंजन स्वरूप एवं प्राचार्या जसमीत कौर ने छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि छात्रों को देशहित, देश की सुरक्षा, देश के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर एक सच्चे देशभक्त एवं नागरिक बनने का सतत प्रयत्न करते रहना चाहिए जिससे देश का गौरव, तिरंगे का मान अक्षुण्ण रहे।

## आजसू व अभ्यर्थी छात्र आंदोलन के दबाव में जेपीएससी ने संयुक्त असैनिक सेवा मुख्य (लिखित) परीक्षा को स्थगित की : ओम वर्मा



रांची : अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) के प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा ने झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) द्वारा झारखंड संयुक्त असैनिक सेवा मुख्य (लिखित) प्रतियोगिता परीक्षा-2025 को स्थगित किए जाने के निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि यह छात्र हित में आजसू द्वारा किए गए लगातार आंदोलन, संघर्ष और दबाव का परिणाम है। ओम वर्मा ने कहा कि आजसू शुरू से ही परीक्षा संचालन में सामने आई अनियमितताओं और अव्यवस्थाओं को गंभीरता से उठाती रही है। संगठन ने लगातार जेपीएससी अध्यक्ष एवं माननीय मुख्यमंत्री से परीक्षा रद्द करने तथा पूरे प्रकरण की सीबीआई से निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। जिसका परिणाम है कि कल रात्रि में खबरउ के अध्यक्ष का इस्तीफा एवं आज आयोग द्वारा परीक्षा स्थगित करने का निर्णय इस बात का प्रमाण है कि छात्रों की आशंकाएं निराधार नहीं थीं और उनकी आवाज को अंततः स्वीकार करना पड़ा।

## बकरी बाजार में भव्य दुर्गा पूजा पंडाल बनाने के लिए भूमि पूजन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : जैसा की ज्ञात है 68 वर्षों से भारतीय युवक संघ, बकरी बाजार परिसर में दुर्गा पूजा का उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाता आ रहा है। इसी दिशा में संघ के द्वारा भव्य और विशाल पंडाल का स्वरूप शारदीय नवरात्र दुर्गा पूजा महोत्सव में आप सभी झारखंड के राज्य वासियों को, देखने का, अवलोकन करने का मौका प्राप्त होगा। इसी निमित्त 22/07/26 बुधवार सुबह 10:30 बजे बकरी बाजार परिसर में भारतीय युवक संघ के सचिव रवि रोहली द्वारा पूजा स्थान पर स्तंभ पूजन एवं भूमि पूजन कर पूजा पंडाल के निर्माण का श्रीगणेश कराया गया। इस अवसर पर आचार्यों के द्वारा विधिवत भगवान का आह्वान करते हुए, भूमि पूजन किया गया। अध्यक्ष राहुल अग्रवाल ने बताया की इस वर्ष पूजा पंडाल में दर्शनार्थियों को कई तरह से सुविधाएं उपलब्ध रहेगी। पूजा पंडाल का थीम अपने आप में एक विश्व प्रसिद्ध ऐतिहासिक



धरोहर है। पंडाल इतना बड़ा बनाया जाएगा की बिना किसी दिक्कत और तकलीफ के लाखों लोग पंडाल की सुंदरता सहित मां के दर्शन कर सकेंगे। इस शुभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में रोशनी खलखो महापौर रांची नगर निगम उपस्थित थी साथ ही साथी विशिष्ट अतिथि में उपमहापौर नीरज कुमार एवं वार्ड पार्षद सुनील यादव उपस्थित थे। मुख्य अतिथि रोशनी खलखो ने कहा की यह संस्था ने वर्षों से हमारे संस्कृति एवं धर्म को संभाल रखा है जिसके उपलक्ष्य में प्रत्येक वर्ष भारतीय युवक संघ हमारे धार्मिक स्थलों का प्रचार अपने पंडाल द्वारा करता आ रहा है।

## झारखंड के केवल सात जिलों में सामान्य बारिश

# छह जिलों में 40 से 60 प्रतिशत तक वर्षा की कमी

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : झारखंड में मानसून की रफ्तार अब भी असमान बनी हुई है। राज्य के 24 जिलों में से अब तक केवल सात जिलों में सामान्य वर्षा दर्ज की गई है, जबकि छह जिलों में बारिश की स्थिति बेहद खराब बनी हुई है। इन जिलों में सामान्य से 40 से 60 प्रतिशत तक कम वर्षा रिकॉर्ड की गई है। मौसम विभाग के अनुसार, रांची, सिमडेगा, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां, साहिबगंज, दुमका और धनबाद ऐसे जिले हैं, जहां अब तक सामान्य वर्षा दर्ज की गई है। विभाग के मानकों के अनुसार सामान्य से 20 प्रतिशत तक कम



वर्षा को सामान्य श्रेणी में माना जाता है। इसके विपरीत गढ़वा, चतरा, देवघर, गोड्डा, पाकुड़ और कोडरमा में वर्षा की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। इन जिलों में सामान्य से 40 से 60 प्रतिशत तक कम बारिश दर्ज की गई है, जिससे कृषि गतिविधियों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका बढ़ गई है। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सर्वाधिक वर्षा पश्चिमी सिंहभूम जिले के चक्रधरपुर में 167.8 मिलीमीटर रिकॉर्ड की गई। वहीं सर्वाधिक तापमान सरायकेला में 32.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि सबसे कम तापमान लातेहार में 20.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। राजधानी रांची और आसपास के क्षेत्रों में बुधवार सुबह से आसमान में बादल छाए रहे तथा हल्की बारिश हुई, जिससे मौसम सुहावना बना रहा। रांची में अधिकतम तापमान 27.6 डिग्री और न्यूनतम 21.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। अन्य प्रमुख शहरों में जमशेदपुर का अधिकतम तापमान 31.1 डिग्री और न्यूनतम 25.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। डाल्टनगंज में अधिकतम तापमान 31.5 डिग्री और न्यूनतम 25.5 डिग्री, बोकारो में अधिकतम 30.1 डिग्री और न्यूनतम 23.5 डिग्री तथा चाईबासा में अधिकतम तापमान 30.8 डिग्री और न्यूनतम 23.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले दिनों में राज्य के विभिन्न हिस्सों में हल्की से मध्यम वर्षा की संभावना बनी हुई है। हालांकि जिन जिलों में अब तक सामान्य से काफी कम वर्षा हुई है, वहां मानसून की सक्रियता बढ़ने का इंतजार बना हुआ है।

## रांची नगर निगम संवेदक संघ की नयी कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : रांची नगर निगम संवेदक संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक दिनांक 22 जुलाई 2026 (बुधवार) को कचहरी रोड स्थित होटल इंडिया में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष राकेश चौधरी ने की, जबकि मंच का संचालन फैयाज वारसी ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से पूर्व की कार्यकारिणी को भंग कर नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। सर्वसम्मति से श्री राकेश चौधरी को पुनः रांची नगर निगम संवेदक संघ का अध्यक्ष चुना गया। इसके साथ ही कार्यकारिणी में रंधीर सिंह, मुन्ना सिंह, फैयाज वारसी, राजेश गुप्ता, राजीव सिंह, आफताब खान, मनोज अग्रवाल, नरेंद्र सिंह, सोनू सिंह, अजीत गुप्ता, मिठू जायसवाल, जितेन्द्र कुमार, मुन्ना यादव, किशन कुमार, उज्जवल दुबे, अकबर उर्फ मुन्ना, मो. सलीम, सन्नी सिंह, विकास सिंह, नमित पाण्डेय, गौतम उपाध्याय एवं मो. शहनवाज सहित अन्य सदस्यों को शामिल किया गया। नई कार्यकारिणी सदस्य बहुत जल्द संवेदकों के विभिन्न समस्याओं को लेकर श्रीमान नगर आयुक्त महोदय एवं श्रीमान मुख्य अभियंता से मिलकर वर्तमान समस्या रॉयल्टी चालान एवं भुगतान को लेकर चर्चा करेंगे साथ ही संगठन को और अधिक मजबूत एवं प्रभावी बनाने का भी संकल्प लिया गया।

## एक झलक

### खराब सड़क के कारण पलटा ट्रेलर, चालक सुरक्षित

**बरही :** गया रोड स्थित अंडरपास के समीप बुधवार करीब 10 बजे तार बंडल लदा टेलर पलट गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार टेलर संख्या आरजे29जीबी 1132 बंगाल से तार बंडल लेकर बुलंदशहर यूपी जा रहा था। इसी क्रम में गया रोड स्थित अंडरपास के समीप खराब सड़क के कारण टेलर अनियंत्रित होकर पलट गया, हालांकि दुर्घटना के बाद चालक सुरक्षित बाहर निकलने में सफल रहा। चालक मो इकबाल ने बताया कि सड़क के दाहिने और ज्यादा ऊंचाई होने के कारण टेलर बाईं और झुक गया, जिससे टेलर पलट गया। टेलर पलटने के बाद बायपास और गया रोड में जाम की लंबी कतार लग गई, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। बरही पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद जाम को हटाया, जिससे वाहनों का आवागमन सामान्य हुआ। स्थानीय लोगों ने बताया कि सड़क में बने छोटे - छोटे गड्ढे इन दिनों तालाब में तब्दील हो गई है। इस सड़क की स्थिति पिछले कई महीनों से जस की तस बनी हुई है, लेकिन संबंधित विभाग मूकदर्शक बना हुआ है। कई बार गड्ढे में वाहन फंसने से वाहनों के गुल्ले टूट जाते है, जिससे उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इतना ही नहीं सांसद, विधायक, एसडीओ, बीडीओ एवं सीओ सहित कई नेता मंत्री इस रोड से गुजरते है। लेकिन किसी को अब तक सड़क मरम्मत के लिए पहल नहीं की है, जबकि इनकी थोड़ी रुचि लेने से सड़क की मरम्मत हो सकती है।

### बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र की कई जनसमस्याओं को लेकर डीसी से मिले बटेश्वर प्रसाद मेहता

**हजारीबाग :** झारखंड स्वतंत्रता सेनानी विचार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष एवं बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी बटेश्वर प्रसाद मेहता ने सोमवार को हजारीबाग के उपायुक्त हेमंत सती और उप विकास आयुक्त रिया सिंह से शिष्टाचार मुलाकात कर बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र से जुड़ी विभिन्न जनसमस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। बैठक के दौरान श्री मेहता ने क्षेत्र के विकास, शिक्षा, आधारभूत सुविधाओं तथा आम जनता से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों को अधिकारियों के समक्ष रखा। उन्होंने कहा कि बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में विकास कार्यों को गति देने के लिए प्रशासन को प्राथमिकता के आधार पर आवश्यक कदम उठाने चाहिए। इस दौरान उन्होंने अलौंजा स्कूल के अपग्रेशन की मांग भी प्रमुखता से उठाई। उन्होंने कहा कि विद्यालय का उच्चीकरण होने से क्षेत्र के हजारों विद्यार्थियों को बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा अपने ही क्षेत्र में उपलब्ध हो सकेगी। वर्तमान में उच्च शिक्षा के लिए छात्रों को करीब 7 किमी दूर के रामेश्वर महतो उच्च विद्यालय, चंदा व जाना पड़ता है, जिससे विशेष रूप से ग्रामीण एवं आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के विद्यार्थियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। बटेश्वर प्रसाद मेहता ने प्रशासन से आग्रह किया कि अलौंजा स्कूल के अपग्रेशन की प्रक्रिया को शीघ्र पूरा किया जाए, ताकि क्षेत्र के विद्यार्थियों का भविष्य बेहतर हो सके। उन्होंने विश्वास जताया कि जिला प्रशासन जनहित से जुड़े इन मुद्दों पर सकारात्मक पहल करेगा और आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करेगा। उपायुक्त हेमंत सती एवं उप विकास आयुक्त रिया सिंह ने उनकी बातों को गंभीरता से सुना तथा संबंधित विषयों पर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिलाया।

# अवैध परिवहन व प्रवर्तन कार्यों की विस्तृत समीक्षा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**हजारीबाग :** उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में परिवहन विभाग की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में वाहन निबंधन, कर वसूली, सड़क सुरक्षा, प्रदूषण नियंत्रण, अवैध परिवहन तथा प्रवर्तन कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिले में अवैध कोयला परिवहन एवं ओवरलोड वाहनों के विरुद्ध प्रभावी एवं निरंतर कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा संबंधित अधिकारी नियमित जांच अभियान चलाकर दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करें। उपायुक्त ने जिले में वाहनों के निबंधन की प्रगति की समीक्षा करते हुए अब तक पंजीकृत वाहनों की अद्यतन जानकारी प्राप्त की। उन्होंने 15 अगस्त तक बिना निबंधन वाले वाहनों के विरुद्ध विशेष जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया तथा सभी वाहन स्वामियों से अपने वाहनों का समय पर निबंधन कराने की अपील की। उन्होंने कहा कि सभी वाहन स्वामी अपने वाहनों की फिटनेस समय पर कराएं तथा उन्हें सुरक्षित एवं नियमों के अनुरूप संचालित करें। सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए फिटनेस संबंधी नियमों का कड़ाई से पालन आवश्यक है। बैठक में प्रदूषण नियंत्रण व्यवस्था की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने जिले के सभी पेट्रोल पंपों का नियमित निरीक्षण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पेट्रोल पंप पर प्रदूषण जांच (पीयूसी) की सुविधा उपलब्ध होना अनिवार्य है। जिन पेट्रोल पंपों पर यह सुविधा उपलब्ध नहीं है, वे 15 अगस्त से पूर्व आवश्यक प्रदूषण नियंत्रण उपकरण स्थापित करें। साथ ही निर्देश दिया गया कि जिन वाहनों के पास वैध पीयूसी प्रमाण-पत्र नहीं है, उन्हें ईंधन उपलब्ध नहीं कराया जाये। टैक्स डिफॉल्टर वाहनों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने सभी बकायेदार वाहन स्वामियों को शीघ्र नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सरकार के राजस्व की क्षति किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। निर्धारित समय तक कर जमा नहीं करने वाले वाहन स्वामियों के विरुद्ध नीलाम पत्र वाद दायर कर विधिसम्मत कार्रवाई की जायेगी। उपायुक्त ने जिला परिवहन पदाधिकारी एवं एमवीआई को नियमित रूप से जुमार्ना वसूली अभियान चलाने तथा बिना फिटनेस एवं नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर सख्त कार्रवाई जारी रखने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने कहा कि विभिन्न माध्यमों से बरही क्षेत्र में एनडीपीएस से जुड़े मामलों एवं अवैध पशु परिवहन की सूचनाएं प्राप्त हो रही हैं। उन्होंने परिवहन विभाग को ऐसे मामलों में अन्य संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर सख्त कार्रवाई करने तथा प्रत्येक कार्रवाई की सूचना जिला प्रशासन को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। सड़क सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए उपायुक्त ने रोड सेफ्टी टीम को जिले के दुर्घटना संभावित (ब्लैक स्पॉट) क्षेत्रों का नियमित निरीक्षण करने, सुरक्षा उपायों की समीक्षा करने तथा दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया। बैठक में संबंधित पदाधिकारियों को परिवहन नियमों का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित करने, राजस्व संग्रह बढ़ाने तथा सड़क सुरक्षा एवं प्रदूषण नियंत्रण से जुड़े सभी निर्देशों का गंभीरता से पालन करने के निर्देश दिये गये।

## हजारीबाग खेल महोत्सव की तैयारियां तेज, जिला ओलंपिक संघ करेगा मेजबानी



**हजारीबाग :** उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल के खिलाड़ियों के लिए 28, 29 एवं 30 जुलाई को आयोजित होने वाले हजारीबाग खेल महोत्सव-2026 की तैयारियां तेज हो गई हैं। जिला प्रशासन के तत्वावधान में होने वाले इस तीन दिवसीय महोत्सव की मेजबानी हजारीबाग जिला ओलंपिक संघ करेगा। प्रतियोगिता में उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल के सभी जिलों के खिलाड़ी विभिन्न खेलों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। इसी को लेकर बुधवार देर शाम उपायुक्त सभागार में उपायुक्त की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष हर्ष अजमेरा, संघ के पदाधिकारी एवं जिले के विभिन्न खेल संघों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में आयोजन की रूपरेखा, व्यवस्थाओं तथा खेलवार जिम्मेदारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। उपायुक्त ने कहा कि हजारीबाग खेल प्रतिभाओं का जिला रहा है। ऐसे में प्रमंडल स्तरीय खेल महोत्सव का आयोजन जिले के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने सभी खेल संघों से समन्वय बनाकर आयोजन को सफल बनाने का आह्वान किया तथा विभिन्न खेल संगठनों को अलग-अलग जिम्मेदारियां भी सौंपी। बैठक के दौरान जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष हर्ष अजमेरा ने खिलाड़ियों की सुविधाओं एवं खेल अवसंरचना से जुड़े विभिन्न विषय उपायुक्त के समक्ष रखे। उन्होंने जिले में आधुनिक स्विमिंग पूल, वॉलीबॉल कोर्ट सहित अन्य खेल सुविधाओं के विकास की आवश्यकता पर विस्तार से चर्चा की। उपायुक्त ने इन प्रस्तावों पर सकारात्मक रुख अपनाते हुए संबंधित विषयों को बोर्ड की बैठक में रखने और आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया।

## हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की सड़क परियोजनाओं को मिलेगी रफ्तार

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**हजारीबाग :** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की सड़क अवसंरचना को नयी गति देने के उद्देश्य से हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र सांसद मनीष जायसवाल ने बुधवार को नई दिल्ली में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से शिष्टाचार मुलाकात कर राष्ट्रीय राजमार्गों से जुड़ी कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं पर विस्तृत चर्चा की। बैठक में उन्होंने क्षेत्र की सड़क सुरक्षा, बेहतर कनेक्टिविटी और लंबित परियोजनाओं को शीघ्र पूरा करने पर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से आग्रह किया। सांसद मनीष जायसवाल ने एनएच-33 पर चुटुपालु घाटी, चौपारणझबाराचट्टी मार्ग के दनुवा-बनुवा तथा चरही घाटी के ब्लैक स्पॉट्स के स्थायी समाधान का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। इस पर मंत्री नितिन गडकरी ने बताया कि फिलहाल अस्थायी सुरक्षा कार्य किये जा रहे हैं तथा जल्द ही स्थायी समाधान की स्वीकृति के बाद टेंडर प्रक्रिया शुरू की जायेगी। बैठक में सांसद मनीष जायसवाल ने चरही के घाटो मोड़ पर लंबे समय से प्रस्तावित फ्लाईओवर निर्माण का मुद्दा भी उठाया। इस पर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने संबंधित विभाग को तत्काल डीपीआर (विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन) तैयार करने का निर्देश दिया। सांसद मनीष जायसवाल ने कारगिल पेट्रोल पंप से बड़कागांव, केरेडारी, टंडवा, कल्याणपुर, पिपरवार, डकरा और खलारी होते हुए बिजूपाड़ा तक जाने वाले राज्य राजमार्ग-7 को राष्ट्रीय राजमार्ग का दर्जा देने की मांग भी रखी। उन्होंने कहा कि इससे औद्योगिक एवं कोयला क्षेत्र को बेहतर सड़क संपर्क मिलेगा और दुर्घटनाओं में भी कमी आयेगी।

# विद्यार्थियों के भविष्य को नयी दिशा देने पहुंचीं बीडीओ

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**कटकमसांडी :** विद्यार्थियों के बेहतर भविष्य और शिक्षा के प्रति जागरूकता को लेकर कटकमसांडी प्रखंड विकास पदाधिकारी पूजा कुमारी की सक्रियता लगातार देखने को मिल रही है। इसी क्रम में बुधवार को उन्होंने कटकमसांडी प्रखंड अंतर्गत कंडसार गांव स्थित प्रोजेक्ट प्लस टू हाई स्कूल का निरीक्षण किया और विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान BDO पूजा कुमारी ने विशेष रूप से कक्षा 10वीं के छात्र-छात्राओं से संवाद किया। उन्होंने विद्यार्थियों से उनकी पढ़ाई, परीक्षा की तैयारी और शैक्षणिक जरूरतों के बारे में बातचीत की। इस दौरान उन्होंने छात्रों को मेहनत, अनुशासन और नियमित अध्ययन के महत्व के बारे में बताते हुए आगामी परीक्षा की बेहतर तैयारी के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को पंचायत में नवनिर्मित ज्ञान केंद्र के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यह सुविधा उनके लिए बेहद उपयोगी साबित हो सकती है। छात्र-छात्राएं ज्ञान केंद्र में जाकर शांत और बेहतर वातावरण में निःशुल्क बैठकर पढ़ाई कर सकते हैं और अपनी आगामी परीक्षाओं की तैयारी कर सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे इस सुविधा का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और अपनी मेहनत से सफलता की नई कहानी लिखें। इओ्ड पूजा कुमारी का यह निरीक्षण महज एक औपचारिक दौरा नहीं रहा, बल्कि विद्यार्थियों से सीधे जुड़कर उनकी समस्याओं को समझने और उन्हें उपलब्ध सरकारी सुविधाओं से जोड़ने की एक सार्थक पहल रही। खासकर ग्रामीण क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को बेहतर अध्ययन का वातावरण उपलब्ध कराने की दिशा में ज्ञान केंद्र के उपयोग के लिए उन्हें प्रेरित करना उनकी संवेदनशील और शिक्षा-केंद्रित कार्यशैली को दर्शाता है। कटकमसांडी प्रखंड में विकास कार्यों के साथ-साथ शिक्षा और विद्यार्थियों के भविष्य को लेकर इओ्ड पूजा कुमारी की सक्रिय पहल की सराहना हो रही है। उनके प्रयासों से ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों में पढ़ाई के प्रति उत्साह बढ़ने के साथ-साथ उन्हें अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए बेहतर संसाधन और सही दिशा भी मिल रही है। कंडसार के विद्यार्थियों के बीच पहुंचकर उन्हें प्रेरित करने और ज्ञान केंद्र जैसी सुविधा से जोड़ने की पहल निश्चित रूप से शिक्षा के क्षेत्र में एक सकारात्मक और प्रभावशाली कदम है।

## जी.एम महाविद्यालय में राष्ट्रीय ध्वज अंगीकरण दिवस पर सेमिनार का आयोजन

**हजारीबाग :** जी.एम महाविद्यालय में बुधवार को राष्ट्रीय ध्वज अंगीकरण दिवस के अवसर पर सेमिनार का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम राष्ट्रीय गीत से सेमिनार प्रारंभ किया गया। राजनीति विज्ञान के शिक्षक कुंदन शशि शर्मा ने विषय प्रवेश कराते हुए कहा कि राष्ट्रीय ध्वज अंगीकरण दिवस है। वर्ष 1947 में संविधान सभा द्वारा भारत के राष्ट्रीय ध्वज को अंगीकरण करने की याद में हर वर्ष 22 जुलाई को देश में राष्ट्रीय ध्वज अंगीकरण दिवस मनाया जाता है। महाविद्यालय के प्राचार्य शम्भू कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय ध्वज अंगीकरण दिवस एकता और देशभक्ति की भावना को और मजबूत करने की प्रेरणा देता है।

## मार्खम कॉलेज हजारीबाग के प्राचार्य से आचार्यकुल प्रतिनिधिमंडल की शिष्टाचार भेंट, कहा

# भूदान आंदोलन के जनक आचार्य विनोबा भावे आज भी प्रासंगिक

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**हजारीबाग :** मार्खम कॉलेज, हजारीबाग के वर्तमान प्राचार्य डॉ. गजेंद्र कुमार सिंह से आचार्यकुल झारखंड प्रदेश के प्रतिनिधिमंडल ने शिष्टाचार भेंट कर उन्हें प्राचार्य पद की जिम्मेदारी संभालने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर आचार्यकुल संदेश स्मारिका, झारखंड प्रदेश-2026 के प्रकाशन हेतु लेख एवं शुभकामना संदेश के लिए आमंत्रण पत्र भी उन्हें सौंपा गया। प्राचार्य डॉ. गजेंद्र कुमार सिंह ने कहा, भूदान आंदोलन के जनक आचार्य विनोबा भावे आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं जितने अपने समय में थे। उनके विचार समाज में नैतिकता, समरसता और सेवा भाव को सशक्त बनाने की प्रेरणा देते हैं। नई पीढ़ी तक उनके विचारों को पहुंचाना समय की आवश्यकता है। आचार्यकुल झारखंड प्रदेश के उपाध्यक्ष एवं राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर, धनबाद के संस्थापक प्राचार्य डॉ. वासुदेव प्रसाद ने कहा, आचार्यकुल संदेश स्मारिका भारतीय संस्कृति, शिक्षा और राष्ट्र निर्माण के विचारों को समाज तक पहुंचाने का प्रभावी माध्यम बनेगी। मार्खम कॉलेज, हजारीबाग के अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. एस. एम. केसर ने कहा, आचार्य विनोबा भावे के विचार आज भी सामाजिक न्याय, समानता और मानवीय मूल्यों के लिए प्रेरणास्रोत हैं। हिंदी के शोधार्थी रवि कुमार सिंह ने कहा, स्मारिका के माध्यम से भारतीय ज्ञान परंपरा और सांस्कृतिक चेतना को नई पीढ़ी तक प्रभावी ढंग से पहुंचाया जा सकेगा। गवर्नमेंट टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, कांके, रांची के सहायक प्राध्यापक एवं आचार्यकुल झारखंड प्रदेश के महामंत्री डॉ. ओम प्रकाश ने कहा, आचार्यकुल संदेश स्मारिका, झारखंड प्रदेश-2026 शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं और समाज के प्रबुद्ध वर्ग के विचारों का महत्वपूर्ण दस्तावेज होगी तथा विकसित भारत के निर्माण में भारतीय ज्ञान परंपरा के योगदान को रेखांकित करेगी।

# जननायक कर्पूरी ठाकुर भवन जोकट में प्रखंड स्तरीय बैठक का आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बरही :** अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत चौपारण प्रखंड नाई समिति के द्वारा आगामी दिनांक 25/07/26 दिन शनिवार स्थान भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर भवन (प्रधान कार्यालय) ग्राम जोकट ,चौपारण में समय दस बजे दिन को एक प्रखण्ड स्तरीय बैठक सुनिश्चित की गई है ग्राम पंचायत वार प्रखंड समिति के सक्रिय सदस्य गणों के द्वारा जनसंपर्क के लिए बीते दिन 18/07/26 दिन शनिवार से समिति के दो सक्रिय निकल चुके हैं। जो हर पंचायत के प्रभारियों को सूचित करना उनका धर्म कर्म सा बन गया है, निश्चित तौर पर समाज को संगठित करने का मुख्य उद्देश्य है, वही नाई बंधुओं का जन्मजात हुनर को क्रियाकलाप में संशोधन करने को शंकल्प लिया गया है। यह कि जजमनकी क्षौर कार्य करने वाले बंधुओं के कार्य शैली में सुधार करने हेतु सशक्त बैठक कर मार्गदर्शन किया जाना एक अहम भूमिका सा बन गया है। जबकि केश कलाकार सैलून संघ समिति का दर-तालिका का आदान प्रदान भी करना एक विशेष विषय है। वहीं दूसरे ओर जजमनकी दर- तालिका हैंडविल के रूप में मुंहैया करना भी एक विषय बन गया है। सामाजिक कार्यकर्ताओं बुद्धिजीवी और नौजवान साथियों से विशेष आग्रह किया इस जजमनकी क्षौर कार्य कर्मी और सैलून कर्मी को भी उक्त बैठक में उपस्थित होने को विशेष आग्रह किया जा रहा है। इस अहम बैठक में उपस्थित होकर बैठक को सफल बनाने का आगरा किया गया है। मौके पर प्रखण्ड अध्यक्ष ब्रजकिशोर ठाकुर, सचिव पप्पू ठाकुर, प्रखण्ड कोषाध्यक्ष सुबोध ठाकुर, चय परगना महा सचिव बैजनाथ ठाकुर, सक्रिय सदस्य लक्ष्मन ठाकुर, रामाशीष ठाकुर, अभिभावक तापेश्वर ठाकुर और नरेश कुमार ठाकुर आदि उपस्थित थे।

# मुन्ना सिंह ने शिक्षा, संविधान व युवाओं के अधिकारों पर उठायी आवाज

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**हजारीबाग :** युवा कांग्रेस द्वारा बुधवार को हजारीबाग स्थित अंबेडकर छात्रावास में आयोजित गूंज कार्यक्रम में पूर्व सदर विधानसभा प्रत्याशी मुन्ना सिंह शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मो. जाबीर ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में विधायक दल के उपनेता एवं हजारीबाग लोकसभा प्रभारी राजेश कच्छप उपस्थित रहे, जबकि जिला प्रभारी राजीव रंजन प्रसाद एवं जिला अध्यक्ष जय प्रकाश भाई पटेल विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं श्रद्धांजलि अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर संविधान, सामाजिक न्याय, शिक्षा, रोजगार और युवाओं की भागीदारी को मजबूत बनाने पर जोर दिया गया। अपने संबोधन में मुन्ना सिंह ने कहा कि आज देश का युवा शिक्षा, रोजगार और पारदर्शी परीक्षा व्यवस्था की मांग कर रहा है। प्रतियोगी परीक्षाओं में लगातार सामने आ रहे पेपर लीक के मामलों ने लाखों छात्रों के भविष्य को संकट में डाल दिया है। उन्होंने कहा कि छात्रों की मांग है कि परीक्षा प्रणाली को पूरी तरह पारदर्शी बनाया जाए, दोषियों पर सख्त कार्रवाई हो और युवाओं के भविष्य के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ न हो। उन्होंने कहा कि देश में शिक्षा व्यवस्था और पेपर लीक के खिलाफ शुरू हुआ आन्दोलन अब राष्ट्रीय स्तर पर पहुंच चुका है। दिल्ली के जंतर-मंतर से शुरू हुई छात्रों की आवाज आज पूरे देश में गूंज रही है। संसद मार्च के दौरान प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर पुलिस द्वारा लाठीचार्ज किए जाने की घटना दुर्भाग्यपूर्ण है। लोकतंत्र में अपनी बात शांतिपूर्ण तरीके से रखना प्रत्येक छात्र और नागरिक का संवैधानिक अधिकार है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी लगातार छात्रों, युवाओं और संविधान की रक्षा के मुद्दे को प्रमुखता से उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हाल ही में राहुल गांधी ने प्रेस वार्ता कर सरकार से पेपर लीक के मुद्दे पर जवाब मांगा और कहा कि पिछले दस वर्षों में 152 पेपर लीक की घटनाओं ने करोड़ों छात्रों और उनके परिवारों को प्रभावित किया है। उन्होंने शिक्षा व्यवस्था में जवाबदेही तय करने, दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने और छात्रों के हितों की रक्षा के लिए ठोस कदम उठाने की मांग किया। उन्होंने अपने संबोधन में सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक का भी उल्लेख करते हुए कहा कि लोकतंत्र में जनता की आवाज को सम्मान मिलना चाहिए। पर्यावरण संरक्षण, हिमालयी क्षेत्रों के विकास, शिक्षा और संवैधानिक अधिकारों जैसे मुद्दों पर शांतिपूर्ण तरीके से आवाज उठाने वालों की बात सुनी जानी चाहिए।

# कारगिल विजय दिवस तक शहीद स्मारक व महापुरुषों की प्रतिमाएं होंगी रौशन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**हजारीबाग :** हजारीबाग नगर निगम शहर के शहीद स्मारकों और महापुरुषों की प्रतिमाओं को आकर्षक विद्युत प्रकाश व्यवस्था से सजाने की दिशा में पहल कर रहा है। महापौर अरविंद कुमार राणा के अनुरोध पर जैगुआर ग्रुप की टीम मंगलवार को हजारीबाग पहुंची और विभिन्न स्थलों का तकनीकी निरीक्षण किया। टीम ने शहीद स्मारक, विवेकानंद चौक, सिद्धू-कान्हू चौक, सरदार पटेल चौक तथा नीलांबर-पीतांबर चौक का जायजा लेकर आधुनिक प्रकाश व्यवस्था के लिए आवश्यक तैयारियों का आकलन किया। महापौर ने बताया कि लगभग एक माह पूर्व उन्होंने जैगुआर ग्रुप को पत्र लिखकर इन स्थलों पर बेहतर लाइटिंग की व्यवस्था कराने का अनुरोध किया था। अब निरीक्षण के बाद कार्य को अंतिम रूप दिया जा रहा है। महापौर अरविंद कुमार राणा ने कहा कि नगर निगम का लक्ष्य 26 जुलाई कारगिल विजय दिवस तक इन सभी स्थलों को आकर्षक रोशनी से जगमग करना है, ताकि वीर शहीदों और महापुरुषों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता का संदेश दिया जा सके। उन्होंने कहा कि हजारीबाग की पहचान केवल विकास कार्यों से नहीं, बल्कि अपने शहीदों और महान विभूतियों के सम्मान से भी है। इधर, शहर के पार्कों की बेहतर देखरेख और मरम्मत को लेकर भी पहल शुरू की गई है। महापौर अरविंद कुमार राणा ने पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) को पार्कों के रखरखाव, मरम्मत एवं सौंदर्यीकरण का निर्देश दिया है, ताकि नागरिकों को स्वच्छ और बेहतर सार्वजनिक सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। नगर निगम ने स्पष्ट किया कि शहर के सार्वजनिक स्थलों के संरक्षण और सौंदर्यीकरण का अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# प्रांतीय पंचपदी प्रशिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला 2026 हुआ प्रारम्भ

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**हजारीबाग :** विद्या भारती द्वारा आयोजित प्रांतीय पंचपदी प्रशिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला 2026 आयोजन सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हारटोली, हजारीबाग में प्रारंभ हुआ । मालूम हो कि यह कार्यशाला 21 जुलाई से 26 जुलाई 2026 तक चलेगा। उपर्युक्त प्रशिक्षण कार्यशाला में माननीय धरणीकांत जी, पूर्णकालिक, दक्षिण बिहार एवं क्षेत्रीय प्रशिक्षक प्रमुख का मार्गदर्शन प्रशिक्षण प्रशिक्षकों को प्राप्त होगा। इस अवसर पर उन्होंने कहा- इस प्रशिक्षण वर्ग में प्रशिक्षकों को पंचपदी शिक्षण पद्धति के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया जायेगा साथ ही साथ पंचपदी शिक्षण पर आधारित विषय की पाठ-योजना पर चर्चा पर चर्चा होगी। आचार्य-दीदी जी यहां से जो सीखेंगे वह प्रांत के सभी विद्यालयों में प्रशिक्षण देंगे। इस कार्यशाला में पूरे झारखंड प्रांत में चलने वाले सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के चयनित विद्यालयों से लगभग40 शिक्षक के रूप में प्रशिक्षण ग्रहण करेंगे । जिससे भैया -बहनों का सर्वांगीण विकास संभव होगा। मालूम हो कि आज माननीय ख्यालीराम, संगठन मंत्री, उत्तर -पूर्व क्षेत्र (बिहार क्षेत्र) एवं माननीय नकुल कुमार शर्मा, प्रदेश सचिव, विद्या विकास समिति, झारखंड में विद्यालय के नवनिर्मित भवन विज्ञान भवन का लोकार्पण अपने कर कमल द्वारा किया। मौके पर संगठन, मंत्री ख्याली राम जी ने अपने संबोधन में कहा-यह विज्ञान भवन मैं बच्चे बैठ कर विज्ञान के क्षेत्र में अध्यापन पढ़ाई लिखाई एवं प्रयोग करेंगे। बच्चों की वैज्ञानिक प्रतिभा विकसित होगी। प्रदेश सचिव, नकुल कुमार शर्मा ने कहा -यह विद्यालय विज्ञान के क्षेत्र में एवं अन्य क्षेत्र में निरंतर प्रगति करें। आप सभी आचार्य बंधु-भगिनी बच्चों में वैज्ञानिक प्रतिभा विकसित करें उनके सर्वांगीण विकास कराएं। मौके पर विभाग निरीक्षक, हजारीबाग विभाग, ब्रजेश कुमार सिंह, विद्यालय के अध्यक्ष, डॉ प्रदीप कुमार सिंह,उपाध्यक्ष, डॉ अमिता कुमारी, सचिव, डॉ जयप्रकाशआनंद, कोषाध्यक्ष, रमेश कुमार सिंह, सदस्य, डॉ चेतलाल प्रसाद, विद्यालय के प्राचार्य शर्मेंद्र कुमार साहू एवं पूरे झारखंड प्रांत से आए हुए आचार्य बंधु भगिनी मौजूद थे।

## NEET में सफलता पर मुन्ना सिंह ने संजीत कुमार के घर पहुंच कर दी बधाई

**हजारीबाग :** हजारीबाग जिले के सदर प्रखंड के नगवां निवासी स्वर्गीय मंटू प्रसाद मेहता के सुपुत्र संजीत कुमार ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (ठएएळ) में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त कर अपने परिवार, क्षेत्र एवं जिले का नाम गौरवान्वित किया है। संजीत कुमार की इस उपलब्धि पर पूर्व सदर विधानसभा प्रत्याशी मुन्ना सिंह उनके आवास पहुंचकर उनसे एवं उनके परिजनों से मुलाकात की तथा अंग वस्त्र देकर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि संजीत की सफलता कठिन परिश्रम, अनुशासन और दृढ़ संकल्प का परिणाम है। उनकी उपलब्धि क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। मुन्ना सिंह ने कहा कि संजीत कुमार ने अपनी मेहनत और लगन से न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे हजारीबाग जिले का मान बढ़ाया है।

# आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कैम्पस प्लेसमेंट में चार विद्यार्थियों का चयन




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग :** आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग के परिसर में आयोजित कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में चार विद्यार्थियों का चयन प्रतिष्ठित कंपनी व्हाट्स टूल बिजनेस में हुआ है। विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल की पहल पर आयोजित इस प्लेसमेंट अभियान में विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कंपनी के सीईओ सुजीत मेहता, एचआर हर्ष कुमार सहित अन्य प्रतिनिधियों ने लिखित मूल्यांकन, संवाद कौशल एवं तकनीकी दक्षता सहित विभिन्न चरणों के माध्यम से अभ्यर्थियों का आकलन किया। चयन प्रक्रिया पूरी होने के बाद चार विद्यार्थियों ने अंतिम सूची में स्थान बनाया। इनमें दो विद्यार्थियों रौशन गुप्ता व रवि कुमार का चयन बिजनेस डेवलपमेंट एक्जीक्यूटिव और अन्य दो विद्यार्थियों आलोक कुमार व अमित यादव का चयन अकाउंट मैनेजर टेक सपोर्ट एण्ड रिटेन्शन पद के लिए किया गया है। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ गौरव शुक्ला ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि आईसेक्ट विश्वविद्यालय का उद्देश्य केवल डिग्री प्रदान करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप दक्ष बनाकर उन्हें बेहतर रोजगार उपलब्ध कराना है। कुलसचिव डॉ. मुनीष गोविंद ने कहा कि विश्वविद्यालय विद्यार्थियों के समग्र विकास पर विशेष ध्यान देता है। नियमित प्रशिक्षण, व्यक्तित्व विकास कार्यक्रम और उद्योग विशेषज्ञों के साथ संवाद के कारण विद्यार्थियों में आत्मविश्वास बढ़ा है, जिसका परिणाम इस प्लेसमेंट ड्राइव में देखने को मिला। समकुलपति डॉ एसआर रथ ने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धी दौर में रोजगारोन्मुख शिक्षा समय की आवश्यकता है। विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को केवल शैक्षणिक ज्ञान ही नहीं, बल्कि व्यावहारिक कौशल और कॉरपोरेट संस्कृति से भी जोड़ रहा है। विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट अधिकारी मनोज कुमार व सहायक अधिकारी रमेश अभिषेक ने बताया कि भविष्य में भी विद्यार्थियों को अधिक से अधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विभिन्न कंपनियों के सहयोग से कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव और इंडस्ट्री-इंटरैक्शन कार्यक्रम लगातार आयोजित किये जायेंगे।

# राज्य के सभी मतदान केन्द्रों पर BLO-BLA-2 की तीसरी बैठक, चुनाव पाठशाला का किया गया आयोजन


**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

- अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने हजारीबाग जिला के विभिन्न मतदान केन्द्रों पर आयोजित चुनाव पाठशाला का किया भौतिक निरीक्षण
- चुनाव पाठशाला में विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के विभिन्न बिन्दुओं पर हुई विस्तृत चर्चा
- मतदाता सूची को त्रुटिरहित एवं पारदर्शी बनाने पर दिया गया जोर




**हजारीबाग :** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड के. रवि कुमार के निदेर्शानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण - 2026 अभियान के अंतर्गत बुधवार को राज्य के सभी मतदान केंद्रों पर इछड एवं इछअ-2 की तीसरी संयुक्त बैठक तथा चुनाव पाठशाला का आयोजन किया गया। पूर्वाह्न 11:00 बजे से 12:00 बजे तक आयोजित बैठक में सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के इछअ-2, बीएलओ एवं सम्बन्धित मतदाताओं ने भाग लिया। बैठक के माध्यम से विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के विभिन्न चरणों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश साझा किये गये। अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार ने हजारीबाग जिले के मतदान केन्द्र संख्या 188,189, 267, 347, 268, 270, 294, 295 एवं 378 में चल रहे उक्त बैठक एवं चुनाव पाठशाला का भौतिक निरीक्षण किया । उन्होंने बैठक के दौरान ASDD (Absent, Shifted, Death, Duplicate एवं Refused to Sign) सूची को अंतिम रूप देने, प्राप्त गणना प्रपत्रों का संग्रहण एवं सत्यापन, एक परिवार के सभी सदस्यों का नाम एक ही मतदान केंद्र पर सुनिश्चित करने तथा गैर भारतीय से सम्बन्धित प्राप्त सूचना एवं दस्तावेजों पर विचार-विमर्श कर उन्हें ERO/AERO को उपलब्ध कराने जैसे महत्त्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गयी। सुबोध कुमार ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान पूरी तरह सहभागी एवं पारदर्शी प्रक्रिया है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र भारतीय नागरिक मतदाता सूची से वंचित न रहे तथा कोई अपात्र व्यक्ति मतदाता सूची में शामिल न हो। उन्होंने सभी बीएलओ, बीएलए-2, मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों से अभियान को सफल बनाने में सक्रिय सहयोग देने की अपील की। बैठक में बीएलओ द्वारा मतदाता सूची में चिह्नित मतदाताओं से सम्बन्धित सूचनाओं का सत्यापन किया गया तथा बीएलए-2 से प्राप्त सुझावों पर भी विचार-विमर्श किया गया। साथ ही, मतदाता सूची को अधिक शुद्ध, अद्यतन एवं पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से सभी संबंधित पक्षों के बीच समन्वय स्थापित करने पर बल दिया गया। इस अवसर पर हजारीबाग विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के ईआरओ आदित्य पांडेय एवं उप निर्वाचन पदाधिकारी वेदवंती कुमारी भी उपस्थित रहे।

## मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने प्रखंड के विभिन्न गांवों का किया दौरा



**विष्णुगढ़ :** झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री तथा हजारीबाग कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष जयप्रकाश भाई पटेल ने बुधवार को मतदाता सूची का विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 को लेकर विष्णुगढ़ प्रखंड की विभिन्न गांवों का दौरा किया। उन्होंने बूथ संख्या 386 प्राथमिक विद्यालय गोलगो, बूथ संख्या 407 एवं 408 प्राथमिक विद्यालय रमुआ, बूथ संख्या 438 439 तथा 440 प्राथमिक विद्यालय नवादा उर्दू का भ्रमण कर विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान की प्रगति की जानकारी लिया। इस अवसर पर कहा कि किसी भी योग्य मतदाता का नाम नहीं छूटना चाहिए। योग्य मतदाताओं का नाम जुड़वाना कांग्रेस के बीएलए कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी बुथो पर बूथ लेवल ऑफीसरों से गणना प्रपत्र का वितरण तथा उसका ऑनलाइन किये जाने की संख्या और अब्सेंट, शिफ्टेड, डेथ और डुप्लीकेट मतदाताओं की संख्या की जानकारी ली। इस अवसर पर उन्होंने मतदाताओं को जागरूक करते हुए जल्द से जल्द इस पुनरीक्षण अभियान में अपने-अपने गणना प्रपत्र जमा करने की अपील की। उन्होंने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में शुद्ध मतदाता सूची का निर्माण करवाना कांग्रेस कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है।

## हर पात्र मतदाता का नाम सुरक्षित रखना हमारी प्राथमिकता : मनोज नारायण



**हजारीबाग :** झारखंड SIR 2026 अभियान के तहत हजारीबाग नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों (बूथों) का सघन निरीक्षण किया और हजारीबाग नगरनिगम क्षेत्र बालिका मध्य विद्यालय कुम्हार टोली कानी बाजार के बूथ संख्या 220, 221, 222, 223, 224, 232, 233, 213, 214, 215, 216, 217, 229 इस महत्पूर्ण बैठक एवं चुनावी पाठशाला में भाग लिया और BLO से ASDD सूची प्राप्त किया । इस दौरान पार्टी के पदाधिकारियों और BLA-2 (बूथ लेवल एजेंट) साथियों ने जमीनी स्तर पर जाकर मतदाता सूची के अद्यतनीकरण कार्य का जायजा लिया। इस अवसर पर हजारीबाग जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता मनोज नारायण भगत ने कहा, लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत हमारा मत अधिकार है। संगठन की यह नैतिक एवं प्राथमिक जिम्मेदारी है कि हर पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची में सुरक्षित रहे। उपस्थित BLA-2 साथियों ने अपने-अपने संबंधित मतदान केंद्रों पर इछड (बूथ लेवल ऑफिसर) से मुलाकात कर ASDD सूची (Absentee, Shifted, Dead, Duplicate) की पूरी जानकारी प्राप्त की है। कांग्रेस प्रवक्ता मनोज नारायण भगत ने स्पष्ट शब्दों में कहाः सत्यापन अनिवार्यः सभी इछड प्रत्येक मतदाता के नाम का घर-घर जाकर भौतिक सत्यापन सुनिश्चित करें। बिना पुष्टि नाम न हटे, बिना किसी ठोस एवं आधिकारिक पुष्टि के किसी भी पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची से कतई नहीं हटाया जाना चाहिए।

## एक झलक

### जर्जर पाइपलाइन बदलने की मांग, हर्ल के सीएमडी को भेजा गया त्राहिमाम संदेश

**सिन्दरी (धनबाद)**: शहर में लगातार बिगड़ रही जलापूर्ति व्यवस्था को लेकर ऑल इंडिया एफसीआई वीएसएस इम्प्लाइज एसोसिएशन ने हर्ल के सीएमडी को त्राहिमाम संदेश भेजकर 70 वर्ष पुरानी मुख्य पाइपलाइन को तत्काल बदलने की मांग की है। एसोसिएशन का कहना है कि पिछले एक माह में चौथी बार मुख्य पाइपलाइन में लीकेज होने से शहर में करीब आठ दिनों तक जलापूर्ति बाधित रही और हजारों लोगों को पानी के लिए परेशान होना पड़ा। एसोसिएशन के अध्यक्ष सेवा सिंह ने बताया कि जर्जर पाइपलाइन से जगह-जगह रिसाव होने के कारण कई इलाकों में कीचड़युक्त एवं दूषित पानी की आपूर्ति हो रही है, जिससे लोगों के स्वास्थ्य पर भी खतरा मंडरा रहा है। उन्होंने कहा कि हर वर्ष अप्रैल, मई और जून में दामोदर नदी का जलस्तर कम होने से सिंदरी में गंभीर जल संकट उत्पन्न हो जाता है। उन्होंने अपने आवेदन में हर्ल के तत्कालीन डीजीएम एम.सी. कर्ण द्वारा गोवाई डैम से सिंदरी को पानी उपलब्ध कराने के दिए गए आश्वासन का भी उल्लेख किया, लेकिन अब तक इस योजना पर अमल नहीं हो सका है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में 04 माह की गर्भवती महिला की मौत, पति हिरासत में

**बाघमारा (धनबाद)**: कतरास थाना क्षेत्र के लकड़का बस्ती में मंगलवार दोपहर करीब चार माह की गर्भवती 23 वर्षीय महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका की पहचान बंदना देवी के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही कतरास पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले में पुलिस ने मृतका के पति सौरभ पांडे को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस आत्महत्या और हत्या, दोनों पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार, बंदना का विवाह वर्ष 2022 में लकड़का निवासी सौरभ पांडे के साथ हिंदू रीति-रिवाज से हुआ था। दंपति का डेढ़ वर्ष का एक पुत्र है, जबकि बंदना चार माह की गर्भवती थी। घटना के बाद मृतका के परिजनों ने ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाए हैं। मृतका के भाई अभय मिश्रा ने कतरास थाना में पति, ससुर, सास और देवर के खिलाफ हत्या का आरोप लगाते हुए लिखित शिकायत दर्ज कराई है। उनका कहना है कि विवाह के बाद से ही बंदना को लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था।

### बिजनेस लोन नहीं चुकाने पर दम्पति डिफॉल्टर घोषित, कोर्ट के आदेश पर मकान सील करने की कार्रवाई

**धनबाद** : पथराकूल्ही क्षेत्र में बिजनेस लोन का भुगतान नहीं करने पर पंजाब एंड सिंध बैंक ने न्यायालय के आदेश के तहत एक दंपति के मकान को सील करने की कार्रवाई शुरू कर दी। बैंक की अधिकृत टीम पुलिस की मौजूदगी में मौके पर पहुंची और कानूनी प्रक्रिया पूरी की। इस दौरान इलाके में लोगों की भीड़ जुट गई। जानकारी के अनुसार, वर्ष 2019 में दंपति ने व्यवसाय शुरू करने के लिए बैंक से लाखों रुपये का बिजनेस लोन लिया था। शुरूआती समय में उन्होंने करीब दो से तीन लाख रुपये जमा किए, लेकिन बाद में नियमित रूप से किस्तों का भुगतान नहीं कर सके। बैंक ने कई बार नोटिस जारी कर बकाया राशि जमा करने का अवसर दिया, लेकिन भुगतान नहीं होने पर उन्हें डिफॉल्टर घोषित कर दिया गया। दंपति ने बताया कि लोन लेने के बाद उनका व्यवसाय सफल नहीं हो पाया। इसके बाद उन्होंने कोलकाता में नया कारोबार शुरू किया, लेकिन उसमें भी नुकसान उठाना पड़ा। साथ ही दुर्घटना में घायल होने से उनकी आर्थिक स्थिति और खराब हो गई। उन्होंने बैंक अधिकारियों से कुछ और समय देने की अपील करते हुए भरोसा दिलाया कि जल्द ही बकाया राशि का भुगतान कर देंगे।

### 24 घंटे अखंड हरिनाम संकीर्तन व महाभंडारा

**धनबाद/निरसा** : निरसा-जामताड़ा रोड स्थित हरियाजाम बजरंगबली मंदिर में आज 23 जुलाई से दो दिवसीय वार्षिक महोत्सव का शुभारंभ होगा। महोत्सव के तहत 24 घंटे का अखंड हरिनाम संकीर्तन आयोजित किया जायेगा, जिसका समापन 24 जुलाई को होगा। इसके बाद श्रद्धालुओं के लिए महाभंडारा का आयोजन किया जायेगा, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों के शामिल होने की संभावना है। इस वर्ष का महोत्सव विशेष धार्मिक महत्व रखता है। 16 जुलाई को भगवान श्री जगन्नाथ, बड़े भाई श्री बलराम एवं बहन सुभद्रा की रथ यात्रा के दौरान पड़ोसी कुंथल गांव से तीनों विग्रह हरियाजाम स्थित बजरंगबली मंदिर परिसर की मासी बाड़ी पहुंचे थे। जानकारी के अनुसार, कुंथल स्थित श्री श्री गोपीनाथ मंदिर से लगभग 80 वर्षों बाद वर्तमान सेवायत महेश तिवारी के प्रयासों से रथ यात्रा महोत्सव का पुनः आयोजन शुरू हुआ है। रथ यात्रा में निरसा क्षेत्र के हजारों श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रशासन की निगरानी में कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। मासी बाड़ी में प्रतिदिन भगवान को 56 भोग अर्पित किये जा रहे हैं।

---

पेपर लीक के खिलाफ कांग्रेस का 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम, छात्रों के अधिकारों की लड़ाई का एलान

# छात्रों के अधिकारों की लड़ाई सड़क से लेकर सदन तक होगी

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**जोड़ापोखर (धनबाद)** : देशभर में पेपर लीक की घटनाओं को लेकर छात्रों में बढ़ते आक्रोश के बीच कांग्रेस ने बुधवार को डिगवाडीह टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस अध्यक्ष संतोष सिंह ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष कुमार गौरव शामिल हुए। इस दौरान वीडियो प्रोजेक्टर के माध्यम से कांग्रेस नेता राहुल गांधी का संबोधन छात्रों को दिखाया गया और उन्हें अपने अधिकारों के लिए लोकतांत्रिक तरीके से संघर्ष करने का आह्वान किया गया। पत्रकारों से बातचीत में कुमार गौरव ने केंद्र सरकार पर पेपर लीक मामलों को लेकर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने दावा किया कि पिछले 12 वर्षों में देश में 152 बार पेपर लीक की घटनाएं हुई हैं, जिससे करोड़ों छात्रों का भविष्य प्रभावित हुआ है। उन्होंने कहा कि अब तक किसी भी बड़े आरोपी के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई, जिससे छात्रों का भरोसा लगातार टूट रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि अभिभावक अपनी जीवनभर की कमाई बच्चों की शिक्षा पर खर्च करते हैं, लेकिन शिक्षा व्यवस्था में व्याप्त अनियमितताओं के कारण युवाओं का भविष्य संकट में पड़ रहा है। कुमार गौरव ने कहा कि कांग्रेस छात्रों के अधिकारों की लड़ाई सड़क से लेकर सदन तक मजबूती से लड़ेगी। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि छात्र जब शांतिपूर्ण ढंग से अपनी मांगें उठाते हैं तो उनकी आवाज को दबाने का प्रयास किया जाता है। कार्यक्रम का संचालन कॉलेज के प्राचार्य डॉ. निलेश कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर शिक्षाविद डॉ. आर.एन. चौबे, प्राचार्या रूना दुबे, प्रदेश प्रवक्ता अब्दुल करीम अंसारी, मुख्तार खान, एहसान खान, किशोर कुमार, पिंटू तूरी, पूर्व पार्षद आफताब अंसारी सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



## नीट पेपर लीक के विरोध में एनएसयूआई-कांग्रेस का प्रदर्शन, शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग



**धनबाद** : नीट परीक्षा में कथित पेपर लीक और परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता की मांग को लेकर बुधवार को धनबाद में राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) और जिला कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम के तहत जोरदार विरोध-प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन का नेतृत्व बीबीएमकेयू एनएसयूआई अध्यक्ष राज रंजन सिंह ने किया। बड़ी संख्या में छात्र, युवा कार्यकर्ता और कांग्रेस समर्थक इसमें शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए आरोप लगाया कि लगातार सामने आ रही परीक्षा अनियमितताओं से लाखों छात्रों का भविष्य प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि कड़ी मेहनत करने वाले विद्यार्थियों का परीक्षा प्रणाली से विश्वास उठता जा रहा है, इसलिए पेपर लीक के दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। एनएसयूआई और कांग्रेस नेताओं ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री से नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा देने की मांग की। साथ ही नीट पेपर लीक मामले की निष्पक्ष जांच, दोषियों को कठोर सजा तथा परीक्षा व्यवस्था को पूरी तरह पारदर्शी और जवाबदेह बनाने की मांग उठाई। वक्ताओं ने कहा कि 'छात्रों की गूंज' केवल विरोध प्रदर्शन नहीं, बल्कि देशभर के विद्यार्थियों के भविष्य और शिक्षा व्यवस्था में सुधार की आवाज है।

## मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान में तेजी



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**धनबाद** : मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान को गति देने के लिए धनबाद विधानसभा के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अनुमंडल दंडाधिकारी (एसडीएम) लोकेश बारंगे ने बुधवार को बीएलओ एवं बीएलए-2 के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक राजकीयकृत मध्य विद्यालय बरटांड, दिल्ली पब्लिक स्कूल, वरीय बुनियादी विद्यालय जगजीवन नगर तथा एचई स्कूल में आयोजित हुई। एसडीएम ने फॉर्म के डिजिटाइजेशन, गणना प्रपत्रों के सत्यापन और मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अभियान का उद्देश्य अनुपस्थित, स्थानांतरित, दोहरी प्रविष्टि वाले एवं मृत मतदाताओं की सूची को अंतिम रूप देना तथा पात्र नागरिकों के नाम मतदाता सूची में जोड़ना है। साथ ही यह सुनिश्चित किया जायेगा कि एक परिवार के सभी सदस्य एक ही मतदान केंद्र से संबद्ध हों और कोई भी अपात्र व्यक्ति मतदाता सूची में शामिल न हो। बैठक में बूथ संख्या 144, 145 एवं 146 के बीएलओ, स्वयंसेवक, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, बीएलओ सुपरवाइजर, चुनावी पाठशाला के सदस्य तथा स्थानीय मतदाता उपस्थित रहे। एसडीएम ने सभी से अभियान को सफल बनाने में सक्रिय सहयोग की अपील करते हुए शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन, पारदर्शी प्रक्रिया और बीएलओ-बीएलए-2 के बीच बेहतर समन्वय सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

# फूलो-झानो बनकर समाज से मिटायें कुरीतियां, स्वास्थ्य सेवाओं को करें मजबूत

फ्रीडम फाइटर संवाददाता



**धनबाद** : जिला स्वास्थ्य समिति की ओर से बुधवार को न्यू टाउन हॉल में आयोजित जिला स्तरीय सहिया सम्मेलन में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन ने सहियाओं को समाज परिवर्तन की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी बताते हुए बाल विवाह, भ्रूण हत्या जैसी सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ जनजागरण अभियान चलाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जिले की हर सहिया सावित्रीबाई फुले और फूलो-झानो से प्रेरणा लेकर समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करने के साथ-साथ पौधारोपण के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी गांव-गांव तक पहुंचाए। उपायुक्त ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में सहिया ही स्वास्थ्य विभाग का सबसे मजबूत चेहरा हैं। गांव का हर व्यक्ति उन पर भरोसा करता है और उनकी सक्रियता से गर्भवती महिलाओं, बच्चों तथा जरूरतमंद मरीजों को समय पर स्वास्थ्य सेवाएं मिल पाती हैं। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने के लिए लगातार आधारभूत संरचनाओं को सुदृढ़ कर रहा है। राज्य सरकार द्वारा जिले को 300 से अधिक स्वास्थ्य उपकेंद्र उपलब्ध कराए गए हैं तथा अगले सात-आठ महीनों में सभी केंद्रों पर प्रसव सुविधा शुरू करने का लक्ष्य रखा गया है, जिससे शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज अस्पताल और सदर अस्पताल पर मरीजों का दबाव कम होगा। उप विकास आयुक्त सन्नी राज ने कहा कि सहियाओं की बदौलत स्वास्थ्य विभाग की योजनाएं अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही हैं। उन्होंने बरसात के मौसम में सर्पदंश, जलजनित बीमारियों और एंटी रेबीज वैक्सीन के प्रति लोगों को जागरूक करने का आग्रह किया। राज्य कार्यक्रम समन्वयक अकाई मिंज ने सहियाओं को समुदाय और स्वास्थ्य विभाग के बीच मजबूत सेतु बताया, जबकि सिविल सर्जन डॉ. आलोक विश्वकर्मा ने टीकाकरण, संस्थागत प्रसव, नवजात शिशुओं की देखभाल और परिवार नियोजन में उनके योगदान की सराहना की।

## काला हीरा के सम्मान समारोह में मेयर संजीव सिंह ने विजेताओं व गुरुओं को किया सम्मानित



**धनबाद** : सामुदायिक भवन सीसीडब्ल्यूओ में आयोजित दसवें ऑल इंडिया मल्टीलिंगुअल ड्रामा, डांस, ड्राइंग एंड म्यूजिक कंपटीशन फेस्टिवल 'काला हीरा' का समापन समारोह बुधवार को उत्साह और गरिमामय माहौल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धनबाद के मेयर संजीव सिंह का काला हीरा के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने अंगवस्त्र, पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह देकर स्वागत एवं सम्मान किया। समारोह को संबोधित करते हुए मेयर संजीव सिंह ने कहा कि काला हीरा की शुरूआत करीब दस वर्ष पहले हुई थी, तब इसमें केवल 20 कलाकारों ने भाग लिया था। आज यह आयोजन देश के 13 राज्यों के हजारों कलाकारों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का मंच दे रहा है, जिससे धनबाद की सांस्कृतिक पहचान राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत हो रही है। उन्होंने कहा कि अगले वर्ष यह आयोजन और भी भव्य एवं व्यापक स्वरूप में आयोजित किया जायेगा। प्रतियोगिता के परिणाम तीन सदस्यीय निर्णायक मंडल–सिवान के फिल्म निर्देशक विजय कुमार, मुंबई के अभिनेता ए.बी. मिश्रा तथा पश्चिम बंगाल की अभिनेत्री मोनालिसा दास–ने घोषित किए।

जनध्वनि सम्मान 2.0 में पत्रकार हुए सम्मानित, अशोक शर्मा बोले

# पत्रकारों का सम्मान लोकतंत्र का सम्मान

फ्रीडम फाइटर संवाददाता



**झरिया (धनबाद)** : मारवाड़ी युवा मंच, झरिया शाखा की ओर से आयोजित 'जनध्वनि सम्मान 2.0' बुधवार को श्री अग्रसेन भवन, लक्ष्मीनिया मोड़ में गरिमापूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विभिन्न मीडिया संस्थानों से जुड़े पत्रकारों और मीडिया कर्मियों को समाज एवं लोकतंत्र के प्रति उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। यह आयोजन झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के रजत जयंती वर्ष के तहत निवर्तमान प्रांतीय अध्यक्ष अरुण गुप्ता के सम्मान में आयोजित सूचना एवं जनसंपर्क समाज सम्मान कार्यक्रम का हिस्सा था। समारोह में पत्रकारों, सामाजिक कार्यकताओं, बुद्धिजीवियों और गणमान्य नागरिकों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में केक काटकर भी उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अशोक शर्मा, विशिष्ट अतिथि राजीव सांवतिया, महेश शर्मा, विशाल पलसानिया, शाखा अध्यक्ष किरण शर्मा और कार्यक्रम संयोजक दिनेश शर्मा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि अशोक शर्मा ने कहा कि पत्रकार समाज का दर्पण हैं। वे केवल समाचार नहीं देते, बल्कि जागरूकता, पारदर्शिता और सकारात्मक बदलाव के वाहक होते हैं। ऐसे कर्मयोगी पत्रकारों का सम्मान वास्तव में लोकतंत्र और समाज के मूल्यों का सम्मान है। उन्होंने मंच की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन पत्रकारों का मनोबल बढ़ाते हैं।शाखा अध्यक्ष किरण शर्मा ने पत्रकारों को लोकतंत्र की आत्मा बताते हुए कहा कि जनहित के मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाने वाले पत्रकारों का सम्मान पूरे समाज का दायित्व है। संयोजक दिनेश शर्मा ने कहा कि पहले संस्करण की सफलता के बाद इस बार कार्यक्रम को और अधिक भव्य स्वरूप दिया गया है तथा भविष्य में भी ऐसे आयोजन जारी रहेंगे। कार्यक्रम का संचालन निक्की अग्रवाल ने किया। आयोजन को सफल बनाने में सचिव सन्नी अग्रवाल, सह-संयोजक हितेन शर्मा, अनूप नोटका, नीतू नोटका, अंकित तुलस्यान, पंकज जालुका, संयुक्त सचिव मयंक केजरीवाल, हर्ष अग्रवाल, अरविंद शर्मा सहित मारवाड़ी युवा मंच, झरिया शाखा के सभी सदस्यों की सक्रिय भूमिका रही। समारोह के अंत में सभी अतिथियों, सम्मानित पत्रकारों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

# सीआरपीएफ 154वीं वाहिनी ने स्कूली बच्चों के साथ मनाया 28वां स्थापना दिवस



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**धनबाद/बलियापुर** : सीआरपीएफ की 154वीं वाहिनी, प्रधानखंटा ने बुधवार को अपना 28वां स्थापना दिवस उत्साह और गरिमापूर्ण माहौल में स्कूली बच्चों के साथ मनाया। इस अवसर पर उत्क्रमित मध्य विद्यालय, प्रधानखंटा में चित्रकला एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के गौरवशाली इतिहास, त्याग, समर्पण और बलिदान से परिचित कराना तथा उनमें देशभक्ति की भावना विकसित करना था। चित्रकला प्रतियोगिता में बच्चों ने देशभक्ति, पर्यावरण संरक्षण, जल संचयन और स्वच्छता जैसे विषयों पर आकर्षक एवं संदेशपरक चित्र बनाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। वहीं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भी विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस अवसर पर वाहिनी के कमांडेंट सुनील दत्त त्रिपाठी ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए सीआरपीएफ की गौरवगाथा, राष्ट्र सेवा में बल के योगदान और जवानों के बलिदान की जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों से अनुशासन, परिश्रम और ईमानदारी के साथ शिक्षा ग्रहण करने तथा देश के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का आह्वान किया।

## बलियापुर प्रखंड में 154 स्कूली बच्चों के बीच साइकिलों का वितरण

**धनबाद/बलियापुर** : प्रखंड कार्यालय परिसर में बुधवार को आयोजित एक समारोह में मुख्यमंत्री साइकिल वितरण योजना के तहत कक्षा आठवीं के छात्र-छात्राओं के बीच साइकिलों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में वर्ष 2026-27 के लिए कुल 154 विद्यार्थियों को साइकिलें प्रदान की गईं। इनमें 44 छात्र और 110 छात्राएं शामिल हैं। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सिंदरी विधायक चंद्रदेव महतो ने कहा कि साइकिल मिलने से विद्यार्थियों, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों की छात्राओं को विद्यालय आने-जाने में सुविधा होगी। इससे शिक्षा के प्रति उनका उत्साह बढ़ेगा और विद्यालय छोड़ने की प्रवृत्ति में भी कमी आएगी। उन्होंने विद्यार्थियों से नियमित रूप से स्कूल जाने और मन लगाकर पढ़ाई करने का आह्वान किया। इस अवसर पर प्रखंड प्रमुख पिंकी देवी, बीडीओ प्रभाष चंद्र दास, उप प्रमुख आशा देवी तथा डीपीआरओ मोहम्मद आलम ने भी विद्यार्थियों को साइकिलें वितरित कीं और उन्हें बेहतर भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

# नाली निर्माण की गुणवत्ता पर उठे सवाल, ग्रामीणों ने डीसी व नगर आयुक्त से की जांच की मांग

फ्रीडम फाइटर संवाददाता



**बाघमारा (धनबाद)** : धनबाद नगर निगम के वार्ड संख्या-1 स्थित सिंह बस्ती में निमार्णाधीन नाली की गुणवत्ता को लेकर स्थानीय ग्रामीणों ने गंभीर सवाल उठाए हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि निर्माण कार्य में मानकों की अनदेखी करते हुए घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है, जिससे सरकारी राशि के दुरुपयोग की आशंका के साथ नाली की मजबूती पर भी सवाल खड़े हो गए हैं। इस मामले को लेकर ग्रामीणों ने धनबाद के उपायुक्त एवं नगर आयुक्त को संयुक्त रूप से मांगपत्र सौंपकर निर्माण कार्य की निष्पक्ष जांच कराने और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। शिकायत में कहा गया है कि कतरास कॉलेज के समीप सिंह बस्ती में बन रही नाली में निम्न गुणवत्ता की बालू, ईंट और निर्धारित मानक से पतली लोहे की छड़ों का इस्तेमाल किया जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार और मुंशी की मिलीभगत से निर्माण कार्य में अनियमितताएं बरती जा रही हैं। ग्रामीणों के अनुसार, जब उन्होंने गुणवत्तापूर्ण सामग्री का उपयोग करने की मांग की तो मुंशी ने यह कहकर बात टाल दी कि ऊपर से यही आदेश है। ग्रामीणों ने यह भी दावा किया कि हाल ही में हुई बारिश के दौरान निमार्णाधीन नाली से सीमेंट और बालू बह गया, जिससे गिट्टी बाहर दिखाई देने लगी। उनका कहना है कि इससे निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर प्रश्नचिह्न लग गया है और यदि समय रहते सुधार नहीं किया गया तो नाली जल्द ही क्षतिग्रस्त हो सकती है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पूरे मामले की तकनीकी जांच कराकर दोषी ठेकेदार के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने तथा स्वीकृत एस्टीमेट एवं गुणवत्ता मानकों के अनुरूप नाली निर्माण सुनिश्चित कराने की मांग की है। मांगपत्र पर पीएन सिंह, मुकेश सिंह, कुलदीप कुमार सिंह, विवेक कुमार सिंह, संजय सिंह, अजय कुमार सिंह, कृष्ण सिंह, पी. सिंह, किशन सिंह, संजीत सिंह, आशीष सिंह, ईश्वर लाल शर्मा, सोनू शर्मा, छोटू कुमार, अनिल सिंह समेत कई ग्रामीणों के हस्ताक्षर हैं।

## वार्ड संख्या 3 में जर्जर सड़क और जलजमाव से बढ़ी परेशानी, सड़क-नाली निर्माण की मांग तेज



**बाघमारा (धनबाद)** : वार्ड संख्या 3 में जर्जर सड़क, जलजमाव और नालियों की बदहाल स्थिति से स्थानीय लोगों का जनजीवन प्रभावित हो रहा है। स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और आम नागरिकों को प्रतिदिन आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। बरसात के मौसम में स्थिति और भी गंभीर हो जाती है, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि करीब पांच वर्ष पूर्व एक पुराने भवन के ध्वस्त होने के बाद इस मार्ग की हालत लगातार बिगड़ती चली गई। सड़क जगह-जगह टूट चुकी है और नालियों की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण बारिश का पानी लंबे समय तक जमा रहता है। इससे पैदल चलना तो दूर, दोपहिया वाहनों का आवागमन भी जोखिम भरा हो गया है। ग्रामीणों और मोहल्लावासियों ने आरोप लगाया कि इस समस्या को लेकर कई बार वार्ड संख्या 3 की पार्षद रागिनी विनायक गुप्ता, धनबाद नगर निगम, नगर आयुक्त आशीष गंगवार, उपायुक्त धनबाद तथा मुख्यमंत्री झारखंड को आवेदन और शिकायतें दी गईं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। लोगों का कहना है कि बार-बार शिकायतों के बावजूद समस्या जस की तस बनी हुई है। स्थानीय लोगों के अनुसार, इसी सड़क से प्रतिदिन बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राएं, बुजुर्ग, महिलाएं और अन्य नागरिक गुजरते हैं। बारिश के दौरान जलभराव और टूटी सड़क के कारण फिसलने तथा दुर्घटना होने का खतरा बना रहता है। लोगों ने सवाल उठाया कि यदि किसी बच्चे या बुजुर्ग के साथ कोई हादसा होता है, तो इसकी जिम्मेदारी किसकी होगी।

# आयात-निर्यात कोड विषय पर जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित, 45 उद्यमियों ने लिया भाग

फ्रीडम फाइटर संवाददाता




**धनबाद** : जिले में उद्यमिता को बढ़ावा देने और स्थानीय उद्यमियों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय बाजार से जोड़ने के उद्देश्य से बुधवार को ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी), धनबाद में आयात-निर्यात कोड (आईईसी) विषय पर जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में जिले के 45 उद्यमियों ने भाग लेकर आयात-निर्यात से जुड़ी प्रक्रियाओं तथा केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम की शुरूआत जिला उद्योग केंद्र, धनबाद के महाप्रबंधक राजेंद्र प्रसाद ने की। उन्होंने उद्यमियों को आयात-निर्यात कोड के महत्व, आवेदन प्रक्रिया और इसके माध्यम से व्यापार विस्तार की संभावनाओं से अवगत कराया। साथ ही प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) और प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना सहित जिला उद्योग केंद्र द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए उनका लाभ उठाने की अपील की। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई) के सहायक निदेशक सुजीत कुमार ने कहा कि केंद्र सरकार उद्यमियों को आर्थिक सहायता, कौशल विकास, तकनीकी सहयोग और बाजार उपलब्ध कराने के लिए कई योजनाएं संचालित कर रही है। वहीं जिला उद्योग केंद्र के व्यवसाय सुगमता (ईओडीबी) प्रबंधक आदित्य चौधरी ने आयात-निर्यात कोड की उपयोगिता और आवेदन प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी दी। कार्यशाला में उद्यमियों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया। अधिकारियों ने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों का उद्देश्य नए उद्यमियों को प्रोत्साहित करना, निर्यात क्षमता बढ़ाना और जिले में रोजगार के नए अवसर सृजित करना है।

## गुमला सड़क हादसे में बलियापुर के दूसरे युवक की भी मौत, गांव में पसरा मातम

**बलियापुर (धनबाद)** : गुमला में पांच दिन पहले हुए दर्दनाक सड़क हादसे में घायल बलियापुर थाना क्षेत्र के घड़बड़ गांव निवासी 26 वर्षीय राकेश बाउरी की बुधवार को रांची स्थित रिम्स में इलाज के दौरान मौत हो गई। इससे पहले इसी हादसे में घायल 23 वर्षीय संजय बाउरी ने रविवार को दम तोड़ दिया था। लगातार दूसरी मौत की खबर मिलते ही पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार घड़बड़ गांव के संजय बाउरी, राकेश बाउरी और बापी बाउरी करीब एक माह पहले मजदूरी करने गुमला गये थे। तीनों वहां निमार्णाधीन पानी टंकी परियोजना में कार्यरत थे। बीते शुक्रवार को वे एक ही बाइक से गुमला बाजार जा रहे थे। इसी दौरान एक तेज रफ्तार चारपहिया वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से संजय और राकेश को रांची के रिम्स में भर्ती कराया गया था, जबकि तीसरे घायल बापी बाउरी की हालत अब खतरे से बाहर बताई जा रही है। राकेश बाउरी अपने पीछे पत्नी सावित्री देवी, छह वर्षीय पुत्री और चार वर्षीय पुत्र को छोड़ गए हैं। वह दो भाइयों में सबसे छोटे थे। पंचायत की मुखिया मिठू सरखेल, पूर्व मुखिया दिनेश सरखेल सहित कई जनप्रतिनिधियों ने घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना जताई है। समाचार लिखे जाने तक राकेश बाउरी का पार्थिव शरीर रांची से बलियापुर लाया जा रहा था।

# ड्यूटी के दौरान बीसीसीएल कर्मी की मौत, आश्रित को 60 दिनों में नौकरी देने पर बनी सहमति

फ्रीडम फाइटर संवाददाता



**बाघमारा (धनबाद)** : बीसीसीएल कतरास क्षेत्र-4 अंतर्गत सिजुआ साइडिंग में कार्यरत फिटर (हेल्पर) कुन्दन चौहान की ड्यूटी के दौरान तबीयत बिगड़ने से इलाज के क्रम में मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों और श्रमिक संगठनों ने आश्रित को रोजगार एवं अन्य वैधानिक सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग को लेकर दिवंगत कर्मी के पार्थिव शरीर को क्षेत्रीय कार्यालय में रखकर प्रदर्शन किया। जानकारी के अनुसार, 21 जुलाई 2026 को प्रथम पाली में कार्य के दौरान कुन्दन चौहान की अचानक तबीयत खराब हो गई। सहकर्मियों ने उन्हें तत्काल केंद्रीय चिकित्सालय, धनबाद पहुंचाया, जहां चिकित्सकों के प्रयास के बावजूद इलाज के दौरान उनका निधन हो गया। घटना के बाद बीसीसीएल प्रबंधन, श्रमिक संगठनों और मृतक के परिजनों के बीच बुधवार को वार्ता हुई। बातचीत में कंपनी के नियमानुसार दिवंगत कर्मी के सभी देय भुगतान करने तथा उनके पुत्र सोनू चौहान को 60 दिनों के भीतर प्रोविजनल कंडीशनल नियुक्ति देने पर सहमति बनी। इसके बाद परिजनों और यूनियन प्रतिनिधियों ने आंदोलन समाप्त कर दिया। जनता मजदूर संघ और जनता श्रमिक संघ ने प्रबंधन के निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि सभी आवश्यक औपचारिकताएं समयबद्ध ढंग से पूरी कर आश्रित को जल्द नियुक्ति तथा परिवार को सभी वैधानिक लाभ उपलब्ध कराए जायें। यूनियन नेताओं ने दिवंगत कर्मी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोकाकुल परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। इस अवसर पर केंद्रीय सचिव सत्येंद्र कुमार सिंह, हरेंद्र कुमार सिंह, यशवंत कुमार सिंह, जगदीश रजक, शशि रंजन कुमार, पिंटू चौहान, राजू बेलदार, मनोज कुमार, कैलाश बेलदार, नगीना चौहान, मो. आजाद, शमशाद आलम, प्रेम कुमार, जितेंद्र हाड़ी, गुड्डू अंसारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# जीएनएम कॉलेज के पास अवैध शराब पर प्रशासन की बड़ी कार्रवाई, दो धंधेबाज गिरफ्तार

फ्रीडम फाइटर संवाददाता



**धनबाद/बाघमारा** : जिले में अवैध शराब के निर्माण, बिक्री और तस्करी के खिलाफ जिला प्रशासन का अभियान लगातार तेज होता जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को कतरास थाना क्षेत्र के मछली पट्टी स्थित जीएनएम कॉलेज के समीप उत्पाद विभाग और कतरास पुलिस की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध शराब बेच रहे दो लोगों को रंगेहाथ गिरफ्तार किया। छापेमारी के दौरान महुआ, देशी और विदेशी शराब की बड़ी मात्रा भी बरामद की गई। दोनों आरोपियों के खिलाफ उत्पाद अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। जानकारी के अनुसार उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन को गुप्त सूचना मिली थी कि जीएनएम कॉलेज के पास अवैध शराब का कारोबार संचालित किया जा रहा है। सूचना मिलते ही सहायक आयुक्त उत्पाद अजय कुमार गोंड के नेतृत्व में उत्पाद विभाग की टीम ने कतरास थाना पुलिस के सहयोग से मछली पट्टी इलाके में छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान 18.6 लीटर महुआ शराब, 6.9 लीटर देशी शराब और 2.52 लीटर विदेशी शराब बरामद की गई। मौके से सुशील कुंडू एवं अनिल कुमार बर्नवाल को अवैध शराब बेचते हुए गिरफ्तार कर लिया गया। उपायुक्त आदित्य रंजन ने कहा कि जिले में अवैध शराब, नशीले पदार्थों और अन्य गैरकानूनी गतिविधियों में संलिप्त लोगों के खिलाफ अभियान आगे भी और अधिक सख्ती से जारी रहेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि विशेष रूप से शिक्षण संस्थानों, सार्वजनिक स्थलों और रिहायशी इलाकों के आसपास किसी भी प्रकार का अवैध कारोबार किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उपायुक्त ने जिले के सभी शिक्षण संस्थानों के प्राचार्यों, अभिभावकों और आम नागरिकों से अपील की कि यदि कहीं अवैध शराब या नशीले पदार्थों की बिक्री अथवा कोई संदिग्ध गतिविधि दिखाई दे तो इसकी सूचना तत्काल प्रशासन को दें। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी तथा दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी।

## पॉक्सो मामले में दोषी सचिन देव को 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा

**धनबाद** : पॉक्सो अधिनियम के तहत दर्ज एक महत्वपूर्ण मामले में धनबाद के व्यवहार न्यायालय ने कड़ा फैसला सुनाते हुए कतरास थाना कांड संख्या 151/25 के अभियुक्त सचिन देव को दोषी करार दिया है। न्यायालय ने अभियुक्त को पॉक्सो अधिनियम की धारा 6 के तहत 20 वर्ष के कठोर कारावास तथा 25 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। इसके अलावा न्यायालय ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 87 के तहत भी अभियुक्त को दोषी मानते हुए 5 वर्ष के कारावास और 25 हजार रुपये जुर्माने से दंडित किया। इस प्रकार अभियुक्त पर कुल 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। न्यायालय ने अपने आदेश में स्पष्ट किया कि यदि अभियुक्त निर्धारित जुर्माने की राशि जमा नहीं करता है तो उसे चार माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से अपर लोक अभियोजक (एपीपी) समित प्रकाश ने प्रभावी ढंग से पक्ष रखा। उनकी पैरवी और प्रस्तुत साक्ष्यों के आधार पर न्यायालय ने अभियुक्त को दोषी ठहराते हुए यह सजा सुनाई। न्यायालय के इस फैसले को बच्चों के विरुद्ध यौन अपराधों के मामलों में सख्त संदेश के रूप में देखा जा रहा है। इससे स्पष्ट होता है कि ऐसे मामलों में दोषियों के खिलाफ कानून के तहत कठोर कार्रवाई की जाएगी और पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए न्यायपालिका गंभीरता से कार्य कर रही है।

## धनबाद में एसएसपी के निर्देश पर चला एंटी क्राइम चेकिंग अभियान, 1019 वाहनों की जांच


**धनबाद** : वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार के निर्देश पर मंगलवार की देर शाम तक जिले के सभी थाना क्षेत्रों में व्यापक एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के तहत प्रमुख चौक-चौराहों, संवेदनशील स्थानों और मुख्य सड़कों पर पुलिस टीमों ने सघन वाहन जांच कर संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी नजर रखी। जांच अभियान के दौरान कुल 1019 वाहनों की जांच की गई। पुलिस अधिकारियों ने वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन, बीमा और अन्य आवश्यक दस्तावेजों का सत्यापन किया। जिन वाहनों के कागजात अधूरे या नियमों के अनुरूप नहीं पाए गए, उनके विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालान की कार्रवाई की गई। साथ ही वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने और सभी आवश्यक दस्तावेज साथ रखने की हिदायत भी दी गई। अभियान के दौरान पुलिस ने सार्वजनिक स्थानों पर मौजूद संदिग्ध व्यक्तियों की तलाशी लेकर उनकी पहचान का सत्यापन किया। अधिकारियों ने बताया कि इस तरह के अभियान का मुख्य उद्देश्य अपराध पर प्रभावी नियंत्रण, असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर निगरानी और जिले में कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखना है। एसएसपी प्रभात कुमार ने कहा कि आम नागरिकों की सुरक्षा पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## सम्पादकीय.....

# बैरिकेडों के साये में लोकतंत्र

**लोकतंत्र** की पहचान केवल चुनावों से नहीं होती; उसकी असली शक्ति संवाद में निहित होती है। चुनाव सत्ता तय करते हैं, लेकिन संवाद समाज को जोड़ता है। जब किसी लोकतांत्रिक व्यवस्था में असहमति व्यक्त करने वाले नागरिकों का सामना बातचीत से पहले बैरिकेड, कंक्रीट की दीवारों, पुलिस बंदोबस्त और हिरासत से होने लगे, तब प्रश्न केवल कानून-व्यवस्था का नहीं रह जाता, बल्कि लोकतंत्र की प्रकृति पर खड़ा हो जाता है। दिल्ली की सीमाओं पर एक बार फिर वही दृश्य दिखाई दिया, जो पिछले कुछ वर्षों में भारतीय राजनीति का स्थायी प्रतीक बन गया है। पंजाब और हरियाणा के किसान भारतझ्रअमेरिका प्रस्तावित व्यापार समझौते के विरोध में राजधानी की ओर बढ़े। उनके हाथों में हथियार नहीं थे, बल्कि खेती, बाजार और आजीविका को लेकर गहरी आशंकाएं थीं। लेकिन शंभू बॉर्डर पर उनका स्वागत संवाद से पहले सीमेंट के ब्लॉकों, लोहे के बैरिकेडों और भारी पुलिस बल से हुआ। इस बार घटनाक्रम केवल प्रतीकात्मक नहीं था। देश बचाओ मोर्चा के आह्वान पर पंजाब के विभिन्न जिलों से हजारों किसान ट्रैक्टर-ट्रॉलियों, बसों और अन्य वाहनों में सवार होकर किसान घाट पर आयोजित महापंचायत में शामिल होने निकले। फतेहगढ़ साहिब, पटियाला, संगरूर, मानसा और बठिंडा से किसानों के जत्थे शंभू सीमा तक पहुंचे, लेकिन हरियाणा सरकार ने सीमा को लगभग अभेद्य बना दिया। घग्गर नदी के पुलों पर भी कंक्रीट के अवरोध रख दिए गए। कई किसानों को अपने वाहन छोड़कर पैदल आगे बढ़ने का प्रयास करना पड़ा। किसान नेता सरवन सिंह पंढेर ने आरोप लगाया कि सरकार किसानों को राजधानी में अपनी बात रखने से रोक रही है। दूसरी ओर हरियाणा पुलिस का कहना है कि राजधानी की सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखना उसकी संवैधानिक जिम्मेदारी है। कई किसान नेताओं को एहतियातन हिरासत में लिया गया। यहीं से यह घटनाक्रम केवल प्रशासनिक कार्रवाई नहीं रह जाता। सवाल यह है कि किसी लोकतंत्र में असहमति का पहला उत्तर संवाद होना चाहिए या बैरिकेड? सरकार का कहना है कि ये कदम कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए उठाए गए हैं, जबकि किसान संगठनों का आरोप है कि शांतिपूर्ण विरोध के संवैधानिक अधिकार को सीमित किया जा रहा है। दोनों दावों के बीच भारतीय लोकतंत्र एक कठिन प्रश्न से जूझ रहा है—क्या असहमति अब प्रशासनिक चुनौती बन चुकी है? इस बार का आंदोलन केवल न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) या कर्जमाफी तक सीमित नहीं है। इसके केंद्र में भारत-अमेरिका प्रस्तावित व्यापार समझौता है। किसान संगठनों की आशंका है कि यदि कृषि और डेयरी क्षेत्र को पर्याप्त सुरक्षा दिए बिना यह समझौता लागू हुआ, तो सस्ते अमेरिकी कृषि उत्पाद भारतीय बाजार में बड़ी मात्रा में प्रवेश करेंगे। इससे सबसे बड़ा आघात उन छोटे और सीमांत किसानों को लगेगा, जो पहले ही बढ़ती लागत, जलवायु परिवर्तन और बाजार की अनिश्चितता से जूझ रहे हैं। भारत की कृषि को केवल व्यापार की दृष्टि से नहीं देखा जा सकता। यह करोड़ों लोगों की आजीविका, खाद्य सुरक्षा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था का आधार है। देश के अधिकांश किसान दो-तीन एकड़ भूमि पर खेती करते हैं। दूसरी ओर अमेरिका की कृषि विशाल व्यावसायिक फार्मों, उन्नत तकनीक और व्यापक सरकारी सहायता पर आधारित है। ऐसी असमान परिस्थितियों में खुली प्रतिस्पर्धा को लेकर किसानों की चिंता स्वाभाविक है। हालांकि दूसरी तस्वीर भी है। वैश्विक व्यापार समझौते अवसर भी पैदा करते हैं। नए बाजार, कृषि निर्यात और प्रसंस्कृत खाद्य उद्योग के विस्तार से किसानों को लाभ भी मिल सकता है।

## ● किसने क्या कहा



युवाओं को राजनीतिक औजार बना रहा विपक्ष, छात्र आकांक्षाओं को लेकर सरकार प्रतिबद्ध

राजनाथ सिंह
रक्षा मंत्री

धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा दें, छात्रों पर कार्रवाई के लिए प्रधानमंत्री माफी मांगें



राहुल गांधी
लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष

# छात्र आंदोलन : मुद्दों से भटकती बहस और भविष्य की चिन्ता

विशेष — डॉ. सत्यवान सौरभ



जब छात्र अपने अधिकारों और भविष्य के लिए संघर्ष करते हैं, तब समाज उनके साथ खड़ा होता है। अभिभावक, शिक्षक और आम नागरिक भी उनकी मांगों को उचित मानते हैं। लेकिन जैसे ही आंदोलन का केंद्र बदलने लगता है और मूल मुद्दे से असंबंधित विषय मंच पर आने लगते हैं, तब उसकी विश्वसनीयता पर प्रश्न उठना स्वाभाविक है। यदि परीक्षा में गड़बड़ी के विरोध का मंच ऐसे नारों, भाषणों या विवादों का केंद्र बन जाए जिनका शिक्षा व्यवस्था से कोई प्रत्यक्ष संबंध नहीं है, तो आंदोलन की गंभीरता कम होती है और वास्तविक मुद्दा पीछे छूट जाता है। आज देश का युवा पेपर लीक से परेशान है। उसे इस बात की चिंता है कि वर्षों की मेहनत कहीं किसी अपराधी गिरोह की वजह से व्यर्थ न चली जाए।

**लोकतंत्र** में विरोध-प्रदर्शन केवल अधिकार नहीं, बल्कि जवाबदेही सुनिश्चित करने का एक प्रभावी माध्यम भी है। जब व्यवस्था में कोई गंभीर खामी सामने आती है, तब जनता अपनी आवाज बुलंद करती है और सरकार से जवाब मांगती है। विशेष रूप से जब मामला लाखों विद्यार्थियों के भविष्य से जुड़ा हो, तब विरोध का स्वर और अधिक स्वाभाविक हो जाता है। ठएएळ जैसी राष्ट्रीय परीक्षा में कथित अनियमितताओं और पेपर लीक की खबरों ने पूरे देश के युवाओं और उनके अभिभावकों को चिंतित किया। वर्षों की कठिन मेहनत के बाद यदि किसी परीक्षा की निष्पक्षता पर प्रश्नचिह्न लग जाए, तो आक्रोश पैदा होना असामान्य नहीं है। किंतु इस पूरे घटनाक्रम ने एक बड़ा प्रश्न भी खड़ा किया कि क्या छात्र आंदोलनों का उद्देश्य वास्तव में छात्रों का भविष्य रह गया है, या फिर वे धीरे-धीरे राजनीतिक और वैचारिक संघर्षों का मंच बनते जा रहे हैं? किसी भी छात्र आंदोलन की सबसे बड़ी ताकत उसकी नैतिकता होती है। जब छात्र अपने अधिकारों और भविष्य के लिए संघर्ष करते हैं, तब समाज उनके साथ खड़ा होता है। अभिभावक, शिक्षक और आम नागरिक भी उनकी मांगों को उचित मानते हैं। लेकिन जैसे ही आंदोलन का केंद्र बदलने लगता है और मूल मुद्दे से असंबंधित विषय मंच पर आने लगते हैं, तब उसकी विश्वसनीयता पर प्रश्न उठना स्वाभाविक है। यदि परीक्षा में गड़बड़ी के विरोध का मंच ऐसे नारों, भाषणों या विवादों का केंद्र बन जाए जिनका शिक्षा व्यवस्था से कोई प्रत्यक्ष संबंध नहीं है, तो आंदोलन की गंभीरता कम होती है और वास्तविक मुद्दा पीछे छूट जाता है। आज देश का युवा पेपर लीक से परेशान है। उसे इस बात की चिंता है कि वर्षों की मेहनत कहीं किसी अपराधी गिरोह की वजह से व्यर्थ न चली जाए। ऐसे में सबसे बड़ा प्रश्न यह होना चाहिए कि पेपर लीक कैसे रुकेंगे, परीक्षा प्रणाली को अधिक सुरक्षित कैसे बनाया जाएगा, दोषियों को कितनी जल्दी और कितनी कठोर सजा मिलेगी तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए कौन-से संस्थागत सुधार किए जाएंगे। यदि इन मूल प्रश्नों के स्थान पर केवल राजनीतिक नारे और सरकार विरोध या सरकार समर्थन की बहस प्रमुख हो जाए, तो समाधान की दिशा कमजोर पड़ जाती है। यह भी स्वीकार करना होगा कि पेपर लीक कोई नई समस्या नहीं है। अलग-अलग राज्यों में, अलग-अलग सरकारों के समय विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में अनियमितताओं के मामले सामने आते रहे हैं। इससे स्पष्ट है कि समस्या किसी एक दल, एक मंत्री या एक सरकार तक सीमित नहीं है। समस्या उस तंत्र में है जिसमें अपराधी गिरोह सेंध लगाने में सफल हो जाते हैं। इसलिए यदि हर बार केवल राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप तक ही चर्चा सीमित रहेगी, तो वास्तविक अपराधी बच निकलेंगे और विद्यार्थी बार-बार पीड़ित होंगे।

किसी मंत्री का इस्तीफा लोकतांत्रिक जवाबदेही का विषय हो सकता है, लेकिन यह अपने आप में अंतिम समाधान नहीं है। मंत्री बदलने से व्यवस्था तभी बदलेगी जब प्रशासनिक सुधार, तकनीकी सुरक्षा, पारदर्शी जांच और कठोर दंड व्यवस्था लागू होगी। यदि जड़ पर प्रहार नहीं होगा तो केवल चेहरे बदलने से परिणाम नहीं बदलेंगे। इसलिए छात्र आंदोलनों का केंद्र व्यक्ति नहीं, व्यवस्था में सुधार होना चाहिए। सोशल मीडिया के दौर में आंदोलनों की दिशा बहुत तेजी से बदलती है। कुछ सेकंड की वीडियो क्लिप, एक नारा या एक पोस्ट पूरे आंदोलन की छवि तय कर देती है। यही कारण है कि आंदोलन से जुड़े लोगों की जिम्मेदारी पहले से कहीं अधिक बढ़ जाती है। यदि मंच पर ऐसे नारे सुनाई दें जिनका परीक्षा या शिक्षा से कोई संबंध न हो, तो आम नागरिक यह सोचने पर विवश हो जाता है कि क्या आंदोलन का मूल उद्देश्य वही है जो शुरूआत में बताया गया था। लोकतंत्र में विचारधाराओं का स्थान है, लेकिन जब छात्र आंदोलन वैचारिक प्रतिस्पर्धा का माध्यम बन जाए, तब सबसे बड़ा नुकसान उन्हीं छात्रों का होता है जिनके नाम पर आंदोलन शुरू हुआ था। सार्वजनिक जीवन में सक्रिय किसी भी व्यक्ति—चाहे वह सामाजिक कार्यकर्ता हो, छात्र नेता हो या आंदोलन का चेहरा—उसकी बातों से सहमति और असहमति दोनों हो सकती हैं। लोकतंत्र इसी विविधता का नाम है। लेकिन किसी भी आंदोलन का मूल्यांकन व्यक्तियों की लोकप्रियता से नहीं, बल्कि उसके उद्देश्य और परिणामों से होना चाहिए। यदि आंदोलन छात्रों के भविष्य के लिए शुरू हुआ है, तो उसकी हर गतिविधि, हर नारा और हर मांग उसी उद्देश्य को मजबूत करने वाली होनी चाहिए। अन्यथा समाज का विश्वास कमजोर पड़ने लगता है। आज आवश्यकता केवल दोषारोपण की नहीं, बल्कि व्यापक सुधार की है। राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं के लिए अत्याधुनिक डिजिटल सुरक्षा व्यवस्था विकसित करनी होगी। प्रश्नपत्रों के निर्माण से लेकर वितरण तक हर चरण में जवाबदेही तय करनी होगी। साइबर सुरक्षा को मजबूत करना होगा। पेपर लीक में शामिल संगठित गिरोहों की संपत्ति जब्त करने, त्वरित न्याय और आजीवन प्रतिबंध जैसे कठोर उपायों पर गंभीरता से विचार करना होगा। जब तक अपराधियों को यह भय नहीं होगा कि उनके अपराध की कीमत बहुत भारी होगी, तब तक समस्या पूरी तरह समाप्त नहीं होगी।

# आढ़तियों के चंगुल में ग्राहक-किसान, सरकार लाचार

गौरतलब — संजय सक्सेना



खेत से लेकर ग्राहक की थाली तक के सफर में जो मुनाफा किसान के घर पहुंचना चाहिए था और जो राहत ग्राहक को मिलनी चाहिए थी, वह सब इन आढ़तियों की तिजोरियों में बंद हो रहा है। आज स्थिति यह बन चुकी है कि आढ़तियों के तय किए रेट पर ही किसान बेचने और ग्राहक खरीदने के लिए मजबूर हैं, और सरकार का तंत्र इस पूरे खेल में पूरी तरह मूकदर्शक बना नजर आता है।

**भारतीय** कृषि व्यवस्था की सबसे बड़ी त्रासदी यह है कि खेत की मिट्टी से उपज उगाने वाला किसान और रसोई घर का बजट संभालने वाला आम ग्राहक, दोनों एक ही चक्रव्यूह के दो अलग-अलग शिकार हैं। किसान दिन-रात पसीना बहाकर फसल तैयार करता है, लेकिन जब वह बाजार पहुंचता है तो उसकी जेब खाली रह जाती है। दूसरी तरफ, जब वही ग्राहक बाजार में सब्जियां या अनाज खरीदने जाता है, तो आसमान छूती महंगाई उसकी कमर तोड़ देती है। इस पूरी व्यवस्था के बीच एक ऐसा वर्ग पनप रहा है, जो बिना किसी शारीरिक मेहनत के पूरी मंडी प्रणाली पर अपना नियंत्रण जमाए बैठा है ये हैं बिचौलिए यानी 'आढ़ती'। खेत से लेकर ग्राहक की थाली तक के सफर में जो मुनाफा किसान के घर पहुंचना चाहिए था और जो राहत ग्राहक को मिलनी चाहिए थी, वह सब इन आढ़तियों की तिजोरियों में बंद हो रहा है। आज स्थिति यह बन चुकी है कि आढ़तियों के तय किए रेट पर ही किसान बेचने और ग्राहक खरीदने के लिए मजबूर हैं, और सरकार का तंत्र इस पूरे खेल में पूरी तरह मूकदर्शक बना नजर आता है। आंकड़ों पर नजर डालें तो इस शोषण की भयानक तस्वीर साफ दिखने लगती है। भारत में राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण (एनएसएसओ) के आंकड़े बताते हैं कि देश में एक कृषि परिवार की औसत मासिक आय मात्र 10,218 रुपये के करीब है। इस मामूली सी रकम में किसान को अपनी खाद, बीज, डीजल, मजदूरी और परिवार के भरण-पोषण का खर्च चलाना पड़ता है। इसके ठीक विपरीत, रिजर्व बैंक और विभिन्न शोध संस्थानों की रिपोर्ट दर्शाती है कि किसान की उपज के अंतिम बाजार मूल्य (यानी जो दाम ग्राहक चुकाता है) का महज 25 से 35 प्रतिशत हिस्सा ही किसान की जेब तक पहुंच पाता है। उदाहरण के लिए, यदि बाजार में टमाटर या प्याज 60 रुपये प्रति किलो बिक रहा है, तो खेत पर किसान को इसका मुश्किल से 12 से 15 रुपये प्रति किलो ही मिलता है। बाकी का लगभग 65 से 75 प्रतिशत हिस्सा बिचौलियों, आढ़तियों, परिवहन और मंडी के विभिन्न स्तरों पर बंट जाता है। यह आंकड़ा साबित करता है कि असली पसीना बहाने वाले को नाममात्र की मजदूरी मिल रही है, जबकि बीच की कड़ी मुनाफा कूट रही है। आढ़तियों का यह नेटवर्क इतना मजबूत और संगठित है कि वे मंडी में प्रवेश करते ही किसान की बेबसी का फायदा उठाना शुरू कर देते हैं।

## आज का इतिहास

- सरहिंद में सिकन्दर सूरी को हरा कर मुगल शासक हुमायूं 23 जुलाई 1555 में दिल्ली पहुंचा।
- नेपोलियन में मिस्र में अलेक्जेंड्रिया पर 23 जुलाई 1798 को कब्जा किया।
- अमेरिका के विलियम ऑस्टिन बर्ट ने 1829 में टाइपोग्राफ का पेटेंट कराया था, जिसने टाइपराइटर की नींव रखी।
- हवाई में पहली टेलीफोन और टेलीग्राफ लाईन 23 जुलाई 1877 को बिछायी गयी।
- अंतर्राष्ट्रीय जिम्नास्टिक संघ ने 1881 में खेल परिसंघ की स्थापना की। यह विश्व का सबसे पुराना खेल परिसंघ है।
- मोटर कंपनी फोर्ड ने 1903 में अपनी पहली कार बेची।
- चार्ल्स इ मेंसियस द्वारा मलाइबरफ संकु (आइसक्रीम कोण) की खोज 1904 में की गयी।
- आक्ड्यूक फ्रांसिस फर्डिनेंड की हत्या के बाद आस्ट्रीया-हंगरी ने 1914 में सर्बिया को अल्टीमेटम दिया। इसी के बाद प्रथम विश्व युद्ध शुरू हो गया।
- ब्रिटेन के कब्जेवाले पूर्वी अफ्रीका का नामकरण 23 जुलाई 1920 में केन्या किया गया और इसे ब्रिटिश उपनिवेश बना दिया गया।
- भारत में नियमित रेडियो प्रसारण की शुरूआत 1927 में मुम्बई से हुई।
- इटली में फासीवादी सरकार ने 1929 में विदेशी शब्दों के प्रयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया।
- मिश्र में 1952 को क्रांति हुई। मुहम्मद नाजिर के नेतृत्व में कुछ युवा सैनिकों ने विद्रोह कर बादशाह फारुख-1 का साशन समाप्त कर उसे देश से बाहर निकाल दिया।
- हिटलर ने 23 जुलाई 1942 में स्टालिनग्राद पर कब्बजा करने का आदेश जारी किया। 1944 अमेरिकी की सेना ने इटली के पीसा पर कब्जा किया।
- 1999 जापान की राजधानी टोक्यों में ए एन एन फलाइट 61 का अपहरण किया गया।

## अंकजाल - 8337

खाली स्थानों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर दाएँ से बाएँ एवं ऊपर से नीचे जोड़ना है जिसका सही उत्तर मटमैले रंग के खानों में दिया गया है.

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 20 | 22 | 22 | ■ | 23 | 16 | 11 | 18 | ■ |
| 14 | 3 | | 7 | ■ | 8 | | 4 | | 26 |
| 14 | | 7 | | ■ | | 7 | | 3 | 23 |
| 17 | 8 | | 7 | ■ | 3 | | 2 | | 15 |
| 28 | | 9 | | 7 | | ■ | ■ | ■ | ■ |
| ■ | ■ | ■ | ■ | | 2 | | 7 | | 27 |
| 18 | | 3 | | 5 | ■ | 6 | | 3 | 16 |
| 17 | 6 | | 5 | | ■ | | 6 | | 19 |
| 23 | | 8 | | 4 | ■ | 6 | | 7 | 21 |
| ■ | 13 | 15 | 19 | 23 | ■ | 22 | 28 | 26 | ■ |

### अंकजाल 8336 का हल

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 14 | 23 | 22 | ■ | 32 | 14 | 19 | 13 | ■ |
| 14 | 2 | 7 | 5 | ■ | 5 | 4 | 9 | 7 | 25 |
| 16 | 5 | 3 | 8 | ■ | 2 | 7 | 3 | 4 | 16 |
| 15 | 2 | 6 | 7 | ■ | 9 | 3 | 7 | 2 | 21 |
| 26 | 5 | 7 | 2 | 5 | 7 | ■ | ■ | ■ | ■ |
| ■ | ■ | ■ | ■ | 8 | 9 | 2 | 3 | 8 | 30 |
| 21 | 5 | 6 | 7 | 3 | ■ | 6 | 4 | 5 | 15 |
| 16 | 2 | 5 | 6 | 3 | ■ | 7 | 8 | 8 | 23 |
| 23 | 5 | 8 | 6 | 4 | ■ | 6 | 8 | 7 | 21 |
| ■ | 12 | 19 | 19 | 23 | ■ | 21 | 23 | 28 | ■ |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अंतर्दृष्टि से अनुबंधित है ज्ञान

**बुद्धि** अच्छी चीज है, पर कोरी बौद्धिकता ही सब कुछ नहीं है। इससे व्यक्ति के जीवन में नीरसता और शुष्कता आती है। ज्ञान अंतर्दृष्टि से अनुबंधित है, इसलिए यह अपने साथ सरसता लाता है। ज्ञानी व्यक्तियों के लिए पुस्तकीय अध्ययन की विशेष अपेक्षा नहीं रहती। भगवान महावीर ने कब पढ़ी थीं पुस्तकेंट आचार्य भिक्षु, संत तुलसी, संत कबीर अदि जितने ज्ञानवान पुरुष हुए हैं, उनमें कोई भी पंडित नहीं थे। अंतर्दर्शन उनकी ज्ञानमयी चेतना की स्फुरणा करता था। इसके आधार पर ही उन्होंने गंभीर तत्वों का विश्लेषण किया। वे यदि पुस्तकों के आधार पर प्रतिबोध देते तो संसार को कोई नया दृष्टिकोण नहीं दे सकते थे। एक बात और ज्ञातव्य है। विद्वान बहुत पढ़े-लिखे होते हैं, पर वे आज तक भी किसी ज्ञानी को पराजित नहीं कर सके। इंद्रभूति महापंडित थे। उनका पांडित्य विश्रुत था। पर वे भगवान महावीर की ज्ञान चेतना का अनुभव करते ही पराभूत हो गए। इतिहास ऐसे उदाहरणों से भरा पड़ा है। ज्ञान और बुद्धि की परस्पर कोई तुलना नहीं है। बुद्धि कुंड का पानी है और ज्ञान कुएं का पानी है। कुंड का पानी जितना है उतना ही रहता है। वर्षा होती है तो पानी थोड़ा बढ़ जाता है। इसी प्रकार अनुकूल सामग्री और पुरुषार्थ का योग होता है तो बुद्धि बढ़ जाती है।

## सुविचार

नीच की नम्रता अत्यन्त दुखदायी है..., अंकुश, धनुष, सांप और बिल्ली झुककर वार करते हैं।

**महर्षि वाल्मीकि**

हमें हमेशा यह याद रखना चाहिए कि खुशी जीवन की यात्रा का एक तरीका है, न कि जीवन की मंजिल।

**रॉय गुडमैन**

## राशिफल

**मेष:** किसी से कहासुनी न हो यह ध्यान रहे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी।

**तुला:** प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**वृष:** अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें।

**वृश्चिक:** स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी।

**मिथुन:** परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा।

**धनु:** शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी।

**कर्क:** स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी।

**मकर:** लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी।

**सिंह:** लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी।

**कुंभ:** माता पक्ष से विशेष लाभ होगा। अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव।

**कन्या:** स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी।

**मीन:** प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा।

# युवा असंतोष : देखना है जोर कितना बाजु-ए-कातिल में है ?



निर्मल रानी

**देश** का भविष्य, युवा शक्ति इन दिनों दिल्ली से लेकर देश के और भी कई नगरों महानगरों में सड़कों पर उतर चुका है। भारतीय जनता पार्टी के शासनकाल में यह पहला अवसर है जबकि सरकार को इतने व्यापक स्तर पर जन विरोध का सामना करना पड़ रहा है। युवाओं व छात्रों में उपजे इस तरह के राष्ट्रव्यापी असंतोष का मुख्य कारण यह है कि उन्हें अपना भविष्य अंधकारमय नजर आ रहा है। पिछले कुछ वर्षों में कथित रूप से 152 बार विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक होने की घटनायें हो चुकी हैं। इसके चलते लगभग 7.5 करोड़ छात्रों के भविष्य के लिये संकट खड़ा हो गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार वर्ष 2021 से 2026 के बीच नीट परीक्षा के दबाव,अनिश्चितताओं ,पेपर लीक मॉडल और व्यवस्था की नाकामी के चलते मानसिक तनाव में आकर देश में 90 से अधिक छात्र आत्महत्या कर चुके हैं। देश का युवा केंद्रीय शिक्षा मंत्री से इस्तीफे की मांग कर रहा है। परंतु फिलहाल तो ऐसा प्रतीत हो रहा है कि सरकार ने युवाओं की इस मांग को नकारने को ही अपनी प्रतिष्ठा का प्रश्न बना लिया है। यही वजह है कि पर्यावरणविद व सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक के लंबे अनशन के बावजूद सरकार ने उनकी मांगों पर कोई ध्यान नहीं दिया। नतीजतन जंतर मंतर से युवाओं का सैलाब गत 20 जुलाई को सत्र शुरूआत के पहले ही दिन संसद की ओर निकल पड़ा। इस पूरे घटनाक्रम के कई अलग अलग पहलू हैं। इनमें एक महत्वपूर्ण पहलू है सरकार का इन प्रदर्शनकारी युवाओं,छात्रों व आंदोलन से निपटने का तरीका। याद कीजिये जब तीन कृषि कानूनों के विरुद्ध दिल्ली की सीमाओं पर 26 नवंबर 2020 से 9 दिसंबर 2021 तक ऐतिहासिक किसान आंदोलन 380 दिनों तक चला था उस समय भी इसी भाजपा सरकार ने आंदोलन को कुचलने के लिये तरह तरह के हथकंडे अपनाये थे। उसे भी पाकिस्तान, माओवादी, खालिस्तानी समर्थक आंदोलन बताया गया था। आंदोलन की फंडिंग पर सवाल खड़ा किया गया था,किसान दिल्ली न पहुँचने पाएं इसके लिये सड़कों पर कीलें बिछाई गयी थीं,कई जगह पक्की दीवारें बनाकर आंदोलन को कमजोर करने की कोशिश हुई थी। परन्तु अन्नदाता कहाँ दबने वाले थे। आखिरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 19 नवंबर 2021 को तीनों कृषि कानूनों को वापस लेने का आधिकारिक ऐलान किया। और किसानों ने तीनों काले कृषि कानूनों को वापस करवाकर ही दम लिया। इस तरह के किसान विरोधी प्रोपेगेंडा में तब भी मीडिया ने सत्ता के पक्ष में बड़ी भूमिका निभाई थी और आज भी वही सत्ता परस्त चाटुकार मीडिया छात्रों व युवा शक्ति के इस आंदोलन में ठीक वैसी ही भूमिका निभा रहा है। दिल्ली के जंतर-मंतर पर शिक्षा मंत्री के इस्तीफे और शिक्षा प्रणाली में सुधार को लेकर 28 जून 2026 से अनशन शुरू हुआ था। सोनम वांगचुक व छात्र संगठनों के नेतृत्व में चल रहा यह आंदोलन 34 दिन पूरे कर चुका है। एक तरफ तो देश की लगभग सभी विपक्षी पार्टियों का समर्थन इस आंदोलन को हासिल है तो दूसरी तरफ किसान आंदोलन की ही तरह इस आंदोलन को भी कमजोर व बदनाम करने की साजिश बिकाऊ मीडिया,सत्ता संचालित आई टी सेल व अंधभक्त ट्रोलर्स द्वारा की जा रही है। उदाहरण के तौर पर सोनम वांगचुक जोकि भारत के एक सुप्रसिद्ध इंजीनियर, शिक्षा सुधारक, पर्यावरणविद् और सामाजिक कार्यकर्ता हैं तथा अपने अनेक अनूठे आविष्कारों और जमीनी स्तर पर शिक्षा व पर्यावरण में क्रांतिकारी बदलाव लाने के लिए जाने जाते हैं, उनको चीनी एजेंट बताने की मुहिम छेड़ी गयी।

# लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक : स्वराज, स्वाभिमान और राष्ट्रजागरण के महानायक

गौरतलब — सुनील कुमार महला

प्रतिवर्ष 23 जुलाई को उनकी जयंती मनाई जाती है। यहाँ पाठकों को बताता चलूँ कि तिलक को भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन का जनक तथा 'लोकमान्य' की उपाधि प्रदान की गई है। 'लोकमान्य' का अर्थ है-' जिसे जनता द्वारा मान्यता प्राप्त हो।' तिलक की गिनती उन नेताओं में की जाती है जिन्होंने अंग्रेजों के विरुद्ध जनमत तैयार किया और लोगों को स्वतंत्रता के लिए संगठित किया। पाठकों को बताता चलूं कि लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक का जन्म 23 जुलाई 1856 को महाराष्ट्र के रत्नागिरी में हुआ था।

**'स्वराज** मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है और मैं इसे लेकर रहूँगा।' यह प्रसिद्ध उद्घोष महान स्वतंत्रता सेनानी, समाज सुधारक, राष्ट्रवादी नेता, प्रभावशाली वक्ता, लेखक, जन-जागरण के अग्रदूत, भारतीय संस्कृति और परंपराओं के समर्थक, युवाओं के प्रेरणास्त्रोत तथा पत्रकार लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक का है। प्रतिवर्ष 23 जुलाई को उनकी जयंती मनाई जाती है। यहाँ पाठकों को बताता चलूँ कि तिलक को भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन का जनक तथा 'लोकमान्य' की उपाधि प्रदान की गई है। 'लोकमान्य' का अर्थ है-' जिसे जनता द्वारा मान्यता प्राप्त हो।' तिलक की गिनती उन नेताओं में की जाती है जिन्होंने अंग्रेजों के विरुद्ध जनमत तैयार किया और लोगों को स्वतंत्रता के लिए संगठित किया। पाठकों को बताता चलूं कि लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक का जन्म 23 जुलाई 1856 को महाराष्ट्र के रत्नागिरी में हुआ था। उनका पूरा नाम केशव गंगाधर तिलक था। उनके पिता गंगाधर रामचंद्र तिलक संस्कृत के विद्वान तथा शिक्षक थे तथा उनकी माता पार्वतीबाई धार्मिक प्रवृत्ति की महिला थीं। उन्होंने तिलक के व्यक्तित्व में नैतिकता, संस्कार तथा देशप्रेम के बीज बोए। जानकारी मिलती है कि जब तिलक लगभग 9 वर्ष के थे, तब उनकी माता का निधन हो गया था, जिसका उनके जीवन पर गहरा प्रभाव पड़ा। स्वतंत्रता सेनानी होने के साथ-साथ तिलक गणित और संस्कृत के अत्यंत मेधावी छात्र थे। उन्होंने अंग्रेजी शिक्षा के साथ-साथ भारतीय संस्कृति और राष्ट्रीय चेतना पर आधारित शिक्षा का समर्थन किया। वास्तव में सच तो यह है कि उन्होंने शिक्षा को राष्ट्र-जागरण का साधन माना और 1880 में पुणे में न्यू इंग्लिश स्कूल की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। खगोलशास्त्र और वेदों में भी उनकी गहरी रुचि थी। उन्होंने 'द आर्कटिक होम इन द वेदाज' नामक पुस्तक लिखी, जिसमें वैदिक सभ्यता पर अपने विचार प्रस्तुत किए। केसरी (मराठी भाषा) तथा द मराठा (अंग्रेजी भाषा) जैसे प्रसिद्ध समाचार पत्रों की स्थापना भी उनके द्वारा की गई। वास्तव में इन समाचार पत्रों के माध्यम से तिलक ने भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन को वैचारिक शक्ति और जनसमर्थन प्रदान किया। केसरी के माध्यम से उन्होंने ब्रिटिश शासन की दमनकारी नीतियों की खुलकर आलोचना की तथा किसानों, मजदूरों और सामान्य जनता की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। इसके माध्यम से उन्होंने स्वदेशी, स्वराज और राष्ट्रीय एकता का संदेश जन-जन तक पहुँचाया। मराठी भाषा में होने के कारण यह सीधे आम लोगों की आवाज बन गया। वहीं द मराठा समाचार पत्र के माध्यम से उन्होंने शिक्षित भारतीयों तथा ब्रिटिश शासकों तक भारतीयों की भावनाएँ पहुँचाईं।इतना ही नहीं, तिलक ने सार्वजनिक गणेशोत्सव और शिवाजी महोत्सव की शुरूआत कर उन्हें सामाजिक एवं राष्ट्रीय एकता का माध्यम बनाया। दरअसल, उन्होंने 1893 में गणेशोत्सव को सार्वजनिक रूप दिया ताकि लोग एकत्र होकर राष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा कर सकें और अंग्रेजों के विरुद्ध एकजुट हो सकें।

स्वामित्व दिग्विजय सिंह के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक आलोक कुमार सिन्हा द्वारा एवी पब्लिशर्स, 220 माखिजा हाउस, ओल्ड एचबी रोड, नियर कोकर बाजार, कोकर, रांची, 834001 से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची 835222 से मुद्रित। आर.एन.आई.सं : JHAHIN2009/32423, प्रबंध सम्पादक : नागेंद्र नारायण सिंह, सम्पादक (झारखंड) : विष्णु शंकर उपाध्याय* । दूरभाष 0651-3501612, 8825197097, 9431343365, 8863906660
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरवी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## चैनपुर स्थित आवासीय बालिका विद्यालयों का उपायुक्त ने किया निरीक्षण

# छात्राओं की समस्याएं सुन कर दिये आवश्यक निर्देश



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)** : पलामू के उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी श्री दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने बुधवार को चैनपुर स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय एवं झारखंड सरकार के कल्याण विभाग द्वारा संचालित राजकीय पिछड़ी जाति आवासीय बालिका विद्यालय का निरीक्षण कर शैक्षणिक एवं आवासीय व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने दोनों विद्यालयों की वार्डन से छात्राओं की उपस्थिति की जानकारी ली तथा भोजन की गुणवत्ता की जांच की। उन्होंने निर्देश दिया कि छात्राओं को निर्धारित मीनू के अनुरूप पौष्टिक एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराया जाए तथा शिक्षा एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं में किसी प्रकार की कमी न रहने पाए। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में उपायुक्त ने कक्षा 9 की छात्राओं से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। छात्राओं ने कक्षा में माइक खराब होने तथा एक ही कक्षा में 70 से अधिक छात्राओं के अध्ययन से होने वाली कठिनाइयों की जानकारी देते हुए सेक्शनवार कक्षाएं संचालित करने का अनुरोध किया। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को माइक की शीघ्र मरम्मत कराने एवं छात्राओं की संख्या के अनुरूप आवश्यक व्यवस्था करने का निर्देश दिया। इसके उपरांत उपायुक्त ने राजकीय पिछड़ी जाति आवासीय बालिका विद्यालय का भी निरीक्षण कर शैक्षणिक, आवासीय एवं अन्य मूलभूत व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि आवासीय विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बेहतर अध्ययन वातावरण एवं आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है।

### दो मतदान केन्द्रों पर आयोजित बीएलओ-बीएलए-2 की बैठक में शामिल हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी



**मेदिनीनगर** : जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने बुधवार को मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR-2026) के तहत राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, पोखराहा खुर्द एवं राजकीय मध्य विद्यालय, रजवाडीह स्थित मतदान केंद्रों पर आयोजित बीएलओ-बीएलए-2 की तीसरी एवं अंतिम बैठक में भाग लिया। इस दौरान उपायुक्त श्री शेखावत ने बीएलओ एवं बीएलए-2 से मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य की प्रगति की जानकारी ली तथा मतदान केंद्रवार गणना प्रपत्रों के संकलन, डिजिटाइजेशन एवं एएसडीडीएफ सूची के सत्यापन की समीक्षा की। उन्होंने डुप्लीकेट प्रविष्टि, मृत, स्थायी रूप से स्थानांतरित एवं अनुपस्थित मतदाताओं से संबंधित मामलों का नियमानुसार सत्यापन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची की शुद्धता और पारदर्शिता बनाये रखने में बीएलओ एवं बीएलए-2 की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों एवं प्रतिनिधियों को निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप समयबद्ध एवं त्रुटिरहित ढंग से विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान मतदान केंद्रवार प्रगति की समीक्षा करते हुए आवश्यक सुझाव भी दिए गए तथा सभी संबंधित पक्षों से आपसी समन्वय के साथ अभियान को सफल बनाने की अपील की गयी।इस अवसर पर डाल्टनगंज विधानसभा के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी एवं सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## लायंस क्लब गुमला की सत्र 2026-27 की प्रथम मासिक बैठक सम्पन्न

**गुमला** : लायंस क्लब गुमला की सत्र 2026-27 की प्रथम मासिक बैठक क्लब के अध्यक्ष लायन पदम साबू की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में आगामी सेवा कार्यों एवं सामाजिक कार्यक्रमों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई तथा सर्वसम्मति से कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।बैठक में निर्णय लिया गया कि 29 जुलाई को महावीर चौक, गुमला में रफूड फॉर हंगरर कार्यक्रम के अंतर्गत जरूरतमंद लोगों के बीच खीर एवं पूरी का वितरण किया जाएगा। इसके साथ ही वर्षा ऋतु को देखते हुए पूरे जिले में व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण अभियान चलाने का भी निर्णय लिया गया, ताकि पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ लोगों को स्वच्छ एवं हरित वातावरण का संदेश दिया जा सके। इस अवसर पर अध्यक्ष लायन पदम साबू ने अपने संबोधन में कहा कि लायंस क्लब का मूल उद्देश्य मानव सेवा है। नया सत्र सेवा, समर्पण और समाज के प्रत्येक वर्ग तक सहायता पहुंचाने के संकल्प के साथ प्रारंभ हुआ है। क्लब आने वाले दिनों में शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण एवं जनकल्याण से जुड़े अनेक कार्यक्रम आयोजित करेगा। सभी सदस्यों के सहयोग से इस सत्र को सेवा के नए आयाम तक पहुंचाया जाएगा। सचिव एमजेएफ डॉ. शंकर लाल जाजोदिया ने कहा कि क्लब की प्रत्येक गतिविधि समाज के हित को ध्यान में रखकर संचालित की जाएगी। फूड फॉर हंगर एवं वृक्षारोपण जैसे कार्यक्रम केवल सेवा नहीं बल्कि सामाजिकउत्तरदायित्व का भी प्रतीक हैं।

## एक झलक

### अनाथ बच्चों के साथ उपायुक्त ने मनाया जन्मदिन

**मेदिनीनगर** : जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने बुधवार को अपने जन्मदिन के अवसर पर मेदिनीनगर स्थित सिंचाई विभाग परिसर के वात्सल्य धाम, संप्रेषण गृह एवं स्टेशन रोड स्थित मिशनरीज ऑफ चैरिटी पहुंचकर अनाथ बच्चों के साथ केक काटा और अपना जन्मदिन मनाया। इस दौरान कई बच्चों ने उपायुक्त को केक खिलाकर उन्हें बर्थडे विश किया। इस अवसर पर उपायुक्त श्री शेखावत ने बच्चों के बीच मिठाइयां वितरित कीं तथा उनके साथ समय बिताकर अपनी खुशियां साझा कीं। उन्होंने कहा कि समाज के हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है कि जरूरतमंद और असहाय बच्चों के जीवन में खुशियां लाने का प्रयास करें। उपायुक्त के इस आत्मीय और संवेदनशील पहल से बच्चों के चेहरों पर मुस्कान खिल उठी तथा पूरा वातावरण स्नेह और अपनत्व से भर गया।

### ट्रैक्टर पलटने से चालक की मौत

**लातेहार** : सदर थाना क्षेत्र के इंचाक पंचायत अंतर्गत दोगिला गांव में बुधवार सुबह खेत जोतने के दौरान ट्रैक्टर पलट जाने से चालक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान 26 वर्षीय राजू उरांव, पिता लूथर उरांव, के रूप में हुई है। घटना के बाद पूरे इलाके में शोक का माहौल है। वहीं, परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार, राजू उरांव बुधवार सुबह यूसुफ मियां का ट्रैक्टर लेकर दोगिला गांव में खेत जोतने गया था। खेत की जुताई के दौरान ट्रैक्टर एक गड्ढे में फंस गया। उसे बाहर निकालने के प्रयास में ट्रैक्टर के अगले दोनों पहिए हवा में उठ गए और कुछ ही क्षण में ट्रैक्टर पलट गया। हादसे के दौरान राजू ट्रैक्टर के नीचे दब गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि राजू मूल रूप से लाली गांव का रहने वाला था। करीब एक माह पहले ही वह कुसमाटांड़ आकर रहने लगा था। परिवार की जिम्मेदारी उसी के कंधों पर थी। उसकी मौत के बाद परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। राजू अपने पीछे पत्नी और तीन साल की मासूम बेटी को छोड़ गया है, जिसके सिर से पिता का साया उठ गया। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकलवाया और कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लातेहार सदर अस्पताल भेज दिया। पोस्टमार्टम बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### जन चौपाल में सामाजिक कुरीतियों के प्रति लोगों को किया गया जागरूक

**लातेहार** : पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के निर्देश पर चंदवा थाना की ओर से डुमारो पंचायत के निंद्रा गांव में जन चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व एसडीपीओ संदीप कुमार ने किया। इस दौरान गांव के जनप्रतिनिधि, बुद्धिजीवी, महिला-पुरुष तथा बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण मौजूद रहे। जन चौपाल में पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों को समाज में फैली विभिन्न कुरीतियों और अपराधों के प्रति जागरूक किया। विशेष रूप से डायन-बिसाही जैसी अंधविश्वास से जुड़ी घटनाओं, बाल विवाह, दहेज हत्या, घरेलू हिंसा तथा महिलाओं और बच्चों से जुड़े अपराधों पर विस्तार से जानकारी दी गई।

## सीएम हेमन्त सोरेन और विधायक कल्पना सोरेन से मिले अविनाश देव



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : संत मरियम विद्यालय के चेयरमैन सह झारखंड सरकार के माटी कला बोर्ड के निवर्तमान सदस्य अविनाश देव ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन तथा गांडेय विधायक एवं झारखंड विधानसभा की महिला एवं बाल विकास समिति की अध्यक्ष कल्पना सोरेन से उनके आवासीय कार्यालय में शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंट कर दोनों का स्वागत किया। मुलाकात के बाद अविनाश देव ने बताया कि कल्पना सोरेन के साथ महिला सशक्तीकरण, बच्चों के समग्र विकास तथा पलामू जिले से जुड़े विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि 23 जून को आयोजित विधवा विवाह विषयक चर्चा का भी उल्लेख किया गया, जिस पर सकारात्मक विचार-विमर्श हुआ।अविनाश देव ने बताया कि पलामू के बाल संप्रेषण गृह में स्थापित माटी कला प्रशिक्षण केंद्र को दोबारा शुरू करने और इसे नियमित रूप से संचालित रखने पर सहमति बनी। उनका कहना था कि इस प्रशिक्षण से बाल संप्रेषण गृह में रहने वाले बच्चों के कौशल का विकास होगा, उनमें सामुदायिक भावना मजबूत होगी और भविष्य में स्वरोजगार के अवसर भी उपलब्ध हो सकेंगे। उन्होंने कल्पना सोरेन को पलामू आने का निमंत्रण भी दिया, जिसे उन्होंने सहर्ष स्वीकार किया। बातचीत के दौरान राज्य के विकास, महिला एवं बाल कल्याण और सामाजिक सरोकारों से जुड़े अन्य विषयों पर भी संक्षिप्त चर्चा हुई।

## मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण : उपायुक्त ने विभिन्न बूथों का किया औचक निरीक्षण

# समयबद्ध कार्य पूरा करने के दिये निर्देश



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला** : भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 कार्यक्रम के तहत जिले के सभी मतदान केंद्रों पर बूथ स्तर पर बीएलओ, बीएलए-2 एवं चुनाव पाठशाला के सदस्यों के साथ तीसरी बैठक आयोजित की गई। बैठक में मतदाता सूची के प्रारूप, एएसडीडीएफ सूची तथा अन्य निर्वाचन अभिलेखों का सत्यापन कर आवश्यक कार्रवाई की गई। इसी क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त दिलेश्वर महत्तो ने गुमला, सिसई एवं भरनो प्रखंड के विभिन्न मतदान केंद्रों का औचक निरीक्षण कर बैठक में हुई कार्रवाई और अभिलेखों की समीक्षा की। उन्होंने भरनो प्रखंड के मतदान केंद्र संख्या 140, 141, 147, 128 एवं 129, सिसई प्रखंड के मतदान केंद्र संख्या 88, 49 एवं 50 तथा गुमला प्रखंड के मतदान केंद्र संख्या 224, 171 एवं 169 सहित अन्य मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने बीएलओ एवं बीएलए-2 के साथ आयोजित बैठक की कार्यवाही, एएसडीडीएफ सूची, गणना प्रपत्र एवं अन्य निर्वाचन अभिलेखों की विस्तार से जांच की। उन्होंने निर्देश दिया कि मतदाता सूची के प्रारूप एवं एएसडीडीएफ सूची को बीएलए-2 के साथ साझा कर उसका सत्यापन सुनिश्चित किया जाए तथा आवश्यक टिप्पणियों के साथ सूची को अंतिम रूप दिया जाए। बूथ स्तरीय बैठक में एएसडीडीएफ सूची में शामिल सभी श्रेणियों के मतदाताओं के नामों का सत्यापन किया गया। उपायुक्त ने अब तक प्राप्त प्रपत्र-6, 6ए, 7 एवं 8 की भी समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिया कि 1 अक्टूबर 2026 तक 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले पात्र नागरिकों से प्रपत्र-6 प्राप्त किए जाएं तथा दावा एवं आपत्ति अवधि के दौरान प्राप्त आवेदनों का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित किया जाए।

## महाकालेश्वर दर्शन के लिए लातेहार से 35 श्रद्धालुओं का जत्था रवाना



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : जिला मुख्यालय से महाकालेश्वर मंदिर, उज्जैन के दर्शन के लिए 35 श्रद्धालुओं का एक जत्था बुधवार को लातेहार रेलवे स्टेशन से रेल मार्ग के जरिए रवाना हुआ। यात्रा का आयोजन श्री तीर्थ यात्रा न्यास, लातेहार जिला के तत्वावधान में किया गया है। यात्रा का नेतृत्व सुदामा प्रसाद गुप्ता और अशोक प्रसाद कर रहे हैं। यात्रा में शामिल वीरेंद्र प्रसाद ने बताया कि जत्थे में कुल 35 महिला एवं पुरुष श्रद्धालु शामिल हैं। उन्होंने कहा कि उज्जैन स्थित श्री महाकालेश्वर मंदिर हिंदू धर्म के सबसे प्रमुख तीर्थस्थलों में से एक है। यह भगवान शिव के 12 ज्योतिर्लिंगों में शामिल है और देश का एकमात्र दक्षिणमुखी ज्योतिर्लिंग माना जाता है। इसी कारण इसकी विशेष धार्मिक मान्यता है। उन्होंने बताया कि ऐसी मान्यता है कि भगवान महाकाल अपने भक्तों की रक्षा करते हैं तथा उनके भय और कष्टों का निवारण करते हैं। महाकाल मंदिर में होने वाली प्रसिद्ध भस्म आरती देश-विदेश के श्रद्धालुओं के आकर्षण का प्रमुख केंद्र है। यात्रा में शामिल श्री कुमार ने बताया कि सभी श्रद्धालु महाकालेश्वर के दरबार में क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और लोगों के मंगलमय जीवन की कामना करेंगे। उन्होंने कहा कि धार्मिक यात्राएं समाज में आस्था, भाईचारा और सकारात्मक सोच को मजबूत करने का माध्यम बनती हैं।

## 21 दिन बाद खुला भाई की हत्या का राज, खेत से मिला कंकाल



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : जिले के चंदवा थाना क्षेत्र के चिरो गांव में 21 दिन से लापता एक व्यक्ति की हत्या का सनसनीखेज खुलासा हुआ है। खेत में दफन मिले कंकाल की पहचान 40 वर्षीय दयाल टोपनो के रूप में हुई है। पुलिस ने इस मामले में मृतक के सगे भाई पास्कल टोपनो को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में उसने हत्या की बात स्वीकार कर ली है।

**खेत में कुत्तों की हरकत से उठा शक**

**ग्रामीणों** ने खेत के पास कुत्तों का झुंड देखा। उनके पास मानव हड्डियां होने की जानकारी मिलने पर चंदवा थाना पुलिस को सूचना दी गई। थाना प्रभारी अशोक कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस मौके पर पहुंची और खुदाई कराई। खुदाई के दौरान जमीन में दफन कंकाल बरामद हुआ।

**कंकाल निकलते ही भागने लगा आरोपी**

**कंकाल** बरामद होने के समय मृतक का भाई पास्कल टोपनो भी मौके पर मौजूद था। जैसे ही कंकाल बाहर निकला, वह वहां से भागने लगा। उसकी इस हरकत से पुलिस को शक हुआ। पुलिस ने पीछा कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपने भाई की हत्या करने की बात कबूल कर ली।

**शराब के दौरान हुआ विवाद, लोहे के हथियार से की हत्या**

**पुलिस** पूछताछ में आरोपी ने बताया कि जमीन और घरेलू विवाद को लेकर दोनों भाइयों के बीच अक्सर झगड़ा होता था। एक जुलाई को दोनों साथ बैठकर शराब पी रहे थे। इसी दौरान विवाद बढ़ गया और गुस्से में उसने लोहे के हथियार से दयाल पर हमला कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई।

**शव को खेत में दफनाकर लौट आया घर**

**हत्या** के बाद पास्कल ने शव को घर से करीब आधा किलोमीटर दूर एक खेत में ले जाकर दफना दिया। इसके बाद वह घर लौट आया और ऐसे रहने लगा, जैसे कुछ हुआ ही नहीं।

**गुमशुदगी को गंभीरता से नहीं लिया गया**

**दयाल** टोपनो अविवाहित था। परिवार को लगा कि वह कहीं बाहर चला गया है, इसलिए उसकी गुमशुदगी को गंभीरता से नहीं लिया गया। दोनों भाइयों के बीच पहले भी विवाद होते थे, लेकिन साथ बैठकर शराब पीने के कारण किसी को हत्या की आशंका नहीं हुई।

**21 दिन बाद सामने आई सच्चाई**

**करीब** तीन सप्ताह बाद कुत्तों ने मिट्टी खोदकर हड्डियां बाहर निकाल दीं, जिससे पूरे मामले का पदार्फाश हो गया। थाना प्रभारी अशोक कुमार सिंह ने बताया कि मृतक की पहचान हो चुकी है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और उसे जेल भेजने की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। मामले की आगे की जांच जारी है।

## साइबर सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम, महिलाओं व किशोरियों को बरतने को कहा गया सतर्कता



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : जिला समाज कल्याण विभाग की ओर से बुधवार को समाहरणालय सभागार में जिला स्तरीय साइबर सुरक्षा एवं डिजिटल जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रखंडों के बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, महिला पर्यवेक्षक तथा जिला बाल संरक्षण इकाई के अधिकारियों और कर्मियों को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही सभी प्रखंडों में भी इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम चलाने का संदेश दिया गया।कार्यक्रम का संचालन जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सविता कुमारी और जिला शिक्षा अधीक्षक ने किया। इस दौरान जिला शिक्षा अधीक्षक समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी और कर्मी मौजूद रहे। इस अवसर पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सविता कुमारी ने कहा कि मोबाइल, कंप्यूटर और इंटरनेट का उपयोग करते समय विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। किसी भी संदिग्ध कॉल, संदेश या लिंक पर बिना जांच-पड़ताल के भरोसा नहीं करें और आधार संख्या, बैंक खाता, ओटीपी जैसी निजी जानकारी किसी के साथ साझा न करें। उन्होंने कहा कि साइबर अपराधी अक्सर सरकारी एजेंसी, बैंक या अन्य संस्थानों का अधिकारी बनकर लोगों को ठगी का शिकार बनाते हैं। ऐसे मामलों की सूचना तुरंत साइबर थाना या पुलिस को देने की अपील की। जिला शिक्षा अधीक्षक ने साइबर अपराध के बढ़ते मामलों और नई चुनौतियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि कई मोबाइल एप कैमरा, माइक्रोफोन और लोकेशन का एक्सेस मांगते हैं, जिनका गलत इस्तेमाल हो सकता है। उन्होंने अनावश्यक बैकग्राउंड एक्सेस बंद रखने और सोशल मीडिया का जिम्मेदारी से उपयोग करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के दौर में फोटो और वीडियो का दुरुपयोग कर फर्जी सामग्री तैयार की जा सकती है। इसलिए महिलाओं और किशोरियों को अपनी निजी जानकारी, फोटो और लोकेशन सोशल मीडिया पर साझा करने से बचना चाहिए।

## हर मतदाता का गणना प्रपत्र जमा कराना कांग्रेस की प्राथमिकता : राजनील तिग्गा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला** : झारखंड प्रदेश कांग्रेस के निर्देशानुसार चल रहे मतदाता गणना प्रपत्र अभियान के तहत कांग्रेस जिला अध्यक्ष राजनील तिग्गा ने बुधवार को नगर परिषद क्षेत्र के विभिन्न बूथों का दौरा कर अभियान की प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने बूथ स्तर पर कार्य कर रहे बीएलए से मुलाकात कर अभियान की समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला अध्यक्ष राजनील तिग्गा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी यह सुनिश्चित करने के लिए पूरी गंभीरता से कार्य कर रही है कि नगर परिषद क्षेत्र के प्रत्येक पात्र मतदाता का गणना प्रपत्र समय पर भरकर जमा हो। इसके लिए पार्टी के सभी बीएलए पूरी निष्ठा और तत्परता के साथ घर-घर जाकर लोगों से संपर्क कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मतदाता लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है। किसी भी पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची से वंचित नहीं होना चाहिए। कांग्रेस का प्रयास है कि हर मतदाता का गणना प्रपत्र समय पर जमा हो, ताकि सभी नागरिक अपने संवैधानिक मतदान के अधिकार का निर्बाध रूप से उपयोग कर सकें। हम अपने सभी कार्यकर्ताओं और बीएलए से अपील करते हैं कि वे पूरी जिम्मेदारी और समर्पण के साथ इस अभियान को सफल बनाएं।

## मारोमार में 26 दिवसीय सिलाई प्रशिक्षण शुरू

# 32 महिलाओं को मिलेगा प्रशिक्षण



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : सुदूरवर्ती क्षेत्र की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की 32वीं वाहिनी ने नागरिक कल्याण कार्यक्रम के तहत मारोमार में 26 दिवसीय सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत की है। इस प्रशिक्षण में गारू प्रखंड के विभिन्न गांवों की 32 महिलाएं भाग ले रही हैं।कार्यक्रम का शुभारंभ 32वीं वाहिनी के कमांडेंट राजेश सिंह के नेतृत्व में सी-समवाय, मारोमार में हुआ। इस मौके पर वार्ड सदस्य खीरस्टीना कुमारी, स्थानीय ग्रामीण, तथा एसएसबी के अधिकारी एवं जवान मौजूद रहे। यह प्रशिक्षण 22 जुलाई से 16 अगस्त तक चलेगा। इसमें सुरकुमी, मारोमार, नवाटोली, मिरचैया, बंदुआ गोरया सहित आसपास के गांवों की महिलाओं को सिलाई की बुनियादी जानकारी, सिलाई मशीन का संचालन, माप लेना, पैटर्न बनाना, कटिंग, परिधान निर्माण, डिजाइन एवं सजावट, गुणवत्ता नियंत्रण तथा स्वरोजगार और उद्यमिता से संबंधित प्रशिक्षण दिया जाएगा। कमांडेंट राजेश सिंह ने कहा कि सिलाई प्रशिक्षण महिलाओं को तकनीकी रूप से दक्ष बनाने के साथ आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने बताया कि एसएसबी नागरिक कल्याण कार्यक्रम के तहत नक्सल प्रभावित और सुदूरवर्ती क्षेत्रों में कौशल विकास, महिला सशक्तिकरण, उन्नत कृषि तकनीक, मानव एवं पशु चिकित्सा शिविर तथा अन्य जनहित की योजनाएं लगातार संचालित कर रही है।

## जाति प्रमाण पत्र नहीं बनने पर भड़का जनजातीय समाज, आन्दोलन की चेतावनी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**महुआडांड़** : महुआडांड़ स्थित सरना भवन में भुईहर मुंडा, बड़ाईक/चिक बड़ाईक और लोहरा/लोहार समाज की संयुक्त बैठक हुई। बैठक में बड़ी संख्या में महिला-पुरुष शामिल हुए। मुख्य मुद्दा तीनों समुदायों के अनुसूचित जनजाति (एसटी) जाति प्रमाण पत्र नहीं बनने से युवाओं के भविष्य पर पड़ रहे असर और आगे की रणनीति तय करना रहा। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि तीनों समुदाय संविधान की अनुसूचित जनजाति सूची में शामिल हैं, फिर भी अंचल, प्रखंड, अनुमंडल और जिला स्तर पर जाति प्रमाण पत्र जारी नहीं किए जा रहे हैं। उनका कहना था कि वर्ष 2000 से 2017 तक जिन खतियानों के आधार पर प्रमाण पत्र बनते थे, अब उन्हीं दस्तावेजों को आधार मानने से इनकार किया जा रहा है। इससे छात्र उच्च शिक्षा, नौकरी और सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित हो रहे हैं।बैठक में प्रमाण पत्र बनने में आ रही तकनीकी और प्रशासनिक समस्याओं पर भी चर्चा हुई। बताया गया कि झारसेवा पोर्टल और पुराने खतियानों में जातियों के नाम की अलग-अलग स्पेलिंग के कारण आवेदन खारिज हो रहे हैं। इसके अलावा 1932 के खतियान की मांग, वंशावली सत्यापन की जटिल प्रक्रिया और लोहरा-लोहार नाम को लेकर प्रशासनिक भ्रम भी बड़ी बाधा बन रहा है।

## उपायुक्त ने सदर अस्पताल गुमला का किया औचक निरीक्षण

# स्वास्थ्य सेवाओं व साफ-सफाई के दिये निर्देश




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला** : उपायुक्त दिलेश्वर महत्तो ने सदर अस्पताल, गुमला का औचक निरीक्षण कर अस्पताल परिसर में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं, उपचार व्यवस्था एवं साफ-सफाई की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न वार्डों एवं विभागों का भ्रमण करते हुए संबंधित अधिकारियों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने सर्वप्रथम डिलीवरी रूम का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध सुविधाओं एवं प्रसव सेवाओं की जानकारी प्राप्त की। इसके पश्चात उन्होंने महिला वार्ड का निरीक्षण किया तथा पीलिया से पीड़ित एक वहां एडमिट मरीज से भी मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। उपायुक्त ने चिकित्सकों को इमरजेंसी मरीजों के समुचित उपचार सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।उपायुक्त ने महिला वार्ड का भी निरीक्षण किया। इसके अलावा शिशु रोग विभाग पहुंचकर उन्होंने विशेषज्ञ चिकित्सकों से बच्चों के स्वास्थ्य एवं उपचार व्यवस्था के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान शिशु वार्ड में मरीजों की संख्या अधिक पाई गई, जिस पर उपायुक्त ने आवश्यक व्यवस्थाएं सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। इस दौरान उपायुक्त ने परिवार स्वास्थ्य मेला-2026 अंतर्गत किट वितरण पंजी की जांच की तथा ब्लड जांच केंद्र का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में अस्पताल भवन के कुछ हिस्सों में सीपेज एवं पानी के रिसाव की समस्या पाई गई, जिस पर संबंधित अधिकारियों को शीघ्र आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने अस्पताल में इलाजरत मरीजों से बातचीत कर स्वास्थ्य सुविधाओं एवं उपचार की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने डॉक्टरों एवं स्वास्थ्य कर्मियों से भी चर्चा कर मरीजों की स्थिति की समीक्षा की तथा बेहतर चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जन्म एवं मृत्यु पंजी का भी अवलोकन किया गया। उपायुक्त ने कुपोषण उपचार केंद्र (एमटीसी) का भी निरीक्षण किया। उन्होंने पाया कि केंद्र में उपलब्ध 20 बेडों में से निरीक्षण के समय केवल 9 बच्चे भर्ती थे।

## प्राइवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन की कोडरमा प्रखंड इकाई का गठन, प्रवीण मोदी बने अध्यक्ष



**कोडरमा** : निजी विद्यालयों और बच्चों के हितों एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के उद्देश्य से कार्यरत प्राइवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन की कोडरमा प्रखंड इकाई का गठन शगुन बैंक्वेट एंड होटल में आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष डॉ. बी.एन.पी. बरनवाल ने की, संचालन जिला कार्यकारी अध्यक्ष अभय कुमार और जिला सह-प्रदेश सचिव तौफीक हुसैन ने मिल कर की एवं मंच पर जिला कोषाध्यक्ष दिलीप यादव भी उपस्थित रहे। बैठक में संगठन को प्रखंड स्तर पर और अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने पर विस्तृत चर्चा की गई। सर्वसम्मति से गठित नई कमिटी में प्रवीण मोदी को प्रखंड अध्यक्ष, यतीन्द्र शर्मा को सचिव एवं आरिफ अंसारी को कोषाध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा रणजीत पांडेय को संरक्षक, बबीता पांडेय को उपाध्यक्ष तथा शम्स तबरेज को मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई। सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को माला पहना कर उनका सम्मान किया गया और बधाई दी गई। नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रवीण मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि निजी विद्यालय सीमित संसाधनों में भी विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने का महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश में शिक्षा के स्तर को बनाए रखने में निजी विद्यालयों का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है।

## एक झलक

### झुमरी तिलैया में सात फूड प्रतिष्ठानों का रजिस्ट्रेशन निलम्बित

**कोडरमा** : विभागीय निर्देश के आलोक में खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी सह-रजिस्ट्रीकरण प्राधिकारी द्वारा तत्काल प्रणाली के माध्यम से प्राप्त सात फूड रजिस्ट्रेशन निलंबित कर दिए गए। जांच के क्रम में पाया गया कि उक्त सभी तत्काल फूड रजिस्ट्रेशन गलत एवं अपूर्ण जानकारी प्रस्तुत कर प्राप्त किए गए थे। खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 की धारा 61 के तहत गलत अथवा भ्रामक जानकारी देकर फूड लाइसेंस या रजिस्ट्रेशन प्राप्त करना दंडनीय अपराध है। इसके अंतर्गत दोषी पाए जाने पर अधिकतम दस लाख रुपये तक के अर्थदंड का प्रावधान है। जिन खाद्य प्रतिष्ठानों के तत्काल फूड रजिस्ट्रेशन निलंबित किए गए हैं, उनमें एक्वा प्योर वाटर, असनाबाद, ग्लाजा स्वीट्स, झुमरी तिलैया, साक्षी इंटरप्राइजेज, झुमरी तिलैया, बालाजी ड्रिंकिंग वाटर, झुमरी तिलैया, न्यू देव फार्मा, झुमरी तिलैया, सुकून कैफे, झुमरी तिलैया और ओम महादेव मिष्ठान, झुमरी तिलैया शामिल हैं। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी अभिषेक आनंद ने सभी खाद्य कारोबारियों को निर्देश दिया है कि वे ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र में सही एवं पूर्ण जानकारी भरकर ही फूड लाइसेंस अथवा रजिस्ट्रेशन के लिए आवेदन करें।

### मूसलधार बारिश से जलजमाव, प्रशासन अलर्ट

**पूर्वी सिंहभूम** : मूसलधार बारिश ने बुधवार को जमशेदपुर में जनजीवन को पूरी तरह प्रभावित कर दिया। लगातार हुई तेज वर्षा के कारण शहर के कई निचले इलाकों में जलजमाव की गंभीर स्थिति बन गई, जिससे लोगों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। कई प्रमुख सड़कें पानी में डूब गईं और जगह-जगह वाहनों के फंसने से यातायात व्यवस्था भी प्रभावित रही। बारिश का सबसे अधिक असर साकची, मानगो, कदमा, गोलमुरी और बिष्टुपुर सहित शहर के विभिन्न इलाकों में देखने को मिला। सड़कों पर घुटनों तक पानी भर जाने से राहगीरों को काफी परेशानी हुई। कई चारपहिया और दोपहिया वाहन जलभराव में फंस गए, जबकि कुछ वाहन आधे तक पानी में डूबे दिखाई दिए। कई स्थानों पर वाहनों के बंद हो जाने के कारण लंबा जाम लग गया और लोगों को घंटों तक फंसे रहना पड़ा। लगातार हो रही बारिश के कारण स्वर्णरेखा और खरकाई नदी के निचले तटीय क्षेत्रों में भी पानी तेजी से बढ़ने लगा है। इससे नदी किनारे रहने वाले लोगों की चिंता बढ़ गई है। जिला प्रशासन ने एहतियात के तौर पर निचले इलाकों में रहने वाले लोगों को सतर्क रहने और किसी भी आपात स्थिति में सुरक्षित स्थानों पर जाने के लिए तैयार रहने की सलाह दी है।

## एसएसबी जवान हत्याकांड में चतरा पुलिस को बड़ी सफलता

# तीन मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चतरा** : हंटरगंज थाना क्षेत्र के आमीन गांव में वर्ष 2023 में दो डिसमिल जमीन के विवाद में हुई एसएसबी जवान शिवकुमार यादव की हत्या के बहुचर्चित मामले में चतरा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। लंबे समय से फरार चल रहे इस मामले के तीन प्राथमिक अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इसकी जानकारी बुधवार को एसडीपीओ सन्नी वर्धन ने अपने कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में दी। इस दौरान हंटरगंज थाना प्रभारी प्रभात कुमार भी मौजूद थे। एसडीपीओ ने बताया कि हंटरगंज थाना कांड



संख्या 142/2023 में फरार चल रहे तीनों आरोपियों को 21 जुलाई को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों में सोमर भूईयां उर्फ जगदीश भूईयां (50), पिता स्व. जीतन भूईयां, सुरेन्द्र भूईयां (30), पिता मरछु भूईयां तथा नन्दु कुमार (28), पिता बालो भूईयां शामिल हैं। तीनों आरोपी हंटरगंज थाना क्षेत्र के सोनवर्षा गांव के निवासी हैं।

**दो डिसमिल जमीन के विवाद में हुई थी हत्या**

**एसडीपीओ** ने बताया कि वर्ष 2023 में आमीन गांव में मात्र दो डिसमिल जमीन को लेकर विवाद हुआ था। यह विवाद इतना बढ़ गया कि एसएसबी जवान शिवकुमार यादव, जो आमीन गांव के निवासी थे, की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। घटना के बाद हंटरगंज थाना में कांड संख्या 142/2023 दर्ज कर पुलिस जांच में जुट गई थी। हालांकि मुख्य आरोपी लगातार फरार रहने के कारण उनकी गिरफ्तारी नहीं हो पा रही थी।

**तकनीकी साक्ष्यों और छापेमारी से मिली सफलता**

**पुलिस** ने गुप्त सूचना एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर लगातार छापेमारी अभियान चलाया। इसी क्रम में तीनों फरार प्राथमिक अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

**अन्य आरोपियों की तलाश जारी**

**एसडीपीओ** सन्नी वर्धन ने बताया कि हत्या की घटना में शामिल अन्य आरोपियों की पहचान पहले ही हो चुकी है। उनकी गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि मामले में शामिल किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा और सभी को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। पुलिस की इस कार्रवाई को लंबे समय से लंबित इस चर्चित हत्याकांड में बड़ी सफलता माना जा रहा है।

## समाहरणालय के समक्ष कांग्रेस का धरना आज केन्द्र सरकार की नीतियों के खिलाफ होगा प्रदर्शन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला** : झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर गुमला जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा गुरुवार, 23 जुलाई को केंद्र सरकार की नीतियों के विरोध में समाहरणालय, गुमला के समक्ष धरना-प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम सुबह 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक चलेगा। जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजनील तिग्गा ने बताया कि केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों, बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और आम जनता से जुड़े विभिन्न मुद्दों के विरोध में यह धरना आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश कांग्रेस के आह्वान पर जिले में व्यापक स्तर पर तैयारी की गई है। राजनील तिग्गा ने जिला कांग्रेस कमेटी के सभी पदाधिकारियों, प्रखंड अध्यक्षों, नगर अध्यक्षों, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, सेवादल, अल्पसंख्यक विभाग, ओबीसी विभाग, आदिवासी कांग्रेस, किसान कांग्रेस, सभी प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों एवं वरिष्ठ कांग्रेसजनों से समय पर उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक तरीके से आयोजित इस धरना के माध्यम से जनता की आवाज बुलंद की जाएगी और केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ कांग्रेस अपना विरोध दर्ज कराएगी।

## 30 किमी दूर खिसका उप-स्वास्थ्य केन्द्र!

### जामडीह के बजाय सेमरबुढ़नी में निर्माण, ग्रामीणों ने डीसी से लगायी गुहार

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**महुआडांड़ (लातेहार)** : महुआडांड़ प्रखंड की ओरसापाठ (ओरसा) पंचायत में उप-स्वास्थ्य केंद्र निर्माण को लेकर गंभीर विवाद सामने आया है। ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने आरोप लगाया है कि ग्राम जामडीह के लिए स्वीकृत उप-स्वास्थ्य केंद्र भवन का निर्माण बिना किसी वैधानिक प्रक्रिया के करीब 30 किलोमीटर दूर चैनपुर पंचायत के ग्राम सेमरबुढ़नी में कराया जा रहा है। विरोध और शिकायतों के बावजूद निर्माण कार्य जारी रहने से ग्रामीणों में आक्रोश है।ग्रामीणों ने उपायुक्त और सिविल सर्जन को दिए आवेदन में बताया है कि 31 दिसंबर 2025 को ग्राम प्रधान भरत नगेशिया की अध्यक्षता में हुई ग्राम सभा में सर्वसम्मति से जामडीह स्थित खाता



संख्या-200, प्लॉट संख्या-1904, रकबा 0.40 एकड़ भूमि का चयन उप-स्वास्थ्य केंद्र निर्माण के लिए किया गया था। चयनित स्थल पर नींव की खुदाई, बोरिंग और निर्माण सामग्री भी पहुंचा दी गई थी। लेकिन बाद में बिना ग्राम सभा की अनुमति के निर्माण सामग्री हटाकर सेमरबुढ़नी में काम शुरू कर दिया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण एजेंसी ने अपनी सुविधा और लागत कम करने के लिए स्थल बदल दिया। उनका कहना है कि जामडीह दुर्गम क्षेत्र है, जबकि सेमरबुढ़नी में निर्माण सामग्री आसानी से उपलब्ध है। उन्होंने यह भी दावा किया कि सेमरबुढ़नी में पहले से एक स्वास्थ्य भवन मौजूद है, जबकि जामडीह आज भी स्वास्थ्य सुविधा से वंचित है। ग्रामीणों के अनुसार, जब संवेदक से कारण पूछा गया तो उन्होंने कथित रूप से कहा कि जामडीह काफी दूर होने के कारण वहां निर्माण नहीं कराया गया। ग्रामीणों का कहना है कि यह जवाब सरकारी योजनाओं की मंशा के विपरीत है। मामले में भवन निर्माण विभाग के अभियंता मनीष कुमार से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। बाद में उनका मोबाइल फोन भी बंद मिला।ओरसापाठ पंचायत की मुखिया अमृता देवी ने इसे ग्रामीणों के अधिकारों से जुड़ा गंभीर मामला बताते हुए कहा कि स्वीकृत स्थल बदलना पूरी तरह गलत है।

## जीण माता के मंगल पाठ का शिव वाटिका में हुआ आयोजन, गुप्त 09 कन्या का पूजन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**झुमरीतिलैया** : जीण माता समिति के तत्वाधान में शिव वाटिका में मां जीण माता सहित विभिन्न देवी देवताओं का दरबार सजाया गया। इस अवसर पर ज्योत के साथ मंगल पाठ का आयोजन हुआ. पूजा अर्चना पंडित सत्यनारायण शास्त्री एवं वाराणसी के गुंजन पांडे के द्वारा मंत्रोचारण के साथ कराया गया. यजमान के रूप में मधु रमेश कंदोई शामिल हुए। मंगल पाठ में घाटशिला से आई कथावाचक खुशी शर्मा, संदीप गुप्ता ने चुनरी उत्सव, मेहंदी उत्सव, गजरा उत्सव पर व्याख्यान दिया तीन घंटे तक चले इस मंगल पाठ में जीण माता के शिक्षा-दीक्षा से लेकर हर पहलू पर पाठ की गूंज शिव वाटिका में सुनाई दी। राजस्थान के त्रिदेव खाटूश्याम श्री राणीसती दादीजी सालासर बाबा के भजन से कार्यक्रम स्थल गूंजता रहा गणेश वंदना के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुई। इसके बाद पितर देव जी महाराज, वीर हनुमान, बाबा भोलेशंकर सहित अन्य देवी देवताओं का अनुष्ठान हुआ. कार्यक्रम स्थल पर



दरबार सज्जा आकर्षक का केंद्र बिंदु रहा। मंगल पाठ में लाया थारी चुनरी करलो मां श्रृंगार..... मेंहदी हाथा में लागी चुनरी माथा पर मैया है ब्यूटीफुल..., म्हारी मैया जी ने पैरावां गजरों आज... मेंहदी रची हाथां में मैया के नाम की...., मंगल भवन या मंगल हारी...जिन माता भवानी...., आओ आओ भोग लगावां....आयो सांवरियो सरकार...., वीर हनुमाना अति बलवाना राम राम रटीयों जी....., जैसे भजनों पर श्रद्धालु भक्त भक्ति के सागर में गोता लगाते रहे। मंगल पाठ के बाद आरती का आयोजन किया गया. वहीं गुप्त नवरात्रा को लेकर 9 कन्याओं एक भैरऊ जी जीण माता के भ्राता हर्षनाथ जी का चरण धोकर आशीर्वाद लिया। वहीं उन्हें प्रसाद एवं उपहार देकर अपने आप को धन्यधान माना मंगल पाठ में 151 महिलाएं राजस्थानी भेषभूषा में शामिल हुए इस दौरान जय जीण माता के जयकारों से गुंजामान होता रहा शिव वाटिका।

**शपथ पत्र**

मैं, कुंदन कुमार, पिता बिनोद साहू, निवासी मक्का नवाटोला, डाकघर-मक्का, थाना-बुढ़मू, जिला-रांची, झारखंड-835214, विधिवत शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन करता हूं–

1. कि मैं भारत का नागरिक हूं तथा उपर्युक्त पते पर निवास करता हूं।
2. कि केनरा बैंक, बुढ़मू शाखा के बैंक पासबुक (खाता संख्या 5706101000067) में मेरा नाम 'प्रभात कुमार' अंकित है।
3. कि मेरे आधार कार्ड (आधार संख्या 5278 3271 9765) में मेरा नाम 'कुंदन कुमार' अंकित है।
4. कि 'कुंदन कुमार' एवं 'प्रभात कुमार' दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं तथा दोनों नाम मेरे ही हैं।
5. कि यह शपथ पत्र मेरे बैंक पासबुक में अंकित नाम 'प्रभात कुमार' के स्थान पर 'कुंदन कुमार' नाम दर्ज/सुधार कराने के उद्देश्य से प्रस्तुत किया जा रहा है।
6. कि उपर्युक्त सभी कथन मेरे सर्वोत्तम ज्ञान एवं विश्वास के अनुसार सत्य एवं सही हैं।

मैंने यह शपथ पत्र संख्या 1420 दिनांक 14/07/2026 को रांची में शपथपूर्वक हस्ताक्षरित किया है।

श्रृंखला संख्याः 24-25/11 22499

**दक्षिण पूर्व रेलवे – निविदा**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए, वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, चक्रधरपुर द्वारा नीचे वर्णित निविदा सं. के तहत ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं जिसके खुलने की नियत तिथि **11.08.2026 को 15.00 बजे** है। इन निविदाओं के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है एवं ऐसा कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **क्रम सं., निविदा सूचना संख्या, कार्य का विवरण, निविदा लागत और बयाना राशि** निम्नानुसार हैं: (1) **एसटी-सीकेपी-ओटी-26-27-56,** 10 स्टेशनों पर आईपी आधारित इंटीग्रेटेड पैसेंजर इंफॉर्मेशन सिस्टम (सीआईबी, टीआईबी, एजीडीबी, टू कलर एमएलडीबी, ऑटो अनाउंसमेंट सिस्टम) का प्रावधान, रु.5,56,20,547.51, रु. 11,12,400/-, (2) **एसटी-सीकेपी-ओटी-26-27-57,** तलाबुरू में 70 मी. लंबाई के एक सिक साइडिंग एवं तृतीय लाइन के लिए एक लूप लाइन के निर्माण के संबंध में एस एंड टी कार्य, रु.1,20,59,494.20, रु. 2,41,200/-, (3) **एसटी-सीकेपी-ओटी-26-27-58,** बड़बिल स्टेशन पर लाइन नं.4 के विस्तार के संबंध में एस एंड टी कार्य, रु.1,62,08,317.97, रु. 3,24,200/-, (4) **एसटी-सीकेपी-ओटी-26-27-59,** डांगोवापोसी में डाउन ग्रिड में पैसेंजर प्लेटफॉर्म के निर्माण के संबंध में एस एंड टी कार्य, रु.3,27,14,050.27, रु. 6,54,300/-, (5) **एसटी-सीकेपी-ओटी-26-27-60,** टाटा ईस्ट यार्ड के ड्रेनेज के सुधार के लिए पुलों के निर्माण एवं अन्य संबंधित कार्यों के लिए एस एंड टी कार्य, रु.1,07,26,270.75, रु. 2,14,500/-, (6) **एसटी-सीकेपी-ओटी-26-27-62,** चक्रधरपुर मंडल के तहत आईपी आधारित सेंट्रलाइज्ड इमर्जेंसी वार्निंग एवं साइरन कंट्रोल सिस्टम का प्रावधान, रु.16,43,242.79, रु. 32,900/-, **कार्य समापन:** 06 माह (क्रम सं. 1 एवं 6 प्रत्येक हेतु) एवं 12 माह (क्रम सं. 2 से 5 प्रत्येक हेतु)। निविदा का विवरण वेबसाइट **http://www.ireps. gov.in** पर देखा जा सकता है। निविदाकार/बोलीदाता के पास क्लास-III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट रहना चाहिए एवं आईआरईपीएस पोर्टल के अधीन जरूर पंजीकृत रहें। केवल पंजीकृत निविदाकार/बोलीदाता ई-निविदा प्रणाली में भाग ले सकते हैं। ई-निविदा प्रपत्र निःशुल्क जारी किया जाएगा। **(PR-502)**

## मॉडर्न पब्लिक स्कूल, कोडरमा में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया 36वां स्थापना दिवस



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**झुमरी तिलैया** : मॉडर्न पब्लिक स्कूल, कोडरमा में विद्यालय का 36वां स्थापना दिवस पारंपरिक विधि-विधान और धार्मिक आस्था के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में शिक्षकों द्वारा सामूहिक रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया। इस पावन अनुष्ठान में सभी शिक्षक पारंपरिक वेशभूषा में सम्मिलित हुए। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान शिव का रुद्राभिषेक कर विद्यालय की निरंतर प्रगति, शांति और सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रार्थना की गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य गुरु चरण वर्मा ने अपने संदेश में कहा, 36 वर्षों की यह यात्रा हमारे शिक्षकों, अभिभावकों और विद्यार्थियों के समर्पण का प्रतीक है। रुद्राभिषेक के माध्यम से हमने विद्यालय परिवार और सभी बच्चों की सुख-समृद्धि एवं सफलता के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है। हमारा संकल्प है कि हम शिक्षा के साथ-साथ संस्कार भी दें, ताकि हमारे विद्यार्थी समाज के अच्छे नागरिक बनें। विद्यालय की निदेशिका संगीता शर्मा ने इस शुभ अवसर पर सभी को बधाई देते हुए कहाः _श्यह सपना जो एक छोटे से विचार से शुरू हुआ था, आज हजारों जिंदगियों को दिशा दे रहा है। शिक्षकों की मेहनत, अभिभावकों का विश्वास और बच्चों की मेहनत से ही यह संस्थान इतनी ऊंचाइयों तक पहुंचा है।

## ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में दो दिवसीय कार्यशाला

# 'स्वयं की समझ' विषय पर कार्यशाला सम्पन्न

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा** : ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में दो दिवसीय कार्यशाला के समापन सत्र में विषय -'व्यक्तिगत विकास और सामाजिक कौशल' पर आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना से किया गया तत्पश्चात शैक्षणिक समन्वयक सौरभ शर्मा द्वारा रिसोर्स पर्सन एवं उपस्थित सभी सदस्यों एवं प्रशिक्षुओं का स्वागत भाषण से किया गया। तदोपरांत सहायक प्राध्यापक डॉ इंद्र कुमार जायसवाल ने रिसोर्स पर्सन सुधांशु कुमार, समन्वयक विद्यार्थी सेवा प्रकोष्ठ, ग्रिजली विद्यालय, तिलैया डैम, कोडरमा का परिचय कराया। कार्यक्रम में रिसोर्स पर्सन सुधांशु कुमार ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए उपरोक्त विषय से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं पर ध्यान आकृष्ट कराते हुए व्यक्तिगत विकास एवं सामाजिक कौशल के विविध आयामों से परिचित कराया एवं बताया कि सफल जीवन हेतु व्यक्तिगत विकास एवं खुशहाल जीवन हेतु सामाजिक कौशल का होना अति महत्वपूर्ण है। व्यक्तिगत विकास केवल बाह्य उपलब्धियों का नाम नहीं है, बल्कि स्वयं को पहचानने, अपनी क्षमताओं को विकसित करने और अपने व्यक्तित्व को निरंतर बेहतर बनाने की प्रक्रिया है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ मोहित कुमार तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि कार्यशाला समग्र व्यक्तित्व एवं सामाजिक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। कार्यशाला का उद्देश्य केवल ज्ञान प्रदान



करना नहीं, बल्कि ऐसे शिक्षकों के अंतर्निहित कौशलों का निर्माण एवं विकास करना है जो आत्मविश्वासी, संवेदनशील, नैतिक मूल्यों से युक्त तथा समाज के प्रति उत्तरदायी हों। यह कार्यशाला उत्कृष्ट, नवाचारी और प्रेरणादायी शिक्षक बनने के लिए प्रेरित करेगा। कार्यशाला के उपरांत प्रश्नोत्तरी सत्र का आयोजन किया गया जिसमें उक्त विषय से संबंधित विभिन्न प्रश्नों का उत्तर दिया गया।कार्यक्रम में बी एड सत्र 2024-26 के सभी प्रशिक्षु तमन्ना प्रवीण, सुलेखा कुमारी, उत्तम कुमार, तुलेश्वर कुमार, सुधीर कुमार, विशाल कुमार, बलराम कुमार, संजय कुमार दास, स्मिता रंजन, सिमरन कौर, संदीप कुमार, सकीना खातून, सृष्टि कुमारी, पारुल कुमारी, पूर्णिमा कुमारी, प्रिया कुमारी, पूनम कुमारी, रंजीत कुमार, नैंसी कुमारी, डौली कुमारी, मिथुन कुमार, मीरा कुमारी, नेहा कुमारी, नेहा प्रिया, निम्मी कुमारी, अनिशा कुमारी, अन्ना श्री, ललिता कुमारी, ज्योति कुमारी, इन्द्रदेव कुमार, जूली कुमारी, द्रोपती कुमारी, दीपा नाथ, रवीना कुमारी, बिपिन सच्चदेव आदि एवं आई क्यू ए सी समन्वयक मनीष कुमार सिन्हा सहित महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ रामकृष्ण प्रसाद, बिनीता कुमारी, खुशबू कुमारी सिन्हा, संजीत कुमार, अनिल दास, चुन्नु कुमार सहित सभी शिक्षकेतर कर्मचारी उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन प्रशिक्षु दीप्ति कुमारी एवं धन्यवाद ज्ञापन डी एल एड विभागाध्यक्ष मनीष कुमार सिंह ने किया। संपूर्ण कार्यशाला शैक्षणिक समन्वयक सौरभ शर्मा की देखरेख में संपन्न किया गया।

## आकाशीय बिजली गिरने से पिता-पुत्र की मौत, महिला जख्मी

**पलामू** : पलामू जिले के पांकी प्रखंड क्षेत्र के माड़न पंचायत के पुरुषोत्तमपुर गांव में मंगलवार रात आकाशीय बिजली गिरने से पिता- पुत्र की मौत हो गई। जबकि एक महिला जख्मी है। उसका इलाज पांकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया जा रहा है। मृतक के पहचान पिता बालमुकुंद यादव और पुत्र दिलीप यादव के रूम में हुई है। जख्मी महिला अनीता देवी, पिता ईश्वरी यादव है। स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के अनुसार पांकी थाना क्षेत्र के पुरुषोत्तमपुर के रहने वाले बालमुकुंद यादव और उनके बेटे दिलीप यादव मंगलवार शाम तेतराई गए थे। वहां से वे दोनों रात में बाइक से घर वापस लौट रहे थे। इसी क्रम में आकाशीय बिजली गिरने से दोनों की मौके पर ही मौत हो गई।

## स्वास्थ्य विभाग के आउटसोर्सिंग कर्मियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल आज से

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा** : आउटसोर्सिंग कम्पनी कमांडो इंडस्ट्रियल सिक्युरिटी फोर्स हजारीबाग के अंतर्गत जिला के सदर अस्पताल एवं सभी प्रखण्डों के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में कार्यरत आउटसोर्सिंग कर्मियों को छह माह का बकाया मानदेय का भुगतान एवं झारखंड सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम मानदेय देने तथा ईपीएफओ की कटौती मे हो रही गड़बड़ी आदि तीन सूत्री मांगों को लेकर झारखंड स्वास्थ्य आउटसोर्सिंग कर्मचारी संघ (सीटू) के बैनर तले 23 जुलाई से आउटसोर्सिंग कर्मियों का अनिश्चितकालीन हड़ताल का आह्वान किया है। इस संबंध में बयान जारी कर सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान ने कहा कि आउटसोर्सिंग कर्मी पिछले तीन माह से आंदोलन कर रहे हैं। 1 जून से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने के बाद सिविल सर्जन की अध्यक्षता में त्रिपक्षीय वार्ता में आवंटन प्राप्त होने पर मानदेय बढ़ाकर भुगतान की बात की गई थी। आवंटन प्राप्त होने के बाद 2 जुलाई को भी प्रदर्शन किया गया था। उस दौरान भी सिविल सर्जन ने सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदूरी के आधार पर भुगतान की बात की गई थी। लेकिन प्रस्तावित हड़ताल से एक दिन पूर्व बुधवार को कर्मियों को लॉलीपॉप दिया गया है और एक माह का मानदेय दिया गया है।

## खाद्य सुरक्षा विभाग व तम्बाकू निषेध टीम की ने की संयुक्त छापेमारी

# अमूल मोतीचूर लड्डू का नमूना जांच के लिए भेजा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला** : संयुक्त खाद्य सुरक्षा आयुक्त, झारखंड, उपायुक्त गुमला एवं अभिहित अधिकारी-सह-अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गुमला के संयुक्त निर्देश पर गुमला शहर में खाद्य सुरक्षा मानकों एवं जनस्वास्थ्य से जुड़े नियमों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा विभाग एवं तंबाकू निषेध टीम द्वारा विशेष संयुक्त छापेमारी अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी प्रकाश चंद्र गुग्गी, कुमार प्रभाकर, आशा राज एवं तंबाकू निषेध पदाधिकारी वंदना स्मिता होरो ने किया। अभियान के दौरान शहर के विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों, होटल, चाट-ठेला, किराना दुकानों, थोक एवं खुदरा विक्रेताओं का सघन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता, स्वच्छता व्यवस्था, सुरक्षित भंडारण, खाद्य लाइसेंस एवं पंजीकरण, उत्पादों की एक्सपायरी तिथि तथा लेबलिंग



संबंधी प्रावधानों की विस्तार से जांच की गई। अधिकारियों ने सभी खाद्य कारोबारियों को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के प्रावधानों का कड़ाई से पालन करने तथा उपभोक्ताओं को सुरक्षित, स्वच्छ एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कई प्रतिष्ठानों में स्वच्छता एवं खाद्य पदार्थों के रख-रखाव को लेकर आवश्यक सुधारात्मक सुझाव दिए गए। विशेष रूप से सड़क किनारे संचालित चाट एवं फास्ट फूड विक्रेताओं को निर्देशित किया गया कि वे खाद्य सामग्री को पूरी तरह ढककर रखें, वेज एवं नॉन-वेज खाद्य पदार्थों को अलग-अलग रखें, खाने में अखाद्य रंग का इस्तेमाल नहीं करने तथा खाद्य सामग्री को परोसने या लपेटने के लिए समाचार पत्र (न्यूज पेपर) का उपयोग न करें, क्योंकि समाचार पत्र की स्याही स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकती है।

**कार्यालय : असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, राँची**

e-Tender No. : 2816 Date 22.7.2026

**अल्पकालीन पुर्न ई– निविदा**

रॉची जिले के लिए सदर अस्पताल,रॉची एवं अन्य स्वास्थ्य संस्थानों के लिए सर्जिकलस् आइटम एवं अन्य का क्रय हेतु निबंधित निर्माणकर्ता/प्राधिकृत प्रतिष्ठान एवं फर्म से दिनांक 1.8.2026 के अपराहन 5.00 बजे तक ई–निविदा आमंत्रित किया जाता है। ई–निविदा से संबंधित तकनीकि विवरण/स्पेशिफिकेशन/संबंधित नियम/शर्त आदि **website http://jharkhandtenders.gov.in** पर दिनांक 24.7.2026 से देखा जा सकता है। ई–निविदा से संबंधित किसी प्रकार का परिवर्तन/शुद्वि पत्र **website http://jharkhandtenders.gov.in** पर ही प्रकाशित किया जाएगा।

PR380214 health med edu and family welfare 26-27 -D

असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी,रॉची

PR 385608 Health Med Edu and Family Welfare(26-27)#D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
विशेष कार्य प्रमण्डल, भवन निर्माण विभाग, राँची।
Mail:-splworksdivbcdrnc@gmail.com

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–23/2026–27**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम :– कार्यपालक अभियंता, विशेष कार्य प्रमण्डल, भवन निर्माण विभाग, राँची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– दिनांक–04.08.2026 को अपराहन 1.00 बजे तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक–05.08.2026 को अपराहन 3.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक–05.08.2026 को अपराहन 3.30 बजे।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– (क) अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, छोटानागपुर भवन अंचल संख्या–1, भवन निर्माण विभाग, राँची। (ख) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, विशेष कार्य प्रमंडल, भवन निर्माण विभाग, राँची।
6. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, विशेष कार्य प्रमंडल, भवन निर्माण विभाग, राँची।
7. निविदाधीन कार्य का विवरण :–

| क्र.सं | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0) | अग्रधन की राशि (रू0) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Annual Maintenance Contract of HVAC System of Jharkhand Bhawan, Vasant Vihar, New Delhi for the Period August, 2026 to July, 2027 | 35,18,400/- | 70,400.00 | 5000.00 | 12 Months |

8. निविदा की शर्ते **WWW.jharkhand.gov.in** एवं कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है।

विश्वासभाजन
कार्यपालक अभियंता
विशेष कार्य प्रमण्डल, भ0 नि0 वि0, राँची।

PR 385574 (Building) 26-27 (D)

# दिव्या हत्याकांड का मुख्य साजिशकर्ता राहुल यादव गिरफ्तार

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चतरा** : हंटरगंज थाना क्षेत्र के जजलो गांव स्थित बंद पत्थर खदान से 26 जून को बरामद युवती दिव्या कुमारी के शव मामले में चतरा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने हत्या के मुख्य अभियुक्त और दिव्या के प्रेमी राहुल यादव को गिरफ्तार कर लिया है। यह जानकारी बुधवार को चतरा एसडीपीओ सन्नी वर्धन ने अपने कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। मौके पर हंटरगंज थाना प्रभारी प्रभात कुमार उपस्थित थे। गिरफ्तार राहुल गया जिले के शेरघाटी थाना क्षेत्र के कुबड़ी गांव का रहने वाला है।



पुलिस ने उसे शेरघाटी इलाके से गिरफ्तार किया। इस मामले में पहले ही हत्या को अंजाम देने वाले आरोपी नेपाली गंझू को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा चुका है। पुलिस जांच में सामने आया कि दिव्या कुमारी और राहुल यादव के बीच लंबे समय से प्रेम संबंध था। इस दौरान राहुल ने शादी का झांसा देकर दिव्या के साथ संबंध बनाए, लेकिन बाद में शादी से साफ इनकार कर दिया। इसके बाद दिव्या ने राहुल के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कराया था। यह मामला न्यायालय में विचाराधीन था।

**केस वापस लेने का बना रहा था दबाव**

**जांच** में यह भी सामने आया कि राहुल लगातार दिव्या पर दर्ज मुकदमा वापस लेने का दबाव बना रहा था। हालांकि दिव्या किसी भी कीमत पर केस वापस लेने को तैयार नहीं थी। इसी बीच न्यायालय में दिव्या का बयान होने वाला था। राहुल को आशंका थी कि यदि दिव्या अदालत में उसके खिलाफ बयान दे देती है तो उसे सजा हो सकती है।

**दो लाख की सुपारी देकर रची हत्या की साजिश**

**सजा** से बचने के लिए राहुल यादव ने दिव्या की हत्या की साजिश रची। पुलिस के अनुसार राहुल ने गया जिले के बांकेबाजार थाना क्षेत्र के खरांटी गांव निवासी नेपाली गंझू को दो लाख रुपये की सुपारी देकर दिव्या की हत्या कराने की योजना बनाई। योजना के तहत दिव्या की हत्या कर शव को जजलो गांव स्थित बंद पत्थर खदान में फेंक दिया गया, ताकि घटना को दुर्घटना या अज्ञात हत्या का रूप दिया जा सके।

**पहले नेपाली गंझू, अब मुख्य आरोपी राहुल गिरफ्तार**

**घटना** के खुलासे के दौरान पुलिस ने पहले नेपाली गंझू को गिरफ्तार किया था। पूछताछ और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर हत्या की पूरी साजिश का खुलासा हुआ।

## एक झलक

### शिक्षक पर छात्रा से छेड़छाड़ और आपत्तिजनक संदेश भेजने का लगा आरोप

**सारण :** जिले के एक निजी विद्यालय में गणित शिक्षक पर कक्षा सात की छात्रा के साथ अशोभनीय व्यवहार, आपत्तिजनक संदेश भेजने और मानसिक उत्पीड़न का गंभीर आरोप लगा है। घटना से आक्रोशित परिजनों और स्थानीय लोगों ने हंगामा करते हुए आरोपित शिक्षक को पकड़कर स्थानीय थाना पुलिस को दे दिया। परिजनों के अनुसार शिक्षक लंबे समय से उसे परेशान कर रहा था और गणित में फेल करने की धमकी देकर दबाव बनाता था। आरोपित पर सोशल मीडिया के जरिए आपत्तिजनक संदेश और तस्वीरें भेजने का भी आरोप है। पीड़िता द्वारा परिजनों को जानकारी दिए जाने के बाद स्कूल में तनाव का माहौल बन गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए स्कूल प्रबंधन ने आरोपी शिक्षक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। एवं स्थानीय थाना को आवेदन देकर इस मामले की जांच करने की मांग की है।

### वीरपुर अनुमंडलीय अस्पताल में चिकित्सकों की हड़ताल से ठप रही ओपीडी

**सुपौल :** जिले के वीरपुर स्थित ललित नारायण अनुमंडलीय अस्पताल में बुधवार को चिकित्सकों के ओपीडी बहिष्कार का असर मरीजों पर साफ दिखाई दिया। अरवल में डॉक्टरों के साथ हुई हिंसक घटना के विरोध में राज्यभर में किए गए आह्वान के तहत यहां भी ओपीडी सेवा बंद रही, जिससे इलाज कराने पहुंचे मरीजों और उनके परिजनों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। ओपीडी बंद रहने के कारण अस्पताल परिसर में मरीजों की भीड़ जमा हो गई। दूर-दराज से पहुंचे लोग घंटों तक अपनी बारी का इंतजार करते रहे और इलाज को लेकर असमंजस की स्थिति बनी रही। मरीजों की परेशानी की सूचना मिलने पर नवपदस्थापित अनुमंडल पदाधिकारी विनय कुमार तत्काल अस्पताल पहुंचे।

### तेज रफ्तार पिकअप की टक्कर से पैदल जा रहे व्यक्ति की मौत

**सुपौल :** जिले के राघोपुर थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार ने एक व्यक्ति की जान ले ली। विशनपुर दौलत पंचायत के भगता टोला वार्ड संख्या-12 में सड़क पार कर रहे एक व्यक्ति को तेज गति से आ रही पिकअप वैन ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतक डगमारा थाना क्षेत्र के कमलपुर वार्ड संख्या-4 निवासी 46 वर्षीय रघुवीर साह उर्फ दुर्गा के रूप में हुई है। बताया जाता है कि वह अपने रिश्तेदारों से मिलने भगता टोला आए हुए थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, रघुवीर साह सड़क पर पैदल जा रहे थे, तभी तेज रफ्तार पिकअप वैन ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक वाहन लेकर मौके से भागने लगा, लेकिन घटनास्थल से करीब 100 मीटर दूर वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पानी से भरे गड्ढे में पलट गया। इसके बाद चालक वाहन छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाते हुए फरार हो गया।

### डबल डेकर पुल निर्माण में देरी पर छपरा विधायक ने शून्यकाल में उठाया मुद्दा

**सारण :** छपरा विधानसभा की विधायक छोटी कुमारी ने बिहार विधानसभा के शून्यकाल के दौरान शहर में निर्माणाधीन डबल डेकर पुल में हो रही अत्यधिक देरी का मामला उठाया। विधायक छोटी कुमारी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि उन्होंने सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया कि 4 वर्ष में पूरी होने वाली यह परियोजना 8 वर्ष बीत जाने के बाद भी अधूरी है। विधायक ने सदन में दुख जताते हुए कहा कि पूर्व के सत्रों में इस मामले को उठाने के बावजूद लंबे समय से जारी निर्माण और खुदी हुई सड़कों के कारण हजारों व्यापारियों का कारोबार ठप हो गया है। कई दुकानदार कर्ज और आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। साथ ही स्थानीय नागरिक प्रतिदिन भीषण जाम और धूल-प्रदूषण झेलने को मजबूर हैं। विधायक ने मांग की कि निर्माण कार्य युद्धस्तर पर जल्द पूरा किया जाए, देरी के लिए जिम्मेदार एजेंसी पर कार्रवाई हो और प्रभावित दुकानदारों को उचित मुआवजा दिया जाए।

## उपायुक्त ने किया गोला प्रखंड में एकीकृत कृषि गतिविधियों का विस्तृत निरीक्षण

# खेतों में उतर कर किसानों से किया संवाद

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गोला (रामगढ़) :** रामगढ़ उपायुक्त ऋतुराज ने बुधवार को गोला प्रखंड के सरला कला एवं औराडीह गांव का भ्रमण कर एकीकृत कृषि के अंतर्गत संचालित विभिन्न गतिविधियों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने खेतों में जाकर किसानों से संवाद किया, खेती में अपनाई जा रही आधुनिक तकनीकों की जानकारी प्राप्त की तथा विभिन्न कृषि मॉडलों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने ड्रिप सिंचाई एवं मल्चिंग आधारित खेती का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में जलवायु परिवर्तन एवं एल नीनो जैसी परिस्थितियों को देखते हुए जल संसाधनों का कुशल प्रबंधन अत्यंत आवश्यक हो गया है। उन्होंने कहा कि ड्रिप सिंचाई एवं मल्चिंग जैसी आधुनिक तकनीकों को बड़े पैमाने पर अपनाकर कम पानी में अधिक उत्पादन प्राप्त किया जा सकता है तथा खेती को जलवायु परिवर्तन के प्रति अधिक सक्षम बनाया जा सकता है। इसके उपरांत उपायुक्त ने मल्टी-लेयर फार्मिंग एवं प्रोटेक्टेड कल्टीवेशन मॉडल का निरीक्षण किया। उन्होंने देखा कि किसान एक ही खेत में दो से तीन प्रकार की सब्जियों की सफलतापूर्वक खेती कर रहे हैं। उपायुक्त ने इस मॉडल की सराहना करते हुए कहा कि इससे भूमि का बेहतर उपयोग, उत्पादन में विविधता तथा किसानों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि की संभावनाएं हैं। उन्होंने आश्वस्त किया कि प्रत्येक पात्र लाभुक को शेड नेट योजना से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा, जिससे किसान वर्षभर गुणवत्तापूर्ण खेती कर सकें। भ्रमण के दौरान उपायुक्त ने ग्राफ्टेड टमाटर की खेती का भी निरीक्षण किया। उन्होंने किसानों से उनके अनुभव साझा किए तथा वैज्ञानिक एवं उन्नत कृषि तकनीकों को व्यापक रूप से अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीकों के माध्यम से उत्पादन की गुणवत्ता एवं उत्पादकता दोनों में वृद्धि संभव है। इसके पश्चात उपायुक्त ने सोलर इरिगेशन लिफ्ट परियोजना का निरीक्षण कर इसकी कार्यप्रणाली की समीक्षा की। उपायुक्त ने इसे सिंचाई के क्षेत्र में एक प्रभावी, किफायती एवं टिकाऊ मॉडल बताते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि इस परियोजना का चरणबद्ध विस्तार पूरे रामगढ़ जिले में किया जाए, ताकि अधिक से अधिक किसानों को वर्षभर सिंचाई की सुविधा उपलब्ध हो सके तथा कृषि में स्वच्छ एवं नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा मिले। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले में ड्रिप सिंचाई, मल्चिंग, मल्टी-लेयर फार्मिंग, ग्राफ्टेड सब्जी उत्पादन एवं सौर ऊर्जा आधारित सिंचाई जैसी जलवायु अनुकूल कृषि तकनीकों के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जाए। उन्होंने कहा कि इन नवाचारों के माध्यम से कृषि उत्पादन बढ़ाने के साथ-साथ किसानों की आय में वृद्धि, जल संरक्षण तथा टिकाऊ कृषि प्रणाली को और अधिक मजबूत बनाया जा सकता है। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त आशीष अग्रवाल, गोपनीय शाखा प्रभारी रविंद्र गुप्ता, प्रखंड विकास पदाधिकारी गोला डॉ. सुधा वर्मा, कृषि विज्ञान केंद्र प्रभारी डॉक्टर सुधांशु शेखर, वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केंद्र डॉक्टर इंद्रजीत, प्रदान संस्था के हिमांशु निगम सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं किसान उपस्थित थे।



## बांकीपुर उपचुनाव : मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने राजग उम्मीदवार के समर्थन में की सभा

**एजेंसी**

**पटना :** कृषि मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता विजय कुमार सिन्हा ने बुधवार को कदमकुआं मंडल के पश्चिमी लोहानीपुर शक्ति केंद्र का भ्रमण कर कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय लोगों से संवाद किया। इसके पश्चात उन्होंने लोहानीपुर स्थित राजपूताना मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) उम्मीदवार नीरज कुमार सिन्हा के पक्ष में चुनाव प्रचार किया और उन्हें भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। सभा को संबोधित करते हुए विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि राजग विकास, सुशासन और जनसेवा के संकल्प के साथ जनता के बीच है। बिहार में विकास की गति को और तेज करने के लिए एनडीए को मजबूत करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और बिहार में राजग सरकार ने विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं। उन्होंने कहा कि पटना सहित पूरे बिहार में सड़क, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य और आधारभूत संरचना के क्षेत्र में तेजी से काम हुआ है। राजग सरकार का लक्ष्य बिहार को विकसित, समृद्ध और आत्मनिर्भर राज्य बनाना है। श्री सिन्हा ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे घर-घर जाकर एनडीए सरकार की उपलब्धियों और विकास कार्यों की जानकारी जनता तक पहुंचाएं तथा एनडीए प्रत्याशी नीरज कुमार सिन्हा के समर्थन में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाएं।

## भारत-अमेरिका व्यापार समझौता भारतीय किसानों के लिए मौत की घंटी है : सुफल महतो

- रांची में झारखंड राज्य किसान सभा ने भारत-अमेरिका व्यापार समझौता के खिलाफ ट्रंप-मोदी सरकार का किया पुतला दहन
- 10 अगस्त को देशव्यापी जेलभरो आन्दोलन का किया आह्वान




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** अखिल भारतीय किसान सभा के देशव्यापी आव्हान पर झारखंड राज्य किसान सभा द्वारा भारत-अमेरिका व्यापार समझौता के खिलाफ अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल ट्रम्प एवं भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का पूतला दहन किया गया। किसान विरोधी भारत-अमेरिका व्यापार समझौता रद्द करो, भारतीय किसानों एवं देश की बरबादी नहीं चलेगा, अमेरिकी उत्पादो के लिए मुक्त भारतीय बाजार नहीं चलेगा, भारतीय किसानों पर 18 प्रतिशत टेरिफ नहीं चलेगा, देश बेचना नहीं चलेगा, दिल्ली में अनशन कारी छात्रों पर बर्बर लाठीचार्ज नहीं चलेगा आदि नारे लग रहे थे। मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए झारखंड राज्य किसान सभा के महासचिव सुफल महतो ने कहा भारत-अमेरिका व्यापार समझौता भारतीय किसानों के लिए मौत की घंटी है, अमेरिकी उत्पादों के लिए मुक्त भारतीय बाजार एवं भारतीय किसानों पर 18 प्रतिशत टेरिफ का व्यापार समझौता भारतीय संप्रभुता को अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के सामने आत्म समर्पण है, आज देशव्यापी आव्हान पर भारत-अमेरिका व्यापार समझौता के खिलाफ ट्रंप+ मोदी सरकार का देश भर में पूतला दहन किया गया।

किसान भारत-अमेरिका व्यापार समझौता सहित किसान विरोधी कानूनों के खिलाफ 10 अगस्त को देशव्यापी जेलभरो आन्दोलन एतिहासिक होगा। दिल्ली में अनशन कारी छात्रों पर बर्बर लाठीचार्ज आजाद भारत में सबसे बर्बर और तानाशाही, असंवेदनशील कदम है मोदी सरकार का, जिसका देशभर में निंदा हो रहा है। इस अवसर पर झारखंड राज्य किसान सभा के अध्यक्ष असिम सरकार, उपाध्याय - सुरजीत सिन्हा, संयुक्त सचिव स्वपन महतो, प्रफुल्ल लिंडा, रघुवीर मंडल, मदुवा कच्छप, शंकर उरांव, के. पी. सिंह, लखन मंडल, विकास ठाकुर, शिववालक पासवान, महिला नेत्री बिणा लिंडा, शिवानी पाल, रंगोवती देवी, माया लायक, सोमनाथ लाहरी, अमर पाण्डेय आदि उपस्थित थे।

## डाइबिटीज और पीसीओडी से बचने के लिए जंक फूड से बचें : डॉ. सौम्या सिन्हा




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** आज डाइबिटीज का शिकार हर कोई हो रहा है। हर दस में से चार व्यक्ति डाइबिटीज का शिकार है और इसी से सम्बन्धित पीसीओडी बीमारी है, जो आज तेजी से बच्चियों को अपने आगोश में ले रही है। दोनों के होने का कारण एक ही है इन्सुलिन रेसिस्टेंस का होना। क्योंकि, अक्सर देखा जाता है कि बच्चियों में तनाव ज्यादा रहता है, दैनिक कार्यक्रम कम करती है और मोबाइल और लेपटॉप पर व्यस्त रहती हैं, जो डाइबिटीज और पीसीओडी होने का कारण बनता है। इसके लक्षण साफ है समय पर मासिक चक्र का ना आना चिड़चिड़ापन रहना असमय बाल का झड़ना। उक्त बातें आस्था फाउंडेशन द्वारा चलाये जा रहे वाक फार लाइफ मुहिम के तहत महेन्द्र सिंह कॉलेज में सैकड़ों छात्राओं को सम्बोधित करते हुए मशहूर स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. सौम्या सिन्हा ने कहीं। उन्होंने छात्राओं से अपील करते हुए कहा कि आप दिनचर्या में परिवर्तन कर तथा जंक फूड से परहेज कर इस बीमारी से बच सकते हैं। डाइटिशियन स्नेहा बर्मा ने छात्राओं से अपील करते हुए कहा कि डाइट इस उम्र में बहुत जरूरी होता है, किन्तु क्या डाइट हो, यह जानकारी होनी चाहिए। ज्यादा से ज्यादा जंक फूड से परहेज करते हैं। घर का खाना आपके लिए फायदेमंद होगा। साथ ही, समय समय पर प्रोटीन काबोर्हाइड्रेट से भरपूर सावूत अनाज का सेवन जरूरी है। कार्डियोलॉजी डाक्टर बरुण ने बच्चियों को हार्ट अटैक के बारे में जानकारी दी। अंत में बच्चियों को जंक फूड नहीं खाने, तनाव में नहीं रहने और ज्यादा से ज्यादा दैनिक कार्यक्रम करने की शपथ दिलायी गयी। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्राचार्य डॉ. संचिता दास, डॉक्टर साधना श्रीवास्तव एवं डॉक्टर राधिका की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही।

## कांग्रेस पंचायत अध्यक्ष समीम खान ने सक्रिय रूप से भाग लेकर मतदाता प्रपत्रों के संग्रहण व ऑनलाइन अपलोड कार्य का लिया जायजा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**अनगड़ा :** अनगड़ा प्रखंड क्षेत्र के सिरका बूथ संख्या 132 में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत कांग्रेस पंचायत अध्यक्ष समीम खान ने सक्रिय रूप से भाग लेकर मतदाता प्रपत्रों के संग्रहण एवं ऑनलाइन अपलोड कार्य का जायजा लिया। इस दौरान पंचायत अध्यक्ष समीम खान के साथ बीएलओ -2 एवं बीएलओ द्वारा मतदाताओं के एसआईआर फॉर्म प्राप्त कर उनका ऑनलाइन पंजीकरण भी किया गया। अभियान को सफल बनाने में सेविका रजनी देवी, अध्यापक महावीर महतो ने सहयोगी के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्राप्त जानकारी के अनुसार शेष पात्र मतदाताओं से भी समय सीमा के भीतर अपने फॉर्म जमा कर सत्यापन प्रक्रिया पूर्ण कराने की अपील की गई है।

## उद्यमियों को जोड़ रही एफजेसीसीआई की बिजनेस एक्सचेंज समिति



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (एफजेसीसीआई) की बिजनेस एक्सचेंज उप समिति की सातवीं बैठक बुधवार को चैंबर भवन में आयोजित हुई। बैठक में विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े उद्योगपति, व्यवसायी एवं उद्यमी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। समिति के सदस्यों ने अपने अनुभव साझा किए तथा आपसी व्यावसायिक सहयोग को और सशक्त बनाने पर चर्चा की। बैठक में जानकारी दी गई कि समिति के गठन से अब तक सदस्यों के बीच 10 करोड़ रुपये से अधिक का व्यवसाय हो चुका है, जो इस पहल की सफलता का प्रमाण है। नियमित बैठकों एवं सक्रिय सहभागिता के कारण सदस्यों के बीच नए व्यावसायिक अवसर विकसित हुए हैं तथा अनेक सदस्यों को प्रत्यक्ष रूप से इसका लाभ मिला है। बैठक में कहा गया कि यह उप समिति एफजेसीसीआई की सबसे सक्रिय एवं महत्वपूर्ण उप समितियों में से एक बनकर उभरी है। इसकी विशेषता यह है कि इसमें विविध क्षेत्रों एवं अलग-अलग प्रकार के व्यवसायों से जुड़े सदस्य शामिल हैं, जिससे एक-दूसरे के अनुभवों एवं नेटवर्क का लाभ सभी को मिल रहा है। नियमित उपस्थिति एवं संवाद के माध्यम से सदस्यों के बीच विश्वास, सहयोग और व्यापारिक संबंध लगातार मजबूत हो रहे हैं। बैठक के दौरान सदस्यों ने भविष्य में भी इसी प्रकार के नेटवर्किंग कार्यक्रम, व्यवसायिक संवाद एवं परस्पर सहयोग को बढ़ावा देने पर सहमति व्यक्त की। एफजेसीसीआई ने विश्वास व्यक्त किया कि व्यापार एवं उद्योग जगत को सशक्त बनाने तथा सदस्यों के लिए नए अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ऐसे प्रयास निरंतर जारी रहेंगे। चैंबर का लक्ष्य है कि अधिक से अधिक उद्यमी एवं व्यवसायी इस मंच से जुड़कर अपने व्यवसाय का विस्तार करें तथा एक-दूसरे के साथ मिलकर नई संभावनाओं का सृजन करें। बैठक में उपाध्यक्ष प्रवीण लोहिया एवं राम बांगड़, सह सचिव नवजोत अलंग, रोहित पोद्दार, कार्यकारिणी सदस्य मनीष सराफ, मुकेश अग्रवाल, बिजनेस एक्सचेंज उप समिति के चेयरमैन अमित मिश्रा, सदस्य पूनम आनंद, सहित काफी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे।

## कीचड़ में तब्दील सड़क बनी मुसीबत, जान जोखिम में डाल कर सफर करने को मजबूर ग्रामीण



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो :** लगातार हो रही बारिश के बाद प्रखंड क्षेत्र की एक ग्रामीण सड़क पूरी तरह कीचड़ में तब्दील हो गई है। सड़क पर जगह-जगह गहरे गड्ढे और फिसलन होने से राहगीरों का आवागमन मुश्किल हो गया है। खासकर बाइक सवारों को जान जोखिम में डालकर सफर करना पड़ रहा है। कई बार वाहन चालक फिसलकर दुर्घटना का शिकार होते-होते बच रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क की बदहाल स्थिति से रोजमर्रा के कार्य, बच्चों के स्कूल आने-जाने और किसानों को खेत तक पहुंचने में भारी परेशानी हो रही है। बारिश के कारण सड़क पर कीचड़ की मोटी परत जम गई है, जिससे छोटे वाहन भी आसानी से नहीं निकल पा रहे हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन और संबंधित विभाग से जल्द सड़क की मरम्मत कराने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई तो किसी दिन बड़ा हादसा हो सकता है।

## भूमि एवं भवन निबंधन पर प्रस्तावित 10% अतिरिक्त अधिभार अनुचित : चैंबर



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** फेडरेशन ऑफ झारखण्ड चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा की अध्यक्षता में आज चेम्बर भवन में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। राज्य सरकार द्वारा प्रस्तावित झारखण्ड नगरपालिका भूमि, भवन स्थानांतरण अधिभार नियमावली, 2026 के अंतर्गत संपत्ति के निबंधन पर 10 प्रतिशत अतिरिक्त अधिभार लगाए जाने के प्रस्ताव पर बैठक में विमर्श किया गया। सदस्यों ने नगर विकास विभाग के इस ड्राफ्ट प्रस्ताव पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इससे राज्य में संपत्ति खरीदने वाले आम नागरिकों, मध्यम वर्गीय परिवारों, प्रथम बार घर खरीदने वालों, व्यापारियों तथा रियल एस्टेट सेक्टर पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा। इससे न केवल आवासीय एवं व्यावसायिक संपत्तियों की खरीद-बिक्री प्रभावित होगी बल्कि निर्माण गतिविधियों, रोजगार सृजन पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। यह भी कहा गया कि राज्य सरकार एक ओर प्रदेश में निवेश आकर्षित करने, उद्योगों को बढ़ावा देने तथा इज ऑफ डूइंग बिजनेस को बेहतर बनाने की दिशा में कार्य कर रही है, वहीं दूसरी ओर इस प्रकार का अतिरिक्त अधिभार राज्य की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता को प्रभावित कर सकता है। चैंबर अध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा ने कहा कि नगर निकायों को वित्तीय रूप से सशक्त बनाना आवश्यक है, किंतु इसका भार केवल संपत्ति खरीदने वाले नागरिकों पर डालना उचित नहीं है। इसके लिए राजस्व बढ़ाने के अन्य वैकल्पिक उपायों पर भी विचार किया जाना चाहिए। बैठक के उपरांत झारखण्ड चैंबर द्वारा विभाग के अवर सचिव अतुल कुमार को अपना मंतव्य प्रेषित किया गया, जिसमें प्रस्तावित 10 प्रतिशत अतिरिक्त अधिभार को वर्तमान स्वरूप में लागू नहीं करने तथा इस विषय पर व्यापार, उद्योग, रियल एस्टेट क्षेत्र एवं अन्य स्टेकहोल्डर्स के साथ व्यापक विचार-विमर्श के उपरांत पुनर्विचार करने का आग्रह किया गया है।

## सम्राट चौधरी ने पटना सिटी में गुरु गोविंद सिंह अस्पताल के नवनिर्मित भवन का किया उद्घाटन

**एजेंसी**

**पटना :** बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बुधवार को पटना सिटी स्थित गुरु गोविंद सिंह अस्पताल (जिला अस्पताल) के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने जिला औषधि भंडार गृह सहित विभिन्न स्वास्थ्य सुविधाओं एवं सेवाओं का शुभारंभ किया। साथ ही राज्य के विभिन्न अस्पतालों के लिए कई नई स्वास्थ्य सेवाओं का लोकार्पण भी किया। उद्घाटन के बाद मुख्यमंत्री ने अस्पताल के नवनिर्मित भवन का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली और शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।



चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों से बातचीत के दौरान उन्होंने निर्देश दिया कि अस्पतालों में उपचार की सभी आवश्यक सुविधाएं प्रभावी ढंग से उपलब्ध कराई जाएं, ताकि मरीजों को अनावश्यक रूप से रेफर न करना पड़े। उन्होंने कहा कि डॉक्टरों की उपलब्धता सहित सभी स्वास्थ्य सेवाएं समयबद्ध और सुचारु रूप से सुनिश्चित की जानी चाहिए। मुख्यमंत्री ने राज्य के विभिन्न जिला अस्पतालों में 105 नए आईसीयू बेड, 70 इंटरमीडिएट केयर यूनिट (आईएमसीयू) बेड तथा चौबीस घंटे सातों दिन आपातकालीन सेवाओं का लोकार्पण किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि इन सुविधाओं के शुरू होने से गंभीर मरीजों को समय पर बेहतर उपचार उपलब्ध होगा और स्वास्थ्य सेवाओं की क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। इस अवसर पर सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल के तहत हब एंड स्पोक व्यवस्था पर आधारित निःशुल्क पैथोलॉजी सेवाओं के प्रथम चरण का भी शुभारंभ किया गया। इसके अंतर्गत 11 हब लैब स्थापित की गई हैं, जहां आधुनिक मशीनों और उन्नत जांच सुविधाओं की व्यवस्था रहेगी। इनके साथ 221 स्पोक लैब को नमूना संग्रह केंद्र के रूप में जोड़ा गया है।

## कांग्रेस ने लोकतंत्र की तोड़ी मर्यादा, भाजपा के शांतिपूर्ण प्रदर्शन पर कराया सुनियोजित हमला : शाहनवाज हुसैन

**एजेंसी**

**पटना :** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री सैयद शाहनवाज हुसैन ने बुधवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा के शांतिपूर्ण लोकतांत्रिक प्रदर्शन पर कांग्रेस ने पूरी तरह सुनियोजित तरीके से पत्थरबाजी और लाठीचार्ज कराया। उन्होंने कहा कि विपक्ष के नेता ने पहले प्रधानमंत्री आवास पर जाकर लोकतांत्रिक मयार्दाओं को तार-तार किया और उसके बाद पटना में कांग्रेस कार्यालय को हिंसा का केंद्र बना दिया। पूर्व मंत्री शाहनवाज हुसैन ने कहा कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ता शांतिपूर्ण ढंग से कांग्रेस कार्यालय के समक्ष लोकतांत्रिक विरोध दर्ज कराने पहुंचे थे। कार्यकताओं के हाथों में केवल पार्टी के झंडे थे, लेकिन कांग्रेस कार्यालय के भीतर पहले से पत्थर, लाठियां और अराजक तत्वों को जुटाकर भाजपा कार्यकताओं पर हमला कराया गया। उन्होंने कहा कि इस हमले में बड़ी संख्या में विधायक, पदाधिकारी और कार्यकर्ता घायल हुए तथा कई वाहनों को क्षतिग्रस्त कर दिया गया। उन्होंने बताया कि भागलपुर के विधायक रोहित पांडेय, रामकृपाल यादव विधायक विनय बिहारी, भाजपा नेता अनिल कुमार सिंह, क्षेत्रीय प्रभारी नीरज कुमार, घनश्याम ठाकुर सहित अनेक नेताओं के वाहनों में तोड़फोड़ की गई। वहीं युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सहित सैकड़ों कार्यकर्ता घायल हुए। शाहनवाज ने कहा कि मीडिया भी इस हिंसा का शिकार बना और एबीपी, एएनआई, आज तक, एनडीटीवी तथा अन्य मीडिया संस्थानों के कई पत्रकार घायल हुए, जो इस बात का प्रमाण है कि हमला पूरी तरह पूर्व नियोजित था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के हमले में इस हमले में शशि आनंद, जितेंद्र सिंह, उपेंद्र कुमार सिंह, अभिषेक आनंद, ऋषभ नारायण, बलराम मंडल, सनोज कुमार, जितेश गुंजन, राजू गुप्ता, रमाकांत, आनंद मधुकर, विशाल कुमार, राकेश कुमार, अमित पांडे, अभिषेक सिंह, शंभू केसरी, दिवाकर शर्मा, सोचित कुशवाहा, विकास कुमार, अभिषेक कुमार, प्रशांत शेखर, मुन्ना सिंह, सूरज कुमार, सुनील कुमार महतो, मनोहर कुमार सिंह सहित दर्जनों कार्यकर्ता घायल हुए हैं। भाजपा राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि कांग्रेस लगातार चुनावी हार से हताश होकर अब लोकतांत्रिक राजनीति छोड़ अराजकता और हिंसा का रास्ता अपना रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने हिंसा में शामिल कांग्रेस नेताओं और कार्यकताओं की पहचान कर उनके नाम पुलिस प्रशासन को सौंप दिए हैं तथा दोषियों पर कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की है ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।



## कांग्रेस प्रभारी के राजू ने रांची जिले के रांची विधानसभा बूथों का भ्रमण कर बीएलओ से काम काज के तरीके को बारीकी से जाना



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** झारखण्ड कांग्रेस प्रभारी के राजू ने रांची जिले के रांची विधानसभा के 332, 334, 329, 336, खिजरी विधानसभा के 363, हटिया विधानसभा के 172,175,176,191 और कांके विधानसभा के 463 बूथ नम्बर सहीत अन्य बूथों का भ्रमण कर बीएलओ से बात कर उनके काम काज के तरीके को बारीकी से जाना। झारखंड कांग्रेस प्रभारी के. राजू ने कई मतदान केंद्रों का जायजा लिया और बीएलओ-2 कार्यकर्ताओं के साथ बातचीत की। इस मौके पर अरऊ सूची भी पढ़ कर सुनाया गया। वहीं इस मौके पर झारखण्ड कांग्रेस प्रभारी ने इछअ 1 और इछअ 2 के कार्यों की बारीकी से जानकारी ली। उन्होंने इछअ से पूछा की कितना समय लगता है एक फार्म को सिस्टम में अपलोड करने में। बीएलओ ने उत्तर दिया 1से 5 मीनट। वहीं उन्होंने पूछा की एक से अधिक मतदान केंद्रों पर जो पंजीकृत हैं उनके बारे में आप लोग कैसे जानते हैं, तो बीएलओ ने बताया की मतदाता कि इपिक नम्बर ऐप में डालते हैं तो उनकी पूरी जानकारी पता चल जाती है।

# आज से होगा राष्ट्रमंडल खेल 2026 का आगाज

**नयी दिल्ली :** स्कॉटलैंड के ग्लासगो में 23 जुलाई से 2 अगस्त तक आयोजित होने वाले राष्ट्रमंडल खेल 2026 में 74 देशों और क्षेत्रों के 3,000 से अधिक खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। 11 दिनों तक चलने वाले इन खेलों में 11 खेलों की 215 पदक स्पर्धाओं में मुकाबले होंगे। प्रतियोगिता में ओलंपिक और विश्व चैंपियन खिलाड़ियों के साथ कई उभरते सितारे भी अपनी चुनौती पेश करेंगे। खेलों की शुरूआत 23 जुलाई को बाउल्स और पैरा बाउल्स से होगी, जबकि समापन 2 अगस्त को ट्रैक साइक्लिंग, जूडो और नेटबॉल के पदक मुकाबलों के साथ होगा। एथलेटिक्स, तैराकी, मुक्केबाजी, भारोत्तोलन, 3x3 बास्केटबॉल और पैरा स्पर्धाएं आकर्षण का केंद्र रहेंगी।

**3x3 बास्केटबॉल और 3x3 व्हीलचेयर बास्केटबॉल (एसईसी सेंटर हॉल-4)**
24 जुलाई : दोपहर 2:30-शाम 6:00, शाम 7:00-रात 10:30, रात 11:30-2:00 (25 जुलाई)
25 जुलाई : दोपहर 2:30-शाम 6:00, शाम 7:00-रात 10:30, रात 11:30-2:00 (26 जुलाई)
26 जुलाई : शाम 4:00-8:15, रात 9:30-1:45 (27 जुलाई)
27 जुलाई : शाम 4:00-8:15, रात 9:30-1:45 (28 जुलाई)
28 जुलाई : रात 10:00-2:00 (29 जुलाई)
29 जुलाई : शाम 4:00-8:00, रात 9:00-2:00 (30 जुलाई)




**आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक्स (ग्लासगो इंटरनेशनल एरीना)**
24 जुलाई: दोपहर 2:30-रात 8:30, रात 10:00-1:45 (25 जुलाई)
25 जुलाई: दोपहर 2:30-शाम 6:30, रात 8:15-1:15 (26 जुलाई)
26 जुलाई: शाम 4:30-7:30, रात 8:30-11:30
27 जुलाई: शाम 5:30-रात 10:00
28 जुलाई: शाम 5:30-रात 10:00

**एथलेटिक्स और पैरा एथलेटिक्स (ईडीएफ स्कॉट्सटाउन स्टेडियम)**
27 जुलाई : दोपहर 2:30-शाम 6:00, रात 11:00-2:30 (28 जुलाई)
28 जुलाई : दोपहर 2:30-शाम 5:00, रात 11:00-2:30 (29 जुलाई)
29 जुलाई : दोपहर 2:30-शाम 5:30, रात 11:00-2:30 (30 जुलाई)
30 जुलाई : दोपहर 2:30-शाम 6:00, रात 11:00-2:30 (31 जुलाई)
31 जुलाई : दोपहर 2:30-शाम 6:15, रात 11:00-2:45 (1 अगस्त)
1 अगस्त : दोपहर 2:30-शाम 6:15, रात 11:00-3:00 (2 अगस्त)




**बाउल्स और पैरा बाउल्स (एसईसी सेंटर हॉल-3)**
23 जुलाई : दोपहर 2:00-रात 8:55
24 जुलाई : दोपहर 1:00-शाम 6:45, शाम 7:30-2:45 (25 जुलाई)
25 जुलाई : दोपहर 1:00-शाम 6:45, शाम 7:30-2:40 (26 जुलाई)
26 जुलाई : दोपहर 1:00-शाम 6:30, शाम 7:15-2:25 (27 जुलाई)
27 जुलाई : दोपहर 1:00-शाम 6:30, शाम 7:15-2:25 (28 जुलाई)
28 जुलाई : दोपहर 1:00-शाम 6:00, शाम 7:30-2:25 (29 जुलाई)
29 जुलाई : दोपहर 1:00-शाम 6:30, शाम 7:30-2:25 (30 जुलाई)
30 जुलाई : दोपहर 1:00-शाम 6:30, शाम 7:30-2:25 (31 जुलाई)
31 जुलाई: दोपहर 1:00झ्रशाम 6:30, शाम 7:30झ्र2:25 (1 अगस्त)
1 अगस्त : दोपहर 1:00-शाम 6:30, शाम 7:30-2:25 (2 अगस्त)
2 अगस्त : दोपहर 1:30-शाम 7:45

**भारोत्तोलन (एसईसी आर्मडिलो)**
26 जुलाई : दोपहर 2:00-4:30, शाम 6:30-9:00, रात 11:00-1:30 (27 जुलाई)
27 जुलाई : दोपहर 1:30-4:00, शाम 5:30-8:15, रात 12:30-3:00 (28 जुलाई)
28 जुलाई : दोपहर 2:00-4:30, शाम 6:30-9:00, रात 11:00-1:30 (29 जुलाई)
29 जुलाई : दोपहर 2:00-4:30, शाम 6:30-9:00, रात 11:00-1:30 (30 जुलाई)
30 जुलाई : दोपहर 2:00-4:30, शाम 6:30-9:00, रात 11:00-1:30 (31 जुलाई)।

## राष्ट्रमंडल खेलों के उद्घाटन समारोह में भारत की ध्वजवाहक होंगी मीराबाई चानू और लवलीना बोरगोहेन

**नयी दिल्ली :** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने घोषणा की है कि ओलंपिक पदक विजेता मीराबाई चानू और लवलीना बोरगोहेन 23 जुलाई को ग्लासगो में होने वाले 2026 राष्ट्रमंडल खेलों के उद्घाटन समारोह में भारतीय दल की ध्वजवाहक और बैटन वाहक होंगी। शनिवार को भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी उषा ने दोनों खिलाड़ियों के नामों की घोषणा करते हुए कहा, यह हमारे लिए गर्व की बात है कि मीराबाई और लवलीना ओवीओ हाइड्रो में यह सम्मान प्राप्त करेंगी। मैं दोनों खिलाड़ियों और पूरे भारतीय दल को शुभकामनाएं देती हूं। टोक्यो ओलंपिक की पदक विजेता मीराबाई चानू और लवलीना बोरगोहेन के लिए यह बेहद गर्व का क्षण होगा। दोनों खिलाड़ियों ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर लगातार शानदार प्रदर्शन कर भारत का नाम रोशन किया है और अब उद्घाटन समारोह में भारतीय दल का नेतृत्व करेंगी। 126 सदस्यीय भारतीय दल जब उद्घाटन समारोह में मार्च करेगा, तब मीराबाई और लवलीना सबसे आगे भारतीय तिरंगा और बैटन लेकर चलेंगी। भारतीय दल के लिए यह एक ऐतिहासिक क्षण भी होगा क्योंकि उद्घाटन समारोह में दोनों सम्मान महिलाओं को सौंपा गया है।

**मीराबाई फिर से पदक जीतने के इरादे से उतरेंगी**

मीराबाई चानू टोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता हैं और इस बार ग्लासगो राष्ट्रमंडल खेलों में एक बार फिर स्वर्ण पदक जीतने के इरादे से उतरेंगी। वह 8 अगस्त को 32 वर्ष की हो जाएंगी और लंबे समय से भारतीय भारोत्तोलन की सबसे बड़ी पहचान बनी हुई हैं। पेरिस ओलंपिक 2024 में वह पदक जीतने से चूक गई थीं, लेकिन अब शानदार लय में हैं। मीराबाई विश्व चैंपियनशिप में भी कई पदक जीत चुकी हैं। वर्ष 2022 में बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में उन्होंने स्वर्ण पदक अपने नाम किया था।

**लवलीना से भी पदक की उम्मीद**

**टोक्यो** ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन इस बार ग्लासगो में पदक जीतने की प्रबल दावेदार मानी जा रही हैं। उन्होंने किक-बॉक्सिंग से मुक्केबाजी में आने के बाद लगातार शानदार उपलब्धियां हासिल की हैं। लवलीना ने 2023 विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था, जबकि 2023 एशियाई खेलों में रजत पदक अपने नाम किया था। असम की यह स्टार मुक्केबाज अब राष्ट्रमंडल खेलों में अपना पहला पदक जीतने के लिए उत्साहित हैं।



**मुक्केबाजी (एसईसी सेंटर हॉल-5)**
24 जुलाई : दोपहर 3:30-शाम 7:00, रात 10:30-2:15 (25 जुलाई)
25 जुलाई : दोपहर 3:30-शाम 6:30, रात 10:30-1:45 (26 जुलाई)
26 जुलाई: दोपहर 3:30-शाम 7:30, रात 10:30-2:15 (27 जुलाई)
27 जुलाई : दोपहर 3:30-शाम 7:15, रात 10:30-2:00 (28 जुलाई)
28 जुलाई : शाम 4:30-7:45, रात 10:30-1:45 (29 जुलाई)
29 जुलाई : शाम 4:30-8:00, रात 10:30-2:00 (30 जुलाई)
31 जुलाई : दोपहर 3:00-5:00, शाम 7:00-9:30, रात 11:30-2:00 (1 अगस्त)
1 अगस्त : दोपहर 3:30-शाम 7:00, रात 9:00-12:30 (2 अगस्त)



**पैरा पावरलिफ्टिंग (एसईसी आर्मडिलो)**
24 जुलाई : शाम 5:30-रात 9:00, रात 10:30-2:00 (25 जुलाई)

**नेटबॉल (द हाइड्रो)**
25 जुलाई: दोपहर 1:30-5:00, शाम 6:30-10:00, रात 11:30-3:00 (26 जुलाई)
26 जुलाई: दोपहर 1:30-5:00, शाम 6:30-10:00, रात 11:30-3:00 (27 जुलाई)
27 जुलाई: शाम 6:30-10:00, रात 11:30-3:00 (28 जुलाई)
28 जुलाई: शाम 6:30-10:00, रात 11:30-3:00 (29 जुलाई)
29 जुलाई: शाम 6:30-10:00, रात 11:30-3:00 (30 जुलाई)
30 जुलाई : दोपहर 1:30-5:00, शाम 6:30-10:00, रात 11:30-3:00 (31 जुलाई)
31 जुलाई : दोपहर 1:30-5:00, शाम 6:30-10:00
1 अगस्त : दोपहर 1:30-3:30, शाम 5:30-7:30
2 अगस्त : दोपहर 1:30-3:30, शाम 5:30-7:30

**तैराकी और पैरा तैराकी (टोलक्रॉस इंटरनेशनल स्विमिंग सेंटर)**
24 जुलाई : दोपहर 3:00-5:30, रात 11:30-2:30 (25 जुलाई)
25 जुलाई : दोपहर 3:00-5:30, रात 11:30-2:45 (26 जुलाई)
26 जुलाई : दोपहर 3:00-5:15, रात 11:30-2:45 (27 जुलाई)
27 जुलाई : दोपहर 3:00-4:45, रात 11:30-2:30 (28 जुलाई)
28 जुलाई : दोपहर 3:00-5:45, रात 11:30-2:45 (29 जुलाई)
29 जुलाई : दोपहर 3:00-4:45, रात 11:30-2:30 (30 जुलाई)

**ट्रैक साइक्लिंग और पैरा ट्रैक साइक्लिंग (सर क्रिस होय वेलोड्रोम)**
30 जुलाई : दोपहर 2:30-5:30, रात 8:30-11:30
31 जुलाई : दोपहर 2:30-7:30, रात 8:30-12:45 (1 अगस्त)
1 अगस्त : दोपहर 2:30-6:00, शाम 7:30-11:30
2 अगस्त : दोपहर 1:30-5:30, शाम 7:30-10:15




## टी-20 में जीत की राह पर लौटने उतरेगा भारत, जिम्बाब्वे के खिलाफ सीरीज में अय्यर की अग्निपरीक्षा

**एजेंसी**

**हरारे :** लगातार टी-20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद भारतीय टीम गुरुवार से शुरू हो रही तीन मैचों की टी-20 सीरीज में जिम्बाब्वे के खिलाफ जीत की पटरी पर लौटने के इरादे से मैदान में उतरेगी। कप्तान श्रेयस अय्यर अपनी कप्तानी में पहली सीरीज जीत दर्ज करने की कोशिश करेंगे, जबकि युवा भारतीय टीम के सामने हालिया असफलताओं को पीछे छोड़ने की चुनौती होगी। श्रेयस अय्यर की कप्तानी में भारत ने शुरूआती सात टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में छह मैच गंवाए हैं। आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज हारने के बाद जिम्बाब्वे दौरा टीम के लिए आत्मविश्वास हासिल करने का सुनहरा मौका है। हालांकि भारत इस सीरीज में प्रबल दावेदार माना जा रहा है, लेकिन हार टीम के ड्रेसिंग रूम पर बड़ा असर डाल सकती है। इस दौरे पर मुख्य कोच गौतम गंभीर की जगह वीवीएस लक्ष्मण टीम की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। ऐसे में टीम संयोजन और रणनीति पर भी सभी की नजरें रहेंगी।

**वैभव सूर्यवंशी पर रहेंगी निगाहें**

**युवा** सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी एक बार फिर आकर्षण का केंद्र होंगे। उनके साथ अभिषेक शर्मा पारी की शुरूआत करेंगे, जबकि संजू सैमसन इस दौरे के लिए टीम में शामिल नहीं हैं। हरारे स्पोर्ट्स क्लब का मैदान अभिषेक और वैभव दोनों के लिए खास रहा है। अभिषेक ने यहीं टी-20 अंतरराष्ट्रीय पदार्पण किया था और दूसरे ही मैच में शतक जड़ा था। वैभव ने इसी मैदान पर इस साल अंडर-19 विश्व कप फाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ शानदार शतक लगाया था।

**दोनों टीमें इस प्रकार हैं**

**भारत :** श्रेयस अय्यर (कप्तान), वैभव सूर्यवंशी, अभिषेक शर्मा, ईशान किशन (विकेटकीपर), तिलक वर्मा, शिवम दुबे, हर्ष दुबे, सूर्यांश शेडगे, यश ठाकुर, प्रिंस यादव, मयंक यादव, अशोक शर्मा, रवि बिश्नोई, प्रभसिमरन सिंह, रिंकू सिंह।

**जिम्बाब्वे :** सिकंदर रजा (कप्तान), ब्रायन बेनेट, रियान बर्ल, तनाका चिवांगा, बेन करन, ब्रैड इवांस, वेस्ली मधेवेरे, तदिवानाशे मारुमानी, वेलिंगटन मसाकाद्जा, ब्लेसिंग मुजरबानी, डियोन मायर्स, रिचर्ड नगरावा, न्यूमैन न्यामहुरी, मिल्टन शुम्बा, तफाद्जवा त्सिगा।

**गेंदबाजी और मध्यक्रम सबसे बड़ी चुनौती**

**हरारे** की पिच पर तेज गेंदबाजों को अतिरिक्त उछाल और मदद मिलने की संभावना है। ऐसे में जिम्बाब्वे के तेज गेंदबाज ब्लेसिंग मुजरबानी और रिचर्ड नगरावा भारतीय बल्लेबाजों के लिए बड़ी चुनौती बन सकते हैं। मध्यक्रम में उपकप्तान तिलक वर्मा की बल्लेबाजी क्रम को लेकर भी चर्चा है। उन्हें नंबर-5 पर सफलता नहीं मिली है, जबकि ईशान किशन नंबर-3 की भूमिका निभा रहे हैं। ऐसे में रिंकू सिंह भी मध्यक्रम में मजबूत विकल्प माने जा रहे हैं। ऑलराउंडर संयोजन में हर्ष दुबे, शिवम दुबे और सूर्यांश शेडगे में से दो खिलाड़ियों का चयन करना टीम प्रबंधन के लिए आसान नहीं होगा। तेज गेंदबाजी आक्रमण में मयंक यादव, प्रिंस यादव, अशोक शर्मा और यश ठाकुर में से अंतिम संयोजन पर भी नजर रहेगी।

## चाइना ओपन के प्री-क्वार्टर फाइनल में सिंधु और आयुष शेट्टी

**एजेंसी**

**चांगझोउ :** भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु ने चाइना ओपन 2026 में विजयी शुरूआत करते हुए बुधवार को हमवतन उन्नति हुड्डा को तीन गेम तक चले मुकाबले में हराकर प्री-क्वार्टर फाइनल (अंतिम-16) में जगह बना ली। वहीं पुरुष एकल में युवा खिलाड़ी आयुष शेट्टी ने इंडोनेशिया के विश्व नंबर-11 अल्वी फरहान को हराकर बड़ा उलटफेर किया। विश्व रैंकिंग में 15वें स्थान पर काबिज सिंधु, जो हाल ही में जापान ओपन का खिताब जीतकर आई हैं, ने उन्नति हुड्डा को 21-14, 9-21, 21-10 से हराया। लगभग एक घंटे तक चले मुकाबले में दूसरे गेम में पिछड़ने के बाद सिंधु ने शानदार वापसी करते हुए निर्णायक गेम आसानी से अपने नाम किया। अब अंतिम-16 में सिंधु का सामना मेजबान चीन की चौथी वरीयता प्राप्त चेन यू फेई से होगा, जिन्होंने पहले दौर में जापान की नात्सुकी निदाइरा को हराया था। पुरुष एकल में भारत के आयुष शेट्टी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए इंडोनेशिया के विश्व नंबर-11 अल्वी फरहान को 21-17, 5-21, 21-17 से मात देकर अंतिम-16 में प्रवेश किया। यह जीत शेट्टी के लिए खास रही क्योंकि 2023 विश्व जूनियर चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में उन्हें इसी खिलाड़ी के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। हालांकि युगल स्पधाओं में भारतीय खिलाड़ियों का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। मिश्रित युगल में रोहन कपूर और ऋत्विका शिवानी गड्डे की जोड़ी को शीर्ष वरीय चीन के यान झे फेंग और डोंग पिंग हुआंग ने 21-9, 21-16 से हराया। एक अन्य मिश्रित युगल मुकाबले में ध्रुव कपिला और तनिषा क्रास्टो को चीन के शिन वा गुओ और फांग हुई चेन ने 21-18, 21-18 से सीधे गेमों में पराजित किया।



# झारखंड

## अर्धनिर्मित मकान में व्यक्ति का शव मिला, जांच शुरू

**घाघरा :** घाघरा थाना क्षेत्र के जलका बंसी टोली गांव में बुधवार सुबह एक अर्धनिर्मित मकान से 40 वर्षीय मनोज उरांव का शव बरामद होने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। परिजनों और ग्रामीणों के अनुसार मृतक शराब का आदी था और पिछले कई दिनों से नशे की हालत में देखा जा रहा था। थाना प्रभारी मोहन कुमार सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं से मामले की जांच कर रही है।

## आपसी विवाद में भांजे ने मामा पर किया जानलेवा हमला, गम्भीर रूप से घायल

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चैनपुर :** चैनपुर थाना क्षेत्र के बेंदोरा कुलाही कॉलोनी में मंगलवार की शाम करीब 7 बजे पारिवारिक विवाद के चलते एक युवक ने अपने ही सगे मामा पर जानलेवा हमला कर दिया। इस घटना में पीड़ित व्यक्ति के सिर पर गंभीर चोटें आई हैं। पीड़ित विष्णु तुरी उम्र लगभग 55 वर्ष, पिता - स्व. शनिचर तुरी ने बताया कि मंगलवार शाम को वे खाना खाकर घर में सो रहे थे। इसी दौरान उनका भांजा जितेंद्र अचानक घर का दरवाजा लात मारकर अंदर घुसा। आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और किसी नुकीले हथियार कलम छुरी से सीधे विष्णु तुरी के सिर पर हमला कर दिया। घटना के दौरान बीच-बचाव करने आई विष्णु तुरी की पत्नी सोनामनी देवी को भी आरोपी ने डराया-धमकाया।घटना के बाद बुधवार अहले सुबह पीड़ित विष्णु तुरी परिजनों के साथ चैनपुर थाना पहुंचे और मामले की लिखित शिकायत की। पुलिस ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पीड़ित को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, चैनपुर में इलाज और जख्म जांच के लिए भेजा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकों द्वारा पीड़ित का इलाज किया जा रहा है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## छात्रों की समस्याओं को लेकर युवा कांग्रेस का संवाद कार्यक्रम

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**पूर्वी सिंहभूम :** अखिल भारतीय युवा कांग्रेस के देशव्यापी 'छात्रों की गूंज' अभियान के तहत बुधवार को पूर्वी सिंहभूम जिला युवा कांग्रेस कमेटी की ओर से बिष्टुपुर स्थित को-ऑपरेटिव कॉलेज के आदिवासी हॉस्टल परिसर में छात्र संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा, रोजगार, प्रतियोगी परीक्षाओं की पारदर्शिता, छात्रवृत्ति, उच्च शिक्षा में अवसर और युवाओं के भविष्य से जुड़े मुद्दों पर छात्रों ने खुलकर अपनी राय रखी। कार्यक्रम के समापन के बाद युवा कांग्रेस कार्यकताओं ने साकची गोलचक्कर पहुंचकर केंद्र सरकार के विरोध में पुतला दहन कर प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर थे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस अध्यक्ष परविंदर सिंह मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष नवनीत मिश्रा ने की। बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं, विशेषकर आदिवासी विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में भाग लेकर शिक्षा व्यवस्था, रोजगार के घटते अवसर, परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता और छात्रवृत्ति वितरण में आने वाली समस्याओं पर अपने अनुभव साझा किया। राजेश ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस लगातार छात्रों और युवाओं के अधिकारों की लड़ाई लड़ रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने छात्रों की समस्याओं को लेकर प्रधानमंत्री से मिलने का प्रयास किया, लेकिन उनकी बात नहीं सुनी गई। उन्होंने कहा कि छात्रों की आवाज को दबाया नहीं जा सकता और कांग्रेस उनके मुद्दों को सड़क से लेकर सदन तक मजबूती से उठाती रहेगी। उन्होंने केंद्र सरकार पर छात्रों और युवाओं की समस्याओं की अनदेखी करने का आरोप लगाते हुए कहा कि शिक्षा और रोजगार के सवालों पर सरकार को जवाब देना होगा। जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष नवनीत मिश्रा ने कहा कि 'छात्रों की गूंज' अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों की वास्तविक समस्याओं को सीधे सुनकर उन्हें राष्ट्रीय नेतृत्व तक पहुंचाना है, ताकि छात्र हित से जुड़े मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाया जा सके।



## देवघर में ऑटो-टोटो चालकों ने अवैध वसूली का लगाया आरोप, प्रशासन से जांच की मांग

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**देवघर :** देवघर में ऑटो और टोटो चालकों ने विभिन्न प्रकार के शुल्क एवं कथित अवैध वसूली से परेशान होने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि बेरोजगारी के दौर में किसी तरह ऑटो और टोटो चलाकर परिवार का भरण-पोषण कर रहे चालक प्रतिदिन कई तरह के भुगतान करने को विवश हैं, जिससे उनकी आय पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। चालकों का आरोप है कि जसीडीह स्टैंड से चकाई मोड़ तक संचालित टोटो-टेम्पू मालिक सह चालक संघ, जसीडीह की ओर से प्रतिदिन प्रत्येक ऑटो और टोटो से 70 से 80 रुपये तक वसूले जाते हैं। उनका दावा है कि यह वसूली रात के समय भी जारी रहती है। इसके अलावा स्टैंड में प्रवेश (एंट्री) के नाम पर भी अलग से राशि ली जाती है। चालकों का कहना है कि एक ओर उन्हें कथित रूप से संघ को प्रतिदिन शुल्क देना पड़ता है, वहीं दूसरी ओर नगर निगम का निर्धारित शुल्क भी जमा करना होता है। उनका आरोप है कि दोहरी वसूली के कारण उनकी दैनिक आय का बड़ा हिस्सा खर्च हो जाता है। देवघर रेलवे स्टेशन के बाहर संचालित ऑटो चालकों ने भी इसी प्रकार की कथित वसूली की शिकायत की है। सिमुलतल्ला के टेलवा नेमसार गांव निवासी टोटो चालक राजेश दास ने बताया कि उन्होंने बैंक ऋण लेकर वाहन खरीदा है। ऐसे में बैंक की मासिक किस्त, विभिन्न शुल्कों का भुगतान और परिवार का खर्च एक साथ वहन करना उनके लिए कठिन होता जा रहा है।

## परियोजना बालिका उच्च विद्यालय इटखोरी का होगा कायाकल्प

### 3.20 करोड़ की लागत से होगा पुनर्निर्माण, निर्माण को लेकर ई-निविदा जारी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चतरा :** इटखोरी प्रखंड क्षेत्र में बालिकाओं की उच्च शिक्षा के केंद्र के रूप में अपनी विशिष्ट पहचान रखने वाले परियोजना बालिका उच्च विद्यालय का अब कायाकल्प होगा। विद्यालय भवन को लेकर वर्षों से बनी हुई समस्या का निराकरण होने का मार्ग प्रशस्त हो चुका है। इटखोरी प्रखंड क्षेत्र में बेटियों की शिक्षा को बढ़ावा देने और जर्जर भवनों की समस्या को दूर करने के लिए राज्य सरकार ने इटखोरी प्रखंड अंतर्गत परियोजना बालिका उच्च विद्यालय के जर्जर भवनों के संपूर्ण पुनर्निर्माण को हरी झंडी दे दी है। परियोजना बालिका उच्च विद्यालय के नए भवन के निर्माण पर कुल 3.20 करोड़ की लागत आएगी। इस राशि से विद्यालय की छात्राओं के लिए नए भवन का निर्माण होगा और बरसात के दिनों में विद्यालय में अध्यनरत छात्राओं को जर्जर भवन में पढ़ने से निजात मिल सकेगा। इस बालिका उच्च विद्यालय का वर्तमान भवन काफी पुराना और जर्जर हो चुका है। बरसात के दिनों में छात्राओं को कक्षाओं में पानी टपकने और छत के प्लास्टर गिरने जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इसके अलावे वर्ग कक्ष के कमरों की कमी के कारण छात्राओं की पढ़ाई बाधित होती है। छत का प्लास्टर टूटकर नीचे गिरता है जिससे हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है और भय के साए में छात्राएं अध्ययन करने को मजबूर होती रही है। विद्यालय के जर्जर भवनों के निर्माण को ले कर यहां अध्ययनरत छात्राओं ने कई बार सड़क पर उतरकर आंदोलन भी किया है। समय-समय पर विभिन्न समाचार पत्रों में भी परियोजना बालिका उच्च विद्यालय की छात्राओं की समस्याओं को उजागर किया जाता रहा है। छात्राओं की इस समस्या को देखते हुए स्थानीय जनप्रतिनिधियों और विद्यालय प्रबंधन ने सरकार से नए भवन की मांग की थी। इस आलोक में सरकार ने परियोजना बालिका उच्च विद्यालय के भवन निर्माण की दिशा में सकारात्मक कदम उठाते हुए भवन निर्माण के लिए हरी झंडी दे दी है। जिला परिषद, चतरा द्वारा भवन निर्माण के लिए ई निविदा निकल दी गई है।

**कार्य को पूर्ण करने के लिए निर्धारित की गयी है 18 माह की समय-सीमा**

**प्रस्तावित** 2 मंजिला भवन में 10 अतिरिक्त वर्ग कक्ष, विज्ञान प्रयोगशाला, कंप्यूटर कक्ष, पुस्तकालय, प्रधानाध्यापिका का कार्यालय कक्ष, शिक्षक सदन के साथ-साथ छात्राओं के लिए अलग-अलग शौचालय और सुरक्षित पेयजल की व्यवस्था होगी। परिसर में चारदीवारी और खेल का मैदान भी विकसित किया जाएगा। विद्यालय के प्रधानाध्यापक, शिक्षकों, छात्राओं,अभिभावकों ने इस स्वीकृति पर खुशी जताते हुए सरकार और जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया है। साथ ही चतरा सांसद कालीचरण सिंह, सिमरिया विधायक कुमार उज्जवल दास,भाजपा जिला महामंत्री डॉ.मृत्युंजय सिंह, सहित सभी जनप्रतिनिधियों के प्रति भी कृतज्ञता ज्ञापित की है। नए भवन से न केवल पढ़ाई का वातावरण बेहतर होगा, बल्कि छात्राओं की संख्या में भी वृद्धि होगी। और, सबसे बड़ी बात यह होगी कि वर्षों से जो समस्या बनी हुई थी उसका निराकरण संभव हो सकेगा। स्थानीय लोगों ने इस योजना को लेकर इटखोरी क्षेत्र की बालिकाओं के शिक्षा के लिए मील का पत्थर बताते हुए कहा कि इससे प्रखंड क्षेत्र में बालिका शिक्षा को नई दिशा मिलेगी और विद्यालय की छात्राएं नए भवन का निर्माण होने से भयमुक्त वातावरण में निर्भय होकर निर्वाध शिक्षा प्राप्त करेंगी।

**लातेहार जिला क्रिकेट संघ चुनाव**

## सभी 09 पदों पर एक-एक उम्मीदवार, नामांकन प्रक्रिया शुरू

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार :** लातेहार जिला क्रिकेट संघ के सत्र 2026-30 के चुनाव की प्रक्रिया बुधवार को नामांकन के साथ शुरू हो गई। जिला खेल स्टेडियम स्थित संघ कार्यालय में सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक नामांकन पत्रों की बिक्री और जमा करने की प्रक्रिया पूरी की गई।संघ के चुनाव अधिकारी एवं सिविल कोर्ट लातेहार के वरीय अधिवक्ता प्रदीप कुमार उपाध्याय ने बताया कि निर्धारित समय तक कुल 9 पदों के लिए 9 नामांकन प्रपत्र ही बिके। सभी पदों पर एक-एक उम्मीदवार ने अपना नामांकन दाखिल किया। प्रत्येक उम्मीदवार ने एक प्रस्तावक और एक समर्थक के साथ चुनाव अधिकारी के समक्ष अपना नामांकन पत्र जमा किया।



**इन पदों के लिए दाखिल हुए नामांकन**

**अध्यक्ष :** पंकज कुमार सिंह
**वरीय उपाध्यक्ष :** चंद्र प्रकाश सिंह
**उपाध्यक्ष (तीन पद) :** विष्णुदेव प्रसाद गुप्ता, अनिल सिंह और सुरेंद्र प्रसाद
**सचिव :** अमलेश कुमार सिंह
**कोषाध्यक्ष :** सतीष कुमार द्विवेदी
**संयुक्त सचिव (दो पद) :** जावेद अख्तर और प्रकाश कुमार

**23 जुलाई को होगी स्क्रूटनी**

**चुनाव** अधिकारी प्रदीप कुमार उपाध्याय ने बताया कि 23 जुलाई को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक नामांकन पत्रों की जांच (स्क्रूटनी) की जाएगी। इसके बाद उसी दिन दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे तक इच्छुक अभ्यर्थी अपना नामांकन वापस ले सकेंगे।

**खास बात : सभी** 9 पदों पर केवल एक-एक उम्मीदवार के नामांकन दाखिल होने से चुनाव निर्विरोध होने की संभावना प्रबल मानी जा रही है।

## एक झलक

### मुंबई में बारिश के बीच वी का रिटेल स्टोर्स बना मॉनसून शेल्टर

**रांची :** लगातार हो रही भारी बारिश और जलभराव के कारण मुंबई में जनजीवन प्रभावित हुआ है। ऐसे समय में टेलीकॉम कंपनी वी (वोडाफोन आइडिया) ने हर साल की तरह इस बार भी अपने मुंबई स्थित रिटेल स्टोर्स को 'मॉनसून शेल्टर' में बदल दिया है, ताकि बारिश में फंसे लोग सुरक्षित स्थान पर रुक सकें। वी ने अपने स्टोर्स के दरवाजे आम नागरिकों के लिए खोल दिए हैं। अब कोई भी व्यक्ति बारिश से बचने के लिए नजदीकी वी स्टोर में जाकर अस्थायी रूप से शरण ले सकता है। यहां लोग अपने मोबाइल फोन चार्ज कर सकते हैं, खुद को तरोताजा कर सकते हैं और मौसम सामान्य होने तक सुरक्षित व आरामदायक माहौल में इंतजार कर सकते हैं। कंपनी का कहना है कि मुंबई में फैले अपने व्यापक रिटेल नेटवर्क के माध्यम से वह यह सुनिश्चित करना चाहती है कि अचानक हुई भारी बारिश के दौरान लोगों को मदद आसानी से मिल सके। नागरिक अपने वर्तमान लोकेशन के आधार पर गूगल मैप्स ल की मदद से निकटतम वी स्टोर का पता लगा सकते हैं। वी के अनुसार, यह पहल कंपनी की कस्टमर फर्स्ट' सोच का हिस्सा है। कंपनी का उद्देश्य केवल बेहतर कनेक्टिविटी उपलब्ध कराना ही नहीं, बल्कि मुश्किल समय में ग्राहकों और स्थानीय समुदाय के साथ खड़े रहकर उनकी सहायता करना भी है।

### एचडीएफसी बैंक का बाजार मूल्यांकन एक लाख करोड़ रुपये घटा

**नयी दिल्ली :** निजी क्षेत्र के एचडीएफसी बैंक के शेयर में बुधवार को लगातार तीसरे दिन गिरावट आई। इसके साथ बैंक का बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) एक लाख करोड़ रुपये कम हो गया है। पिछले तीन दिनों में मार्जिन को लेकर चिंता के कारण बैंक का शेयर आठ फीसदी से अधिक टूट गया। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) में बैंक का शेयर 1.09 फीसदी टूटकर 753.15 रुपये पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय इसमें 1.47 फीसदी तक की गिरावट आई और यह 750.25 रुपये पर आ गया था। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) में यह एक फीसदी की गिरावट के साथ 753.15 रुपये पर बंद हुआ। शेयर बाजार के जारी आंकड़ों के अनुसार पिछले तीन दिन में बैंक के शेयर में 8.11 फीसदी की गिरावट आई है, जिससे बाजार मूल्यांकन 1 लाख करोड़ रुपये कम होकर 11,59,950.98 करोड़ रुपये पर आ गया। इसके साथ ही कंपनी बाजार पूंजीकरण के लिहाज से रैंकिंग में तीसरे स्थान पर आ गई। भारती एयरटेल 12,16,839.14 करोड़ रुपये के बाजार मूल्यांकन के साथ दूसरी सबसे मूल्यवान कंपनी बन गई। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड 17,44,141.25 करोड़ रुपये के बाजार पूंजीकरण के साथ देश की सबसे मूल्यवान कंपनी है। उल्लेखनीय है कि एचडीएफसी बैंक का एकल आधार पर शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष 202627 की अप्रैल–जून तिमाही में पांच फीसदी बढ़कर 19,059.72 करोड़ रुपये रहा है। बैंक का शुद्ध लाभ पिछले वित्त वर्ष 2025–26 की इसी अवधि में 18,155.21 करोड़ रुपये रहा था।

# लगातार तीसरे दिन गिरावट के साथ बंद हुआ शेयर बाजार



**नयी दिल्ली :** घरेलू शेयर बाजार लगातार तीसरे दिन बड़ी गिरावट के साथ बंद हुआ। कारोबार की शुरूआत भी कमजोरी के साथ हुई थी। बाजार खुलने के थोड़ी देर बाद ही बिकवाली का दबाव बन गया, जिसकी वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की कमजोरी लगातार बढ़ती चली गई। हालांकि खरीदारों ने बीच-बीच में कई बार लिवाली का जोर बनाने की कोशिश की लेकिन बिकवाली का दबाव इतना अधिक था कि बाजार की चाल पर कोई खास असर नहीं पड़ा। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.92 प्रतिशत और निफ्टी 0.79 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुए। माना जा रहा है कि घरेलू शेयर बाजार आज पश्चिम एशिया में जारी तनाव और कच्चे तेल की कीमत में आई तेजी की वजह से तो बुरी तरह से प्रभावित हुआ ही, चुनिंदा सेक्टर्स के शेयरों में हुई जोरदार बिकवाली ने भी बाजार का मूड खराब कर दिया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा जेनेरिक दवा पर भारी भरकम टैरिफ लगाने का ऐलान करने की वजह से फार्मास्यूटिकल सेक्टर में आज चौतरफा बिकवाली होती रही। इसी तरह आईटी और बैंकिंग सेक्टर भी बिकवाली के दबाव में धराशाई हो गए। तीन प्रमुख सेक्टर्स में हुई जोरदार बिकवाली की वजह से शेयर बाजार के सेंटिमेंट्स आज बाजार खुलने के बाद से ही लगातार खराब बने रहे, जिसका असर सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की गिरावट के रूप में नजर आया। बीएसई का सेंसेक्स आज 85.16 अंक यानी 0.11 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 77,384.95 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होने के थोड़ी देर बाद ही बाजार में बिकवाली का दबाव बन गया, जिसकी वजह से यह सूचकांक गिरता चला गया। लगातार हो रही बिकवाली के कारण दोपहर 12 बजे के थोड़ी देर बाद सेंसेक्स 828.92 अंक यानी 1.07 प्रतिशत टूट कर 76,641.19 अंक तक गिर गया। इसके बाद खरीदारों ने लिवाली का जोर बना कर बाजार को सहारा देने की कोशिश की लेकिन बिकवाली के जबरदस्त दबाव की वजह से उनकी कोशिश सफल नहीं हो सकी। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स दिन के निचले स्तर से 110 अंक से अधिक की रिकवरी कर 715.06 अंक लुढ़क कर 76,755.05 अंक के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स की तरह एनएसई के निफ्टी ने आज 37.25 अंक यानी 0.15 प्रतिशत टूट कर 24,150.45 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। बाजार खुलते ही खरीदारी का सपोर्ट मिलने से यह सूचकांक मामूली रिकवरी के साथ 24,166.30 अंक के स्तर तक पहुंचा लेकिन इसके बाद बिकवाली का दबाव बन गया। लगातार हो रही बिकवाली की वजह से निफ्टी 226.30 अंक यानी 0.94 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,961.40 अंक के स्तर तक पहुंच गया। इसके बाद खरीदारों ने लिवाली का जोर बना कर बाजार को सहारा देने की कोशिश भी की, जिससे इस सूचकांक की चाल में कुछ सुधार भी हुआ। हालांकि बिकवाली का दबाव इतना अधिक था कि खरीदारों की कोई भी कोशिश ज्यादा सफल नहीं हो सकी। दिनभर हुई खरीद-बिक्री के बाद निफ्टी दिन के निचले स्तर से करीब 35 अंक की रिकवरी कर 191.45 अंक की कमजोरी के साथ 23,996.25 अंक के स्तर पर बंद हुआ। दिनभर के कारोबार के दौरान फार्मास्यूटिकल, बैंकिंग और आईटी सेक्टर के शेयरों में जम कर बिकवाली होती रही। इसके साथ ही मीडिया सेक्टर भी आज जबरदस्त गिरावट का शिकार हो गया। जोरदार बिकवाली की वजह से निफ्टी का मीडिया इंडेक्स 2.68 प्रतिशत टूट गया। इसी तरह निफ्टी का रियल्टी इंडेक्स भी 2.60 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुआ। इसके अलावा कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, इंफ्रास्ट्रक्चर, ऑयल एंड गैस, मेटल और एनर्जी इंडेक्स भी गिरावट के साथ बंद हुए। दूसरी ओर, ऑटोमोबाइल और एफएमसीजी सेक्टर के शेयरों में आज खरीदारी होती रही।

## भगवान महावीर मणिपाल हॉस्पिटल ने झारखंड का पहला परक्यूटेनियस एज-टू-एज माईट्रल वॉल्व किया रिपेयर

**रांची :** भगवान महावीर मणिपाल हॉस्पिटल, रांची की कार्डियोलॉजी टीम ने एडवांस्ड कार्डियेक केयर में एक बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए झारखंड की पहली परक्यूटेनियस एज-टू-एज माईट्रल वॉल्व रिपेयर सर्जरी की है। हॉस्पिटल में गंभीर माईट्रल रिगर्गिटेशन (हार्ट वाल्व के लीकेज) और एडवांस्ड हार्ट फेलियर के साथ एक 83 साल के मरीज को लाया गया था। मरीज की उम्र को देखते हुए पारंपरिक ओपन हार्ट सर्जरी करने में बहुत रिस्क था। सर्जरी के बाद कुछ ही महीनों में मरीज ने सामान्य जीवन जीना शुरू कर दिया। अब वो आराम से सीढ़ियां चढ़ सकते हैं और बिना सांस फूले लगभग 500 मीटर चल सकते हैं। मरीज को जब इमरजेंसी विभाग में लाया गया तब उनको सीने में तेज दर्द हो रहा था और सांस लेने में



दिक्कत थी। जांच करने पर पता चला कि उन्हें एक बड़ा हार्ट अटैक (एंटीरियर वॉल मायोकार्डियल इन्फार्कशन) पड़ा था। इसके बाद उन्हें तुरंत कैथ लैब में शिफ्ट कर दिया गया, जहाँ उनके हृदय की धड़कन गंभीर रूप से असामान्य (वेंट्रिकुलर टैकीकार्डिया) हो गई। लेकिन इमरजेंसी डीसी शॉक ने उनकी जान बचा ली। इसके बाद एक इंट्रा-एयोर्टिक बैलून पंप (आईएबीपी) की मदद से उनकी इमरजेंसी एंजियोप्लास्टी की गई। डॉ. धनंजय कुमार, कंसल्टैंट- कार्डियोलॉजी, भगवान महावीर मणिपाल हॉस्पिटल, रांची ने कहा, यह एक बहुत चुनौतीपूर्ण मामला था। मरीज को एक बड़ा हार्ट अटैक पड़ा था। उनका दिल बहुत ज्यादा कमजोर हो चुका था। बाद में उनके हार्ट वॉल्व में गंभीर रूप से लीकेज होने लगा। मरीज की उम्र और हालत को देखते हुए पारंपरिक वॉल्व सर्जरी करने में बहुत ज्यादा रिस्क था। उनके लिए सबसे सुरक्षित और प्रभावशाली विकल्प एज-टू-एज माईट्रल वॉल्व रिपेयर ही था। हमने झारखंड में यह प्रक्रिया पहली बार सफलतापूर्वक पूरी की है। अब इस राज्य के मरीजों को एडवांस्ड स्ट्रक्चरल हार्ट सर्जरी आराम से उपलब्ध हो सकेगी। आबिद तौकीर, हॉस्पिटल डायरेक्टर, भगवान महावीर मणिपाल हॉस्पिटल, रांची ने कहा, स्ट्रक्चरल हार्ट सर्जरी में हुई प्रगति ने हार्ट की गंभीर समस्याओं के इलाज का तरीका बदल दिया है। अब स्पेशियलाईज्ड कार्डियेक केयर का लाभ और ज्यादा मरीजों को मिल सकता है।

## नेस्ले इंडिया को पहली तिमाही का शुद्ध लाभ 958.68 करोड़ रुपये

**नयी दिल्ली :** दैनिक उपभोग की वस्तुएं बनाने वाली प्रमुख कंपनी नेस्ले इंडिया ने वित्त वर्ष 2026-27 की (अप्रैल-जून) पहली तिमाही के अपने नतीजे का ऐलान कर दिया है। नेस्ले इंडिया का अप्रैल-जून में एकीकृत शुद्ध लाभ (मुनाफा) 48.26 फीसदी बढ़कर 958.68 करोड़ रुपये हो गया। पिछले वित्त वर्ष 2025-26 की अप्रैल-जून तिमाही में उसका एकीकृत शुद्ध लाभ 646.59 करोड़ रुपये था। कंपनी ने बुधवार को शेयर बाजार को दी गई सूचना में बताया कि चालू वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में उत्पादों की बिक्री से नेस्ले इंडिया का राजस्व 25.4 फीसदी बढ़कर 6,363.27 करोड़ रुपये पर पहुचं गया, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 5073.96 करोड़ रुपये था। नेस्ले इंडिया के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) मनीष तिवारी ने कहा, हमने मात्रा वृद्धि के दम पर बिक्री में 25.4 फीसदी वृद्धि के साथ मजबूत तिमाही प्रदर्शन किया।

## सैमसंग ने लॉन्च की फोल्डेबल की 8वीं पीढ़ी, पेश किया गैलेक्सी Z फोल्ड8 अल्ट्रा, फोल्ड8 और फ्लिप8

**रांची :** सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स ने अपनी आठवीं पीढ़ी की फोल्डेबल स्मार्टफोन सीरीज लॉन्च करते हुए गैलेक्सी Z फोल्ड8 अल्ट्रा, गैलेक्सी फोल्ड8 और गैलेक्सी फ्लिप8 पेश किए। कंपनी का दावा है कि नई गैलेक्सी Z सीरीज एआई, प्रोडक्टिविटी, डिस्कवरी और पर्सनल एक्सप्रेशन को नए स्तर पर ले जाती है। इसमें बड़ी स्क्रीन, फ्लेक्सिबल डिजाइन और गैलेक्सी एआई के उन्नत फीचर्स दिए गए हैं, जो कम स्टेप्स में अधिक काम करने में मदद करते हैं। गैलेक्सी Z फोल्ड8 को कंटेंट देखने और मल्टीटास्किंग के लिए डिजाइन




किया गया है। इसमें 201 ग्राम वजन, स्नैपड्रैगन 8 एलीट जेन 5 फॉर गैलेक्सी प्रोसेसर, 4800mAh बैटरी, नया फ्लेक्स टाइटेनियम डिजाइन और 3000 निट्स तक की ब्राइटनेस वाला डिस्प्ले दिया गया है। कैमरा सेक्शन में 50टढ के डुअल कैमरे, डुअल रिकॉर्डिंग और माय फैनकैम जैसे फीचर्स शामिल हैं। गैलेक्सी Z फोल्ड8 अल्ट्रा कंपनी का सबसे प्रीमियम फोल्डेबल है। इसमें 8 इंच का मुख्य डिस्प्ले, 200MP प्राइमरी कैमरा, 50MP अल्ट्रा-वाइड कैमरा, 8K वीडियो रिकॉर्डिंग, 5000mAh बैटरी और 45ह फास्ट चार्जिंग दी गई है। यह डिवाइस भारी मल्टीटास्किंग और एआई आधारित कार्यों के लिए तैयार किया गया है।

वहीं, गैलेक्सी Z फ्लिप8 को कॉम्पैक्ट और एआई-फर्स्ट अनुभव के साथ पेश किया गया है। इसमें नया एआई-सक्षम FlexWindow, 50MP कैमरा, फ्लेक्स मोड, कैमकॉर्डर ग्रिप, सुपर स्टेडी और फ्लिपशॉट जैसे फीचर्स दिए गए हैं, जिससे कंटेंट क्रिएशन और भी आसान हो जाता है। नई गैलेक्सी सीरीज में गैलेक्सी एआई के तहत नाउ ब्रीफ, नाउ नज, जेमिनी इंटेलिजेंस और जेमिनी नोटबुक जैसे फीचर्स शामिल किए गए हैं। साथ ही, सैमसंग नॉक्स, नॉक्स वॉल्ट और वन यूआई 9 के नए एआई ट्रांसपेरेंसी फीचर्स के जरिए यूजर्स को डेटा सुरक्षा और प्राइवेसी पर बेहतर नियंत्रण भी मिलेगा।

## ज्यादा स्टाइल, ज्यादा विशिष्टता: स्कोडा ऑटो इंडिया ने स्लाविया मोंटे कार्लो के कलर पैलेट का किया विस्तार

**रांची/जमशेदपुर :** स्कोडा ऑटो इंडिया ने अपनी स्लाविया रेंज का विस्तार करते हुए, स्लाविया मोंटे कार्लो के लिए दो नए विशेष रंग विकल्प- शिमला ग्रीन और स्टील ग्रे पेश किए हैं। ये दोनों रंग आकर्षक ड्यूल-टोन फिनिश में उपलब्ध हैं। केवल 200 यूनिट तक सीमित, स्लाविया मोंटे कार्लो के ये विशेष रंग संस्करण सेडान के गतिशील डिजाइन, रोमांचक ड्राइविंग अनुभव और ब्रांड की रैली मोंटे कार्लो विरासत का शानदार संयोजन प्रस्तुत करते हैं। यह नया विस्तार कार को देखने में और भी प्रभावशाली बनाता है तथा उन ग्राहकों को ध्यान में रखकर




पेश किया गया है, जो अधिक विशिष्ट और प्रीमियम स्वामित्व अनुभव की तलाश में हैं। इस लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रांड डायरेक्टर आशीष गुप्ता ने कहा, स्लाविया मोंटे कार्लो को उसके विशिष्ट डिजाइन, प्रीमियम आकर्षण, रोमांचक ड्राइविंग डायनेमिक्स और हमारी मोटरस्पोर्ट विरासत से मजबूत जुड़ाव के लिए ग्राहकों से शानदार प्रतिक्रिया मिली है। हम मोंटे कार्लो रेंज की विशिष्ट पहचान और आकर्षण को और अधिक सशक्त बना रहे हैं, जिससे ग्राहकों को अधिक विकल्प और विशिष्टता मिल सके। स्लाविया मोंटे कार्लो लगातार स्टाइल, प्रदर्शन और आधुनिकता का बेहतरीन संगम प्रस्तुत करती है। हम अपने ग्राहकों की बदलती आकांक्षाओं के अनुरूप अपने सेडान पोर्टफोलियो को और मजबूत बनाना जारी रखेंगे।

## अबतक 03 करोड़ से ज्यादा करदाताओं ने दाखिल किया रिटर्न

**नयी दिल्ली :** आकलन वर्ष 2026-27 के लिए अब तक तीन करोड़ से ज्यादा आयकर रिटर्न (आईटीआर) फाइल किए जा चुके हैं, जिनमें से अकेले 21 जुलाई को 15 लाख से ज्यादा रिटर्न दाखिल किए गए हैं। आयकर विभाग ने बुधवार को बताया कि आकलन वर्ष 2026-27 के लिए पहले ही 3 करोड़ से ज्यादा आईटीआर फाइल किए जा चुके हैं, जबकि अकेले मंगलवार, 21 जुलाई को ही 15 लाख से ज्यादा आईटीआर फाइल किए गए हैं। डेडलाइन के समय होने वाली भीड़-भाड़ का इंतजार न करें। आकलन वर्ष 2026-27 के लिए अपना आईटीआर-1 और आईटीआर-2, 31 जुलाई 2026 से पहले http://incometax.gov.in पर फाइल करें। उल्लेखनीय है कि 31 जुलाई की डेडलाइन उन लोगों के लिए है, जिन्हें आईटीआर-1 और आईटीआर-2 फाइल करना है। आमतौर पर अगर आपकी सालाना आय इनकम टैक्स छूट की सीमा से ज्यादा है, तो आईटीआर फाइल करना जरूरी है।

# ब्रेंट क्रूड 95.38 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर पहुंचा

**नयी दिल्ली :** पश्चिम एशिया में लगातार बढ़ रहे तनाव और खाड़ी देशों से कच्चे तेल की सप्लाई बाधित होने की वजह से अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत लगातार बढ़ती जा रही है। अमेरिका और ईरान के बीच जंग और तेज होने की आशंका के बीच ब्रेंट क्रूड आज दो महीने के ऊपरी स्तर पर पहुंच गया। आज ब्रेंट क्रूड ने तेजी दिखाते हुए 95 डॉलर प्रति बैरल के स्तर को पार कर लिया। इसी तरह वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड भी आज 88 डॉलर प्रति बैरल के स्तर को पार कर गया। अंतरराष्ट्रीय बाजार में ब्रेंट क्रूड ने आज 0.45 डॉलर प्रति बैरल की मामूली उछाल के साथ 91.46 डॉलर प्रति बैरल के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। ट्रेडिंग शुरू होने के बाद इसकी कीमत उछल कर 95.38 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर पहुंच गई। अंतरराष्ट्रीय बाजार में पिछले दो महीने के दौरान ब्रेंट क्रूड का ये सबसे ऊंचा



स्तर है। हालांकि दिन के कारोबार में इसकी कीमत में मामूली गिरावट भी आई। भारतीय समय के मुताबिक शाम 5:30 बजे अंतरराष्ट्रीय बाजार में ब्रेंट क्रूड 3.61 डॉलर प्रति बैरल यानी 3.97 प्रतिशत की तेजी के साथ 94.62 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड ने आज सिर्फ 0.15 डॉलर प्रति बैरल की सामान्य बढ़त के साथ 84.59 डॉलर प्रति बैरल के स्तर से आज के कारोबार की शुरूआत की। थोड़ी देर बाद ही डब्ल्यूटीआई क्रूड उछल कर 88.61 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर पहुंच गया। हालांकि बाद में इसकी कीमत में भी मामूली गिरावट दर्ज की गई। भारतीय समय के मुताबिक शाम 5:30 बजे अंतरराष्ट्रीय बाजार में डब्ल्यूटीआई क्रूड 3.14 डॉलर प्रति बैरल यानी 3.72 प्रतिशत की तेजी के साथ 87.48 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर कारोबार कर रहा था। अमेरिका और ईरान के बीच सीजफायर खत्म होने और पश्चिम एशिया में युद्ध तेज हो जाने की वजह से कच्चे तेल की कीमत में लगातार तेजी का रुख बना हुआ है। पिछले सप्ताह अंतरराष्ट्रीय बाजार में ब्रेंट क्रूड 87 डॉलर प्रति बैरल के स्तर को पार कर एक महीने के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गया था। इसी तरह डब्ल्यूटीआई क्रूड भी 81 डॉलर प्रति बैरल के स्तर के ऊपर चला गया था। इसके बाद तीन दिन तक सुस्ती का माहौल बना रहा, लेकिन पिछले चार ट्रेडिंग सेशन से कच्चे तेल की कीमत में एक बार फिर तेजी का रुख बन गया है, जिसकी वजह से आज इसने पिछले दो महीने के सबसे ऊंचे स्तर को पार कर लिया है। जानकारों का कहना है कि पश्चिम एशिया में बढ़ रहे तनाव की वजह से एक बार फिर कच्चे तेल की सप्लाई पर संकट बढ़ाने की आशंका बन गई है। टीएनवी फाइनेंशियल सर्विसेज के सीईओ तारकेश्वर नाथ वैष्णव का कहना है कि अमेरिका और ईरान के बीच जंग लगातार तेज हो रही है। दोनों पक्षों की ओर से लगातार हमले हो रहे हैं। इस बीच ईरान की ओर हूती विद्रोहियों ने भी मोर्चा संभालने का ऐलान कर दिया है। हूती विद्रोहियों ने धमकी दी है कि अगर अमेरिका की ओर हो रहे हमले नहीं रुके तो वे रेड सी और बाब अल मंडेब जलडमरूमध्य के रास्ते जहाजों की होने वाली आवाजाही को ठप कर देंगे। हूती विद्रोहियों ने सऊदी अरब पर मैरीटाइम बैन भी लगा दिया है और शिप ओनर्स को सऊदी के बंदरगाहों पर नहीं आने की धमकी भी दी है।

## पेज एक के शेष

**झारखंड में जल्द शुरू होगा पूर्वी भारत का पहला सरकारी एयरक्राफ्ट मेंटेनेंस इंजीनियरिंग संस्थान...**

एयर होस्टेस प्रशिक्षण पाठ्यक्रम झारखंड के लिए मील का पत्थर साबित होंगे तथा देश में विमानन क्षेत्र के लिए कुशल मानव संसाधन तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगे।

**झारखंड प्रतिभा का धनी राज्य : हेमन्त...**

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखण्ड फिल्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड और सत्यजीत रे फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट, कोलकाता के बीच एमओयू हस्ताक्षर होना एक नयी यात्रा की शुरूआत है। एक ऐसी यात्रा, जो झारखण्ड के प्रतिभावान फिल्मकारों और कलाकारों को नयी तकनीक, विश्वस्तरीय सुविधाएं और एक नया राष्ट्रीय मंच प्रदान करेगी। यह एक अविस्मरणीय और ऐतिहासिक क्षण है।

**झारखंड में फिल्म निर्माण की अपार सम्भावनाएं, प्रतिभाओं को मिलेगी उड़ान**

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि? झारखंड में कई ऐसी प्रतिभाएं हैं, जो आज भी अनछुई हैं। अभी हाल में ही एक संथाली मूवी 'आंगेन' को एक बहुत बड़ा अवार्ड मिला और वह फिल्मकार भी आज यहां मौजूद हैं। भविष्य में सिनेमा के क्षेत्र में ऐसे अवार्ड और भी आ सकते हैं; बशर्ते इन्हें थोड़ा तराशने की आवश्यकता होगी। तराशने का यही कार्य अब झारखंड फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट के माध्यम से किया जायेगा। उन्होंने कहा कि सत्यजीत रे फिल्म इंस्टीट्यूट को शायद ही कोई ऐसा हो, जो न जानता हो। यह फिल्म जगत की सबसे अग्रणी संस्थाओं में से एक है, जिसने दुनिया को सिनेमा से रूबरू कराया। हमारे राज्य में भी कई फिल्में बनीं, जिनमें सत्यजीत रे साहब ने भी काम किया। ?आज के कार्यक्रम के सिलसिले में जब मैं गूगल पर सर्च कर रहा था, तो पता चला कि कई प्रसिद्ध फिल्में हमारे राज्य में बनी हैं; जैसे...दिल बेचारा, एम.एस. धोनी : द अनटोल्ड स्टोरी और गैंग्स ऑफ वासेपुर, इसके अलावा, देश के दिग्गज बॉलीवुड अभिनेता अमिताभ बच्चन जी की फिल्म भी धनबाद में बनी थी। राज्य में फिल्म निर्माण की अपार सम्भावनाएं मौजूद हैं। प्रकाश झा जैसे फिल्म डायरेक्टर की शिक्षा-दीक्षा भी झारखंड से ही हुई है, जो आज किसी परिचय के मोहताज नहीं हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस JFTI प्लेटफार्म के माध्यम से हमारे नौजवानों के लिए एक नया आयाम शुरू होने जा रहा है। एक समय था जब डॉक्टर या इंजीनियर बनाना ही हर किसी का सपना होता था, लेकिन आज विविधता इतनी अधिक है कि आप किसी भी क्षेत्र में अपने हुनर को आकार देकर अपनी पहचान बना सकते हैं। आज उसी का एक छोटा-सा प्रयास हमारी सरकार ने किया है। मुझे उम्मीद है कि आनेवाले समय में इस प्लेटफार्म का एक बेहतर उपयोग हमारे नौजवानों के लिए होगा।

**राज्य सरकार की पहल का सकारात्मक परिणाम मिले, यही उद्देश्य**

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने SRFTI, कोलकाता का जिक्र करते हुए कहा कि एक अनुभवी संस्था, जिसकी पहचान सिर्फ देश में ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया में है, उसकी उपयोगिता और दायरा इतना बड़ा है कि आप अपने हुनर से अपने आसपास की चीजों में बदलाव लाने की क्षमता रखते हैं। ?उन्होंने कहा कि आज यह एक शुरूआत है और हम चाहेंगे कि आनेवाले दिनों में इसका सकारात्मक परिणाम भी हम सब देखें। जिस प्रकार खेल के जगत में हमारे राज्य के नौजवान और छात्र-छात्राएं बड़े पैमाने पर देश-दुनिया में नाम कमा रहे हैं, उसी प्रकार कला के क्षेत्र में भी सम्भावनाएं हैं। मुख्यमंत्री ने झारखंड के परिप्रेक्ष्य में कहा कि आज डॉ. रामदयाल मुंडा जी की वह पंक्ति याद आती है, 'जे नाची से बाची'। इसका मतलब है कि इस राज्य के आम लोगों के अंदर कोई न कोई कलाकार छुपा हुआ है। कई कारणों से शायद वह छुपा कलाकार बाहर नहीं आ पाता। आज इस संस्था और सत्यजीत रे फिल्म इंस्टीट्यूट के सहयोग से उन कलाकारों को ढूंढा जायेगा, बाहर निकाला जायेगा और तराशा जायेगा। उन्होंने कहा कि आज के इस शुभ अवसर पर आप सब लोगों को मेरी ओर से बहुत-बहुत शुभकामनाएं और सभी कलाकारों को बेहतर भविष्य के लिए ढेर सारी बधाई।

मौके पर राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर एवं सत्यजीत रे फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट (SRFTI), कोलकाता के कुलपति समीरन दत्ता ने अपने सम्बोधन में झारखण्ड फिल्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड और सत्यजीत रे फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट, कोलकाता के बीच हुए एमओयू हस्ताक्षर के उद्देश्य पर विस्तृत प्रकाश डाला।

**मुख्यमंत्री ने इन्हें किया सम्मानित**

सम्मानित होनेवाले फिल्मकारों में तीन बार राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार प्राप्त बीजू टोप्पो, झारखंड के पूर्वी सिंहभूम जिले के संथाल समुदाय से आनेवाले रविराज मुर्मू, जिन्हें उनकी शॉर्ट फिल्म 'आंगेन' के लिए राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार की घोषणा की गयी है, अनुज कुमार जिनकी बहुचर्चित फिल्म 'बिलोंगिंग टू अनटचेबल गॉड एवं दी टर्टल स्टोरी' के लिए इन्हें 'कैनेडियन लेबर इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल अवॉर्ड' से सम्मानित किया जा चुका है, इनके साथ कुडुख फिल्म 'एडपा काना' के लिए राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार से नवाजे गये निरंजन कुजूर को उत्कृष्ट, ईमानदार और शानदार कला-यात्रा के लिए सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, मुख्य सचिव अविनाश कुमार, विशेष सचिव सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग राजीव लोचन बक्शी, कुलपति, सत्यजीत रे फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट, कोलकाता समीरन दत्ता, डीन SRFTI सुकांते मजूमदार, सरला बिरला विश्वविद्यालय के डायरेक्टर जनरल प्रोफेसर (डॉ.) गोपाल पाठक, सरला बिरला विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. सी. जगन्नाथ, विनोबा भावे विश्वविद्यालय के प्रो. सी. बी. शर्मा, सत्यजीत रे फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट, कोलकाता के प्रो. इंद्रनील मुखर्जी, एन. बनर्जी सहित विभिन्न विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधिगण एवं विद्यार्थीगण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

**झारखंड डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर की होगी मैपिंग : मुख्यमंत्री...**

समुचित उपयोग से न केवल प्रशासनिक कार्यप्रणाली अधिक सुदृढ़ और जवाबदेह बनेगी, बल्कि सेवा वितरण प्रणाली में भी गति आयेगी। डिजिटल माध्यमों के सशक्त उपयोग से शासन में पारदर्शिता बढ़ेगी, योजनाओं के क्रियान्वयन में सुधार होगा और राज्य को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने की दिशा में ठोस एवं स्थायी प्रगति सुनिश्चित की जा सकेगी।ह्व

**डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर सुदृढ़ीकरण एवं 5ॠविस्तार पर जोर**

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने ?झारखंड डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर कॉरपोरेशन लिमिटेड? के कार्यों की समीक्षा करते हुए राज्य के डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर की व्यापक मैपिंग कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि राज्य के सभी क्षेत्रों में डिजिटल संसाधनों की वास्तविक स्थिति का आकलन कर योजनाबद्ध तरीके से विकास कार्य सुनिश्चित किया जाये। मुख्यमंत्री ने आगामी तीन वर्षों में राज्य के सभी पंचायतों को 5ॠ नेटवर्क से जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित करने को कहा, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों तक भी उच्च गुणवत्ता वाली डिजिटल कनेक्टिविटी उपलब्ध हो सके। उक्त बैठक में भारतनेट फेज-3, कनेक्टिंग झारखंड तथा स्टेट वाइड नेटवर्क (खँ१ठी३ 2.0) जैसी महत्वपूर्ण परियोजनाओं की भी विस्तृत समीक्षा की गयी। मुख्यमंत्री ने इन परियोजनाओं को राज्य के डिजिटल विकास की आधारशिला बताते हुए कहा कि एक मजबूत, सुरक्षित और एकीकृत डिजिटल नेटवर्क राज्य सरकार की कार्यप्रणाली को नई दिशा सिद्ध होगा। इसके माध्यम से डेटा, वॉयस एवं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सेवाएं और अधिक सुदृढ़ होंगी, जिससे प्रशासनिक कार्यों में गति, पारदर्शिता और दक्षता सुनिश्चित की जा सकेगी।

**डेटा केन्द्रीकरण, साइबर सुरक्षा और डिजिटल सक्सेशन चार्ट को नियमित अपडेट करने के निर्देश**

जैप-आईटी (खअढ-क्ळ) की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने संस्थान में रिक्त पदों को भरने के निर्देश दिये, ताकि विभागीय कार्यों की गति और दक्षता में वृद्धि हो सके। इसके साथ ही पुलिस स्टेशनों में सीसीटीवी नेटवर्क, छ्रि तथा सैटेलाइट आधारित परियोजनाओं की प्रगति की भी विस्तृत समीक्षा की गयी और इन परियोजनाओं को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने पर बल दिया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि डिजिटल तकनीक सुशासन का एक सशक्त और प्रभावी माध्यम है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी विभाग अपनी सेवाओं को चरणबद्ध तरीके से ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से जोड़ें, ताकि आम नागरिकों को सरकारी योजनाओं की जानकारी और लाभ सरल, पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से प्राप्त हो सके। उन्होंने यह भी कहा कि तकनीक का उद्देश्य प्रशासन को अधिक जवाबदेह, पारदर्शी और नागरिक-केन्द्रित बनाना है। मुख्यमंत्री ने सभी विभागों में फोटोयुक्त डिजिटल सक्सेशन चार्ट तैयार कर उसे नियमित रूप से अपडेट रखने के निर्देश दिये, जिससे अधिकारियों की पहचान और प्रशासनिक स्पष्टता बनी रहे। उन्होंने राज्य के सभी विभागों के डेटा को एक समान प्रारूप में केन्द्रीकृत करने तथा अत्याधुनिक साइबर सुरक्षा तंत्र विकसित करने पर जोर देते हुए नियमित सुरक्षा ऑडिट सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

**इंटरनेट शैडो क्षेत्रों की पहचान कर राज्यभर में डिजिटल कनेक्टिविटी विस्तार पर जोर**

राज्य में डिजिटल कनेक्टिविटी को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने इंटरनेट शैडो क्षेत्रों (जहां नेटवर्क उपलब्ध नहीं है या अत्यन्त कमजोर है) की पहचान कर चरणबद्ध तरीके से नेटवर्क विस्तार करने के निर्देश दिये। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट रूप से कहा कि राज्य का कोई भी गांव, कस्बा या शहर डिजिटल सेवाओं से वंचित नहीं रहना चाहिए। इसके लिए प्रत्येक क्षेत्र तक 5ॠ इंटरनेट कनेक्टिविटी पहुंचाने हेतु ठोस एवं समयबद्ध कार्ययोजना तैयार करने को कहा, ताकि शिक्षा, स्वास्थ्य, प्रशासनिक सेवाओं एवं डिजिटल शासन को नयी गति मिल सके। बैठक के दौरान अधिकारियों ने मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की प्रगति से भी अवगत कराया। उन्होंने बताया कि योजना के पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों की संख्या, उनकी जांच प्रक्रिया तथा अब तक पात्र लाभुकों को किये जा रहे आधार-आधारित भुगतान की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गयी। इस सम्बन्ध में अधिकारियों द्वारा योजना के प्रभावी क्रियान्वयन, पारदर्शिता एवं समयबद्ध भुगतान सुनिश्चित करने हेतु अपनायी जा रहीं व्यवस्थाओं की रूपरेखा भी मुख्यमंत्री के समक्ष रखी गयी।

**न्यायिक सुविधाओं के आधुनिकीकरण एवं आईटी इकोसिस्टम के विकास पर हो कार्य**

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने सभी जिला न्यायालयों में उच्च गुणवत्ता वाले साउंड सिस्टम स्थापित करने के सुझाव दिये, ताकि न्यायाधीशों, अधिवक्ताओं एवं वादकारियों के बीच संवाद अधिक स्पष्ट, सुगम और प्रभावी हो सके तथा न्यायिक कार्यों में दक्षता सुनिश्चित की जा सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य का विकास केवल आईटी पार्क निर्माण तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि एक समग्र एवं सुदृढ़ आईटी इकोसिस्टम विकसित किया जाना आवश्यक है। इसके अंतर्गत आईटी उद्योगों को प्रोत्साहन, स्टार्टअप संस्कृति को बढ़ावा, नवाचार एवं अनुसंधान को समर्थन, कौशल विकास को सुदृढ़ करना तथा व्यापक स्तर पर रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर सृजित करना शामिल है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि राज्य में निवेश आकर्षित करने हेतु प्रभावी एवं व्यावहारिक कार्ययोजना तैयार की जाये, जिससे युवाओं के लिए आईटी क्षेत्र में नये अवसर उपलब्ध हो सकें। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने विभाग की सभी परियोजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने तथा लम्बित कार्यों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिये, ताकि योजनाओं का लाभ समय पर आम जनता तक पहुंच सके।

उक्त बैठक में मुख्य सचिव अविनाश कुमार, विकास आयुक्त अजय कुमार सिंह, विभागीय सचिव पूजा सिंघल, विशेष सचिव सुनील कुमार सिंह, निदेशक आई.टी सुश्री माधवी मिश्रा, सी.ई.ओ जैप-आईटी चंदन कुमार तथा सम्बन्धित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

**मुख्य परीक्षा के साथ सभी प्रस्तावित परीक्षाएं स्थगित...**

को राज्यभर के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर दो पालियों में आयोजित की गयी थी। इसके बाद आयोग ने 02 जुलाई 2026 को परिणाम जारी किया, जिसमें 2,204 अभ्यर्थियों को मुख्य परीक्षा के लिए सफल घोषित किया गया। परिणाम जारी होने के बाद बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों ने कटऑफ सार्वजनिक नहीं करने, ओएमआर शीट में कथित गड़बड़ी और चयन प्रक्रिया में पारदर्शिता नहीं होने के आरोप लगाये। इसके बाद छात्र संगठनों ने लगातार आन्दोलन शुरू कर दिया और परिणाम की निष्पक्ष जांच तथा पुनरीक्षण की मांग उठायी। इसी बीच 22 जुलाई 2026 को आयोग ने बताया कि 25 जुलाई से 27 जुलाई 2026 तक प्रस्तावित झारखंड संयुक्त असैनिक सेवा मुख्य (लिखित) प्रतियोगिता परीक्षा-2025 को अपरिहार्य कारणों से अगले आदेश तक स्थगित किया जाता है। इसके साथ ही आयोग ने यह भी स्पष्ट किया कि 09 जुलाई 2026 को जारी एॅल्ल३ङ्मल्ल उङ्मल्ल१-2026 में प्रस्तावित शेष सभी परीक्षाओं के कार्यक्रम भी अगले आदेश तक स्थगित रहेंगे; यानी फिलहाल जेपीएससी की सभी आगामी निर्धारित परीक्षाओं पर रोक लगा दी गयी है और नयी तिथियों की घोषणा बाद में की जायेगी। फिलहाल जेपीएससी विवाद झारखंड की सबसे बड़ी प्रशासनिक और राजनीतिक बहस बन चुका है। हजारों अभ्यर्थियों की निगाहें अब सरकार, आयोग और जांच एजेंसियों की अगली कार्रवाई पर टिकी हैं। नयी परीक्षा तिथियों, जांच के निष्कर्ष और आयोग के अगले फैसले से ही यह तय होगा कि आगे परीक्षा प्रक्रिया किस दिशा में बढ़ेगी। विवाद के बीच जेपीएससी अध्यक्ष एल. ख्यांगते ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। हालांकि, उनके इस्तीफे के कारणों को लेकर आयोग की ओर से कोई आधिकारिक जानकारी साझा नहीं की गयी है, लेकिन इसे पूरे घटनाक्रम के बीच एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम माना जा रहा है।

## एक झलक

### बलूचिस्तान में पाकिस्तानी एयरस्ट्राइक

**मदरसे और कुरान शरीफ को क्षति**

**क्वेटा** : पाकिस्तान ने फिर अपने ही देश के भीतर हवाई हमले किए हैं, इस बार बलूचिस्तान के मस्तुंग जिले को टारगेट किया है। खेदकोचा इलाके में पाकिस्तानी वायुसेना द्वारा कई धार्मिक मदरसों पर किए गए हमलों में मदरसे में रखे पवित्र कुरान शरीफ और अन्य धार्मिक ग्रंथों को भारी नुकसान पहुंचा है। इस घटना ने लोकल समुदायों में गहरा आक्रोश पैदा किया है, जिसके परिणामस्वरूप पूरे मस्तुंग में आम हड़ताल की घोषणा की गई है, जिससे जनजीवन पूरी तरह ठप हो गया। रिपोर्ट के अनुसार, इन हवाई हमलों में पवित्र कुरान की प्रतियां जली और फट गईं, जिससे धार्मिक भावनाओं को गंभीर ठेस पहुंची है। हमलों के विरोध में, मस्तुंग के निवासियों ने अपनी धार्मिक मान्यताओं की रक्षा और विरोध जताने के लिए सभी दुकानें, वाणिज्यिक केंद्र और बाजार बंद कर दिए हैं।

### अमेरिका-बांग्लादेश ने शुरू किया संयुक्त सैन्य अभ्यास

**ढाका** : बांग्लादेश और अमेरिका ने पूर्वोत्तर बांग्लादेश के सिलहट सैन्य क्षेत्र में 13 दिवसीय संयुक्त सैन्य अभ्यास एक्सरसाइज टाइगर लाइटनिंग-2026 की शुरूआत विगत दिवस हुई है। भारत के पूर्वोत्तर राज्यों की सीमा के निकट आयोजित इस अभ्यास को क्षेत्रीय सुरक्षा और सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। यह अभ्यास 31 जुलाई तक चलेगा। बांग्लादेश सशस्त्र बलों के जनसंपर्क विभाग (आईएसपीआर) के अनुसार, युद्धाभ्यास का आयोजन बांग्लादेश सेना की पैरा कमांडो ब्रिगेड की अगुवाई में किया जा रहा है।

## क्वाड देशों ने विदेश मंत्रियों की मनीला में की बैठक

# आसियान के साथ सहयोग मजबूत करने पर सहमति

### मुक्त और खुले हिन्द-प्रशान्त क्षेत्र पर भी जोर



एजेंसी

**नयी दिल्ली** : भारत, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान के विदेश मंत्रियों की मनीला में हुई क्वाड बैठक में आसियान की केंद्रीय भूमिका को मजबूत करने, मुक्त और खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र के समर्थन तथा समुद्री सुरक्षा, आर्थिक समृद्धि, उभरती प्रौद्योगिकियों और मानवीय सहायता जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर सहमति बनी। बैठक में चारों देशों ने क्षेत्रीय शांति और स्थिरता को हिंद-प्रशांत की सुरक्षा एवं समृद्धि की आधारशिला बताते हुए आसियान के साथ साझेदारी को और मजबूत करने पर भी जोर दिया गया।

विदेश मंत्रालय ने बताया कि भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर, ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वोंग, जापान के विदेश मंत्री तोशिमित्सु मोतेगी और अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो संयुक्त बयान में कहा कि चारों देश आसियान की एकता और केंद्रीय भूमिका के प्रति अपना अटूट समर्थन जारी रखेंगे। क्वाड और आसियान के बीच सहयोग क्षेत्र की स्थिरता, विकास और समृद्धि के लिए महत्वपूर्ण है।

विदेश मंत्रियों ने आसियान सदस्य देशों के साथ अपने संबंधों को और मजबूत बनाने पर कहा कि वे क्षेत्र की सफलता और विकास में गहराई से निवेशित हैं। बैठक में क्षेत्रीय चुनौतियों और अवसरों पर विस्तार से चर्चा की गई तथा आसियान के हिंद-प्रशांत दृष्टिकोण के व्यावहारिक क्रियान्वयन को आगे बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की गई।

संयुक्त वक्तव्य में कहा गया कि समुद्री और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा, आर्थिक समृद्धि एवं सुरक्षा, महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकियां, मानवीय सहायता तथा आपदा राहत ऐसे क्षेत्र हैं, जिनमें क्वाड और आसियान के बीच सहयोग को और बढ़ाया जाएगा। विदेश मंत्रियों ने इस बात पर जोर दिया कि इन क्षेत्रों में व्यावहारिक सहयोग से पूरे हिंद-प्रशांत क्षेत्र को लाभ होगा।

बैठक में समुद्री क्षेत्र की सुरक्षा को विशेष महत्व दिया गया। चारों देशों

### चीन के विदेश मंत्री से मुलाकात में जयशंकर ने उठाया व्यापार संतुलन का मुद्दा

**विदेश** मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने बुधवार को चीन, रूस, अमेरिका सहित विभिन्न देशों के विदेश मंत्रियों से मुलाकात की। चीन के विदेश मंत्री वांग यी के साथ बैठक के दौरान उन्होंने निष्पक्ष बाजार पहुंच, व्यापार संतुलन और आपूर्ति श्रृंखला से जुड़े मुद्दे उठाए। प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता के दौरान अपने शुरूआती वक्तव्य में जयशंकर ने कहा कि आधिकारिक स्तर पर तथा लोगों के बीच संपर्क को सुगम बनाना अत्यंत महत्वपूर्ण है। साथ ही, दोनों देशों की साझा प्राथमिकताओं के अनुरूप विभिन्न तंत्रों और मंचों की बैठकों पर भी सहमति बननी चाहिए। मनीला में आयोजित आसियान संबंधी बैठकों के इतर विदेश मंत्री ने रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के साथ द्विपक्षीय संबंधों की व्यापक समीक्षा की। उन्होंने एक्स पर बताया कि बैठक के दौरान क्षेत्र में भारतीय नाविकों की सुरक्षा को लेकर भारत की गंभीर चिंता दोहराई गई। दोनों नेताओं ने व्यापार एवं निवेश, ऊर्जा, संपर्क, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा लोगों की आवाजाही से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। यूक्रेन संघर्ष और खाड़ी क्षेत्र की स्थिति पर भी विचारों का आदान-प्रदान हुआ। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो से भी मुलाकात की। दोनों नेताओं ने भारत-अमेरिका व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी के प्रमुख क्षेत्रों पर चर्चा की। बातचीत में व्यापार एवं टैरिफ, ऊर्जा, रक्षा एवं सुरक्षा, महत्वपूर्ण खनिज, कृत्रिम बुद्धिमत्ता तथा क्षेत्रीय, वैश्विक और बहुपक्षीय मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान हुआ।

## झज्जर जिले को जलभराव मुक्त और स्वच्छ बनाना जिला प्रशासन की प्राथमिकता : डीसी

श्रीओम शर्मा

**बहादुरगढ़/झज्जर** : बरसात के मौसम में शहरी क्षेत्र को जलभराव की समस्या से मुक्त रखने तथा साफ सफाई व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से डीसी वर्षा खांगवाल ने बुधवार को अधिकारियों के साथ झज्जर शहर के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया। डीसी ने सम्बंधित अधिकारियों के साथ अंबेडकर चौक, बेरी गेट, सीताराम गेट, छारा चुंगी, माता गेट सहित शहर के अनेक जल भराव वाले क्षेत्रों का दौरा कर जलनिकासी व्यवस्था, नालों की सफाई, सीवरेज प्रणाली तथा स्वच्छता कार्यों का जायजा लिया।



डीसी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि बरसाती मौसम को देखते हुए सभी नालों, ड्रेन और सीवरेज लाइन की नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए। जहां भी जलनिकासी बाधित होने की संभावना हो, वहां तत्काल आवश्यक कार्रवाई कर समस्या का समाधान किया जाए। उन्होंने कहा कि यदि किसी क्षेत्र में लापरवाही के कारण जलभराव की स्थिति उत्पन्न होती है तो संबंधित विभाग की जवाबदेही तय की जाएगी। उन्होंने कहा कि बरसात के दौरान सम्बन्धित विभाग के अधिकारी व कर्मचारी फील्ड में अलर्ट मोड़ में रहें और जहां कहीं भी जल भराव की स्थिति बनती है वहां पर्याप्त संसाधनों से जल निकासी तुरन्त प्रभाव से सुनिश्चित करें।

डीसी वर्षा खांगवाल ने निरीक्षण के दौरान शहरवासियों से भी बातचीत की और कहा कि ऐतिहासिक नगरी झज्जर को स्वच्छता के क्षेत्र में अग्रणी शहरों में शामिल करना प्रशासन की प्राथमिकता है। इसके लिए केवल प्रशासनिक प्रयास ही नहीं, बल्कि आमजन का सहयोग भी उतना ही आवश्यक है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि बरसात के मौसम में नालों, सीवर लाइन अथवा सार्वजनिक स्थानों पर प्लास्टिक, पॉलीथिन और अन्य प्रकार का कचरा न डालें, क्योंकि इससे जलनिकासी व्यवस्था प्रभावित होती है और जलभराव की समस्या उत्पन्न होती है। डीसी ने कहा कि नगर परिषद, जन स्वास्थ्य एवं संबंधित विभाग केवल अस्थायी व्यवस्था तक सीमित न रहें, बल्कि जलनिकासी की समस्याओं के स्थायी समाधान पर भी कार्य करें।

### दिल्ली मेट्रो के 16 स्टेशन अगले आदेश तक बंद

**नयी दिल्ली** : दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने राजधानी के 16 मेट्रो स्टेशनों को अगले आदेश तक बंद रखने का निर्णय लिया है। इन स्टेशनों पर यात्रियों की एंट्री और एग्जिट पूरी तरह बंद रहेगी।

डीएमआरसी ने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर जानकारी दी कि राजधानी के 16 मेट्रो स्टेशनों को अगले आदेश तक बंद रखा गया है।राजीव चौक, मंडी हाउस और केंद्रीय सचिवालय मेट्रो स्टेशनों पर केवल इंटरचेंज की सुविधा उपलब्ध रहेगी। इन स्टेशनों पर यात्रियों के प्रवेश और निकास की अनुमति नहीं होगी। डीएमआरसी की जारी सूची के अनुसार अगले आदेश तक बंद किए गए मेट्रो स्टेशनों में लोक कल्याण मार्ग, राजीव चौक, पटेल चौक, रामकृष्ण आश्रम मार्ग, बाराखंभा रोड, सुप्रीम कोर्ट, सेवा तीर्थ, जनपथ, मंडी हाउस, केंद्रीय सचिवालय, आईटीओ, दिल्ली गेट, इंद्रप्रस्थ, खान मार्केट, जोर बाग और शिवाजी स्टेडियम शामिल हैं।

## रणबीर कपूर की बिगड़ी तबीयत

एजेंसी

**मुम्बई** : बॉलीवुड के जाने-माने स्टार रणबीर कपूर अपनी आने वाली फिल्म रामायण को लेकर काफी चर्चा में हैं। जल्द ही उनकी फिल्म का ट्रेलर लॉन्च होने वाला है, लेकिन इस लॉन्च से पहले एक चिंताजनक खबर सामने आई है। खबरों के मुताबिक, रणबीर कपूर इन दिनों आंखों के संक्रमण से जूझ रहे हैं। उन्हें कंजंक्टिवाइटिस नाम का एक इन्फेक्शन हो गया है, जिसकी वजह से एक्टर को लालपन, सूजन, दर्द और पानी जैसी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस दौरान वह इवेंट में काला चश्मा पहने नजर आएंगे, हालांकि सेहत खराब होने के बावजूद भी वह इस इवेंट में जरूर हिस्सा लेंगे। आपको बता दें कि रणबीर कपूर को यह इन्फेक्शन उनकी बेटी राहा से हुआ है। एक जिम्मेदार पिता की तरह रणबीर कपूर अपनी बेटी राहा की देखभाल में पूरी तरह जुटे रहे और इसी दौरान उन्हें भी कंजंक्टिवाइटिस संक्रमण हो गया। यह बीमारी बेहद संक्रामक होती है और संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आने से तेजी से फैलती है। हालांकि, आंखों में संक्रमण होने के बावजूद रणबीर अपने प्रोफेशनल कमिटमेंट से पीछे हटने वाले नहीं हैं।



